इंदौर, भोपाल, उज्जैन, अलीराजपुर से एक साथ प्रकाशित

मूल्य ₹ 3.00

RNI. Reg. MPHIN/2016/68363

# दैनिक विनय उजाला

उज्जैन

सोमवार, 19 मई 2025

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष - 7

वर्ष : 10 | अंक : 119

कुल पृष्ठ : 12

न डरते हैं, न डराते हैं, सच सामने लाते हैं..!




किंग्स पंजाब ने राजस्थान को हराया...11

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नर्मदापुरम मार्ग पर भोज-नर्मदा द्वार का भूमिपूजन किया

# युवा पीढ़ी के उज्जवल भविष्य निर्माण के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि वर्तमान और भावी पीढ़ी को अपने गौरवशाली अतीत से जोड़ना और उन्हें अपनी समृद्ध सांस्कृतिक चेतना को जानने का सजीव अवसर प्रदान करना आवश्यक है। प्रदेश के नगरों के मुख्य प्रवेश मार्गों पर महापुरुषों की स्मृति में बन रहे सांस्कृतिक द्वार इस दिशा में प्रभावी भूमिका निभाएंगे।**

गौरवशाली अतीत से प्रेरणा लेकर युवा पीढ़ी के उज्जवल भविष्य निर्माण के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। राजा भोज सहित अन्य महापुरुषों के गौरवशाली इतिहास को पाठ्यक्रमों में शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री यादव भोपाल में नर्मदापुरम मार्ग पर समरधा में निर्मित होने वाले भोज-नर्मदा द्वार के भूमि-पूजन अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोपाल नगर निगम द्वारा नीमच में स्थापित 10 मेगावाट सौर ऊर्जा संयंत्र का इस कार्यक्रम से वर्चूअल लोकार्पण भी किया। इस अवसर पर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, खेल युवक कल्याण एवं सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर, भोपाल महापौर मालती राय, सांसद आलोक शर्मा, विधायक रामेश्वर शर्मा और भगवान दास सबनानी उपस्थित थे।

## भोपाल नगर निगम ने नीमच में स्थापित किया 10 मेगावाट का सौर ऊर्जा संयंत्र



### इतिहास गौरवान्वित होना चाहिए

सीएम डॉ. यादव ने कहा कि राजा भोज की नगरी में उनसे जुड़ा इतिहास और मां नर्मदा के प्रवाह और उद्गम सहित अन्य इतिहास से जुड़ी घटनाओं और कथाओं को पत्थर शिल्प के जरिए उकेरा जाएगा, ताकि आनेवाली पीढ़ियों को इसकी जानकारी हो सके। पत्थरों के द्वार से भी इतिहास गौरावान्वित होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने ओंकारेश्वर और महाकालेश्वर के बीच का द्वार उज्जैन में बनाया है जो इन ज्योर्तिलिंग से जुड़े शहरों के इतिहास को पत्थर शिल्प के माध्यम से बताता है, इसलिए इसका नाम मृत्युंजय नाम दिया। मुख्यमंत्री ने राजा भोज के पराक्रम और उनके पिता सिंधुराज और बड़े भाई मुंज से जुड़ी कथा सुनाई और मुंज द्वारा राजा भोज को मारने की साजिश और उसके बाद होने वाले पश्चाताप से जुड़ा प्रसंग सुनाया।

## हम आत्मनिर्भर नगर निगम और नगर पालिका के सपने को साकार करने की ओर अग्रसर: मंत्री विजयवर्गीय

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नेतृत्व में हम आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के साथ-साथ आत्मनिर्भर नगर निगम व नगर पालिका के सपने को साकार करने की ओर अग्रसर हो रहे हैं। भोपाल नगर निगम द्वार नीमच में सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करना, आत्मनिर्भता की ओर एक प्रभावी कदम है। भोपाल महापौर मालती राय ने बताया कि 5 करोड़ रुपए की लागत से भोज-नर्मदा द्वार का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि भोपाल नगर निगम द्वारा नीमच में स्थापित किए जा रहे सोलर पैनल से उत्पादित बिजली का उपयोग भोपाल की जल प्रदाय व्यवस्था के संचालन में किया जाएगा। कार्यक्रम को विधायक रामेश्वर शर्मा ने भी संबोधित किया।

### उज्जैन, अयोध्या बनारस मोक्ष देने वाली नगरी

मुख्यमंत्री ने कहा कि मृत्यु के बाद मोक्ष देने वाली नगरी अयोध्या, बनारस और उज्जयनी है। उज्जैन का पांच हजार साल पुराना इतिहास है। पत्थरों पर उज्जैन का इतिहास बताया। मैं प्रयास कर रहा हूं, पूरे भोपाल का इतिहास पत्थरों के माध्यम से इतिहास आना चाहिए। एक-एक द्वार मां नर्मदा का उद्गम, राजा भोज का गौरवशाली पृष्ठ क्या है। पत्थर शिल्प क्या है। उन्होंने कहा कि भारत की सेना ने पाकिस्तान को जो पटखनी दी है, वह काबिले तारीफ है। पहली बार बहन सोफिया और व्योमिका ने संसार के सामने रखा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इसके लिए धन्यवाद। हमारे दुश्मनों की क्या कमर तोड़ी है।

### भारत में कई आतंकी हमलों में रहा शामिल

# लश्कर का टॉप कमांडर सैफुल्लाह पाकिस्तान में ढेर



इस्लामाबाद, एजेंसी

आतंकियों को पालने वाले पाकिस्तान में ही एक के बाद एक आतंकियों की हत्या की जा रही है। अब लश्कर-ए-तैयबा के एक और टॉप कमांडर की पाकिस्तान में अज्ञात हमलावरों ने हत्या कर दी है। लश्कर-ए-तैयबा और जमात नेता रजुल्लाह निजामनी उर्फ अबू सैफुल्लाह को पाकिस्तान के सिंध प्रांत में मतली फालकारा चौक इलाके में मार दिया गया। कहा जा रहा है कि यहां अज्ञात हमलावरों ने दिन दहाड़े लश्कर के कमांडर को गोलियों से छलनी कर दिया।

अधिकारियों ने बताया कि रजाउल्ला को पाकिस्तान सरकार ने सुरक्षा भी मुहैया कराई हुई थी। वह रविवार दोपहर को सिंध के मतली स्थित अपने घर से कहीं जाने के लिए बाहर निकला था। एक क्रॉसिंग के पास अज्ञात बंदूकधारियों ने रजाउल्ला की गोली मारकर हत्या कर दी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, सैफुल्ला को गोली लगने के बाद अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। इन रिपोर्ट में इसे आपसी रंजिश का मामला भी बताया गया है। लश्कर आतंकी अबू अनस का करीबी सैफुल्ला आरएसएस मुख्यालय पर हमले का मास्टरमाइंड था। आरएसएस मुख्यालय पर हमला करने वाले तीनों आतंकवादी मार गिराए गए थे। आरएसएस मुख्यालय पर हमले की साजिश रचने के अलावा सैफुल्ला 2005 में बंगलूरू में भारतीय विज्ञान संस्थान पर हुए आतंकी हमले में भी शामिल था। इस हमले में आईआईटी के प्रोफेसर मुनीश चंद्र पुरी मारे गए थे और चार अन्य घायल हो गए थे। आतंकी हमले के बाद घटनास्थल से भाग निकले थे। बाद में पुलिस ने मामले की जांच की और अबू अनस के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया। अनस अभी फरार है। सैफुल्ला 2008 में उत्तर प्रदेश के रामपुर में सीआरपीएफ कैंप पर हुए हमले का भी मास्टरमाइंड था।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत-पाकिस्तान डीजीएमओ में बनी सहमति की एक्सपायरी नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भारतीय सेना ने रविवार को एक नया वीडियो जारी किया। जिसमें बताया गया कि 10 मई को पाकिस्तान की जिन चौकियों से सीजफायर का उल्लंघन हुआ था, उन्हें जवाबी कार्रवाई में मिट्टी में मिला दिया गया। भारतीय सेना ने कहा है कि भारत-पाकिस्तान के डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशंस (डीजीएमओ) के बीच जो सहमति बनी थी, उसकी कोई एक्सपायरी डेट (खत्म होने की तारीख) नहीं है। दोनों देशों के डीजीएमओ के बीच 12 मई को बातचीत हुई थी। इसमें दोनों की तरफ से मिलिट्री एक्शन पर रोक लगाना तय हुआ था। आर्मी ने ये बयान इसलिए जारी किया, क्योंकि कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि दोनों देशों बीच बनी सहमति 18 मई की शाम को खत्म हो गई।

### मुंबई में बड़े ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़, 13 करोड़ की एमडी बरामद

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई में पुलिस ने एक ड्रग्स सिंडिकेट का भंडाफोड़ करते हुए 13 करोड़ रुपए से अधिक कीमत की एमडी ड्रग बरामद की है। इसके साथ ही पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक, इस साल मार्च में मुंबई पुलिस ने एक आरोपी को 4.5 लाख रुपए की एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया था। पूछताछ के दौरान उस आरोपी ने अपने सहयोगियों के नाम का खुलासा किया था। इसी आधार पर पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। एमडी, जिसे एक्स्टसी के नाम से भी जाना जाता है, के दुरुपयोग की बहुत अधिक संभावना है।




### संकरा चढ़ाव होने के कारण बाहर नहीं निकल सके रहवासी

# चारमीनार के पास लगी भीषण आग में 8 बच्चों समेत 17 लोगों की मौत



हैदराबाद, एजेंसी

**हैदराबाद में चारमीनार के पास गुलजार हाउस में रविवार सुबह एक इमारत में आग लग गई। हादसे में अब तक 17 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें 8 बच्चे भी शामिल हैं। घटना के समय इमारत में 30 से ज्यादा लोग मौजूद थे। इनमें से 15 से ज्यादा लोगों को रेस्क्यू किया गया।**

आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। वहीं, हादसे में संपत्ति के नुकसान का अंदाजा भी नहीं लगाया जा सका है। फायर डिपार्टमेंट का कहना है कि सुबह 6:16 बजे आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद टीम मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया। कई लोग बेहोशी की हालत में मिले और करीब 10 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। बिल्डिंग में सिर्फ एक संकरी सीढ़ी थी, जिससे लोग बाहर नहीं निकल सके और दम घुटने से मौत हो गई। घटना पर पीएम मोदी ने गहरा दुख जताया है। वहीं पीएम राहत कोष से मृतकों के परिजन को 2-2 लाख और घायलों को 50-50 हजार रुपए की मदद दी जाएगी।

### टेक्सटाइल फैक्ट्री में लगी भीषण आग, मालिक समेत 8 लोगों की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र के सोलापुर जिले में रविवार तड़के एक फैक्ट्री में लगी भीषण आग में आठ लोगों की मौत हो गई, जिनमें तीन महिलाएं और एक डेढ़ साल का बच्चा शामिल हैं। यह हादसा सोलापुर एमआईडीसी स्थित सेंट्रल टेक्सटाइल मिल्स में सुबह करीब 3 :45 बजे हुआ। जानकारी के अनुसार, फैक्ट्री में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी। मृतकों में फैक्ट्री के मालिक हाजी उस्मान हसनभाई मंसूरी, उनके परिवार के तीन सदस्य, जिनमें उनका डेढ़ वर्षीय पोता भी शामिल है। अग्निकांड में मरने वालों में चार श्रमिक शामिल हैं। एक अधिकारी ने बताया कि आग इतनी भीषण थी कि उसे काबू में करने में दमकल विभाग को करीब पांच से छह घंटे लग गए। फिलहाल मामले की जांच जारी है और प्रशासन ने पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

### पाकिस्तान के लिए दुनिया के सामने झूठ परोसेंगे बिलावल



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** आतंकवाद का पनाहगार पाकिस्तान हर कदम पर, हर मोर्चे पर भारत से मात खा रहा है। पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आदमपुर एयरबेस जाकर पड़ोसी के प्रोपेगैंडा को ध्वस्त किया, फिर सरकार ने सांसदों की सात टीमों को दुनिया भर में भेजकर पाकिस्तान का नापाक चेहरा उजागर करने का फैसला किया। इसकी नकल करते हुए पहले पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ सियालकोट की पसरूर छावनी पहुंचे और अब उन्होंने पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो हालिया माहौल को लेकर वैश्विक स्तर पर पाकिस्तान का पक्ष रखने को कहा है। इस नकल की एलान बिलावल ने खुद किया।

### गृह मंत्री अमित शाह का पाकिस्तान को दो टूक संदेश

# आतंक और व्यापार एक साथ नहीं चल सकते



अहमदाबाद, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को अहमदाबाद में अहमदाबाद नगर निगम की विभिन्न विकास परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सैन्य बल की कार्रवाई की प्रशंसा की। साथ ही पाकिस्तान को करारा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि आतंक और व्यापार एक साथ नहीं चल सकते। यदि उसने आतंकवाद नहीं रोका तो सिंधु नदी से एक बूंद पानी नहीं मिलेगा। हमने पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है। उसके एयरबेस तबाह कर दिए। अमित शाह ने कहा कि जब पीएम मोदी ने देश को संबोधित किया तो उन्होंने साफ कर दिया था कि खून और पानी एक साथ नहीं बहेगा। पड़ोसी देश को चेतावनी देते हुए शाह ने कहा कि आतंक का कारोबार रोकने तक वह सिंधु के पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस जाएगा। आतंकवाद और व्यापार एक साथ नहीं चल सकते। यदि आप आतंकवाद को पनाह देना चाहते हैं तो तमाम कारोबार खत्म कर दीजिए। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने कहा था कि अगर पाकिस्तान के साथ बात होगी तो वह पीओके (पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर) को वापस लेने और आतंकवाद को खत्म करने को लेकर ही होगी।

### शाह राष्ट्र ध्वज थामे तिरंगा रैली में हुए शामिल

इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को सेनाओं के सम्मान में गुजरात के अहमदाबाद में तिरंगा यात्रा की अगुवाई की। इस दौरान उमड़ी भीड़ के बीच अमित शाह राष्ट्र ध्वज थामे जुलूस के आगे चलते दिखे। गृह मंत्री तिरंगा थामे हुए नल सरोवर चौकड़ी से एकलिंगजी रोड पर महाराणा प्रताप चौक तक पैदल चले। यहां उन्होंने 16वीं सदी के महान योद्धा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। पैदल मार्च में हिस्सा लेने वालों में गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी, स्थानीय विधायक, भाजपा नेता और कार्यकर्ता तथा यहां के शिक्षक और प्राथमिक एवं माध्यमिक विभागों के पदाधिकारी शामिल थे। गुजरात भाजपा ने कहा कि यात्रा में साणंद और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग, सामाजिक और राजनीतिक नेता तिरंगा यात्रा में शामिल हुए और भारत माता की जय के नारे लगाए तथा सशस्त्र बलों के साहस और वीरता को सलाम किया।

### सीजेआई गवई अधिवक्ता सम्मेलन में बोले-

# संविधान सर्वोच्च है और इसके सभी स्तंभों को मिलकर काम करना चाहिए

मुंबई, एजेंसी

**प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई ने संविधान के सम्मान पर जोर दिया। बार काउंसिल महाराष्ट्र और गोवा की ओर से आयोजित अभिनंदन समारोह और अधिवक्ता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि न तो न्यायपालिका और न ही कार्यपालिका, बल्कि भारत का संविधान सर्वोच्च है और इसके स्तंभों को मिलकर काम करना चाहिए।**

मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि मुझे खुशी है कि देश न केवल मजबूत हुआ है, बल्कि सामाजिक और आर्थिक मोर्चों पर भी विकसित हुआ है और ऐसा करना जारी है। भारत का संविधान सर्वोच्च है और तीनों अंगों को संविधान के अनुसार काम करना है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि देश का बुनियादी ढांचा मजबूत है और संविधान के तीनों स्तंभ समान हैं। संविधान के सभी अंगों को एक-दूसरे के प्रति उचित सम्मान प्रदर्शित करना चाहिए। कार्यक्रम में न्यायमूर्ति गवई द्वारा सुनाए गए 50 उल्लेखनीय निर्णयों पर आधारित एक पुस्तक का विमोचन किया गया। सीजेआई बीआर गवई ने मुंबई में चैत्यभूमि डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर स्मारक का दौरा किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि प्रधान न्यायाधीश बनने के बाद आज मेरी पहली महाराष्ट्र यात्रा है और आज मैं चैत्यभूमि में बाबा साहेब के स्मारक पर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करने आया हूं। मैं यहां बाबा साहेब द्वारा हमें दिए गए संविधान के मूल्यों को आगे बढ़ाने और संरक्षित करने के लिए बाबा साहेब का आशीर्वाद लेने आया हूं।

## कृषि-वानिकी के लिहाज से इसरो का यह 101वां मिशन बेहद अहम

# पीएसएलवी सी-61 में आई तकनीकी खराबी, प्रक्षेपण रहा असफल

श्रीहरिकोटा, एजेंसी

**भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अपने ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी) रॉकेट के माध्यम से पृथ्वी अवलोकन उपग्रह (ईओएस-09) को अंतरिक्ष में भेजने का प्रयास किया।**



आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित अंतरिक्ष केंद्र के प्रथम लॉन्च पैड से सुबह पांच बजकर 59 मिनट पर यान को प्रक्षेपित किया गया। हालांकि, तकनीकी खामी के कारण उपग्रह को कक्षा में स्थापित नहीं किया जा सका। लॉन्चिंग से पहले प्रक्षेपण यान पीएसएलवी-सी61 की उलटी गिनती शनिवार को शुरू हो गई थी। ईओएस-09 किसी भी मौसम परिस्थिति में पृथ्वी की सतह की उच्च गुणवत्ता वाली तस्वीरें लेने में सक्षम है। कृषि-वानिकी के लिहाज से इसरो का यह 101वां मिशन बेहद अहम है। पीएसएलवी-सी61 के प्रक्षेपण के बाद आई तकनीकी खराबी को लेकर इसरो प्रमुख वी नारायणन ने कहा, तीसरे चरण के संचालन के दौरान परेशानी हुई। वैज्ञानिक अवलोकन कर रहे हैं। मिशन पूरा नहीं हो सका है। उन्होंने कहा कि डाटा का विश्लेषण करने के बाद इसरो इस मिशन के संबंध में विस्तृत जानकारी देगा।

ईओएस-09 से वास्तविक समय में मिलने वाली सटीक जानकारी कृषि, वानिकी निगरानी, आपदा प्रबंधन, शहरी नियोजन और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे अनुप्रयोगों के लिए महत्वपूर्ण होगी। इस मिशन का उद्देश्य देश भर में विस्तारित तात्कालिक समय पर होने वाली घटनाओं की जानकारी जुटाने की आवश्यकता को पूरा करना है।

### 22 घंटे की उल्टी गिनती पूरी होने के बाद प्रक्षेपण

प्रक्षेपण से पहले इसरो के मुताबिक पीएसएलवी सी-61 की 22 घंटे की उलटी गिनती शनिवार को सुबह सात बजकर 59 मिनट पर शुरू हुई थी। पीएसएलवी श्रेणी का यह 63वां मिशन है। इस पृथ्वी अवलोकन उपग्रह (ईओएस-09) का मकसद 24 घंटे सटीक और स्पष्ट तस्वीरें हासिल करना था। मिशन में समस्या तब शुरू हुई, जब रॉकेट अपने तीसरे चरण में पहुंचा, जो एक सॉलिड मोटर है। इसरो के अनुसार, थर्ड स्टेज का इग्निशन 262.9 सेकेंड पर सामान्य रूप से हुआ। शुरुआती डेटा में सब कुछ ठीक दिखाई दे रहा था। इस दौरान रॉकेट की ऊंचाई 344.9 किलोमीटर, गति 5.62 किमी/सेकेंड और रेंज 888.4 किलोमीटर थी। हालांकि 376.8 सेकेंड के बाद टेलीमेट्री डेटा में गड़बड़ दिखाई देने लगी।

## संक्षिप्त समाचार

### एमपी के 700 स्कूलों में शुरू होगी व्यावसायिक शिक्षा, भारत सरकार से विभाग के प्रस्ताव को मिली मंजूरी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में वर्तमान समय में बदलती मांग और जरूरतों को देखते हुए विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा से भी जोड़ने की अनूठी पहल की जा रही है। यह नवाचार समग्र शिक्षा अभियान लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल (डीपीआई) द्वारा किया जा रहा है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 से लगभग 700 अतिरिक्त उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों को व्यावसायिक शिक्षा अंतर्गत लाए जाने की पहल की जा रही है। इसके लिए प्रस्ताव बनाकर भारत सरकार को भेजा गया था, जिसे मंजूरी मिल गई है। स्कूल शिक्षा विभाग के सहायक संचालक और समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत व्यावसायिक शिक्षा के प्रभारी अभिनव आर्य ने बताया कि वर्तमान के 2383 विद्यालयों में यह पाठ्यक्रम पूर्व से संचालित हैं। नए प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद कुल व्यावसायिक शिक्षा संचालित विद्यालयों की संख्या 3000 से अधिक हो जाएगी। आर्य ने बताया कि वर्तमान सत्र में व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में कुल नामांकित विद्यार्थियों की संख्या 4 लाख 6 हजार 585 है। इन विद्यार्थियों को 14 ट्रेड एवं 30 जॉब रोल्स के तहत शिक्षा दी जा रही है। 21वीं शताब्दी की मांग और बदलते परिदृश्य को देखते हुए नवीनतम जॉब रोल्स जैसे वेब डेवलपर, उन्नत कृषि को बढ़ावा देने हेतु कृषि ट्रेड अंतर्गत किसान ड्रोन ऑपरेटर, डेयरी एंटरप्रेन्योर, डेरी फार्मर, कन्स्ट्रकशन ट्रेड के अंतर्गत सहायक राजमिस्त्री, एवं निर्माण पेंटर एंड डेकोरेटर, अपेरल ट्रेड के अंतर्गत असिस्टेंट डिजाइनर, फैशन, होम एंड मेकअप, आफिस एडमिनिस्ट्रेशन एंड फेसिलिटी के अंतर्गत आफिस असिस्टेंट एवं सीक्रेटरी के जॉब रोल्स प्रारम्भ किए जाना प्रस्तावित है। इसके लिए प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा गया था। अब इसे ही मंजूरी मिली है। असिस्टेंट डॉयरेक्टर, समग्र शिक्षा अभियान, भोपाल के अभिनव आर्य ने बताया कि वर्तमान समय की मांग और भविष्य के बदलावों को देखते हुए विद्यार्थियों में स्किल्स डेवलपमेंट के लिए ऑनलाइन शॉर्ट टर्म व्यावसायिक कोर्स संचालित किए जाने के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। वर्तमान में प्रति विद्यालय 2 ट्रेड में व्यावसायिक शिक्षा प्रदान की जाती है, जिसके अंतर्गत व्यावसायिक कौशल के साथ साथ रोजगार कौशल विषय भी पढ़ाया जाता है। प्रत्येक विद्यालय में संबंधित ट्रेड की उन्नत लैब स्थापित की जाती है एवं औद्योगिक भ्रमण, अतिथि व्याख्यान, 80 घंटे की ऑन द जॉब ट्रेनिंग आदि के माध्यम से व्यावहारिक ज्ञान भी दिया जाता है।

### शराब दुकान के गेट को लेकर हंगामा, ठेके का दूसरा गेट खुलने पर रहवासियों ने जताया विरोध, सड़क पर उतरे लोग

**भोपाल, (हि.स.)।** राजधानी भोपाल में बागसेवनिया थाना क्षेत्र में एक शराब की दुकान के गेट को लेकर रविवार दोपहर जमकर हंगामा हुआ। फॉरच्यून डिलाइट सोसाइटी के बाहर बड़ी संख्या में रहवासी इकट्ठा हुए और शराब दुकान के दूसरे गेट के खिलाफ प्रदर्शन किया। रहवासियों का आरोप है कि शराब ठेके का एक गेट पहले से मेन रोड की ओर था, लेकिन अब ठेकेदार ने इसका दूसरा गेट भी रोड की दूसरी दिशा में खोल दिया है। इससे मोहल्ले के लोग खासतौर पर महिलाएं और बच्चे असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। बागसेवानिया स्थित संचालक को जिस जगह पर दुकान आवंटित की गई है, उस तरफ से दुकान का शटर बनाकर शराब बेची जा रही हैं लेकिन दुकान संचालक ने दुकान के पिछली तरफ भी पीएचई विभाग की जमीन पर कब्जा कर दूसरा गेट खोल दिया है। दुकान के आगे पीछे दो गेट बनाकर धड़ल्ले से शराब बेची जा रही है। अवैध रूप से पीछे बनाये गए गेट के चलते वहां के रहवासी ने बड़ी संख्या में सड़कों पर उतरे और विरोध जताया है। दरअसल अवैध रूप से खोले गए इस गेट के सामने कई कालोनियां है। शराब की दुकान का यह अवैध शटर इन लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। सुबह से ही यहां खरीदारों की भीड़ लग जाती है जो देर रात तक जारी रहती है। ऐसे में यहां से स्कूल-कालेज जाने वाली बच्चियों या फिर कालोनी के निवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। शाम होते ही कालोनी के लोगों को घरों में कैद रहने मजबूर हो जाना पड़ता है। सोसाइटी की अध्यक्ष विभा श्रीवास्तव ने बताया कि शराब दुकान के लिए जो लाइसेंस मिला है, वह पहले गेट के लिए ही जारी हुआ था। दूसरा गेट खोलना पूरी तरह से अवैध है। जिस तरफ दूसरी गेट खोली गई है। वहां पास ही में बाजार भी है। लोग अक्सर बाजार जाते रहते हैं। ऐसे में यह सुरक्षित नहीं है। वहीं लाइट नहीं होने से एक्सीडेंट का खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा गली में कई गुमटियां लग गई हैं, जिससे यहां भीड़भाड़ बनी रहती है। इससे महिलाओं और बच्चों का निकलना मुश्किल हो गया है।

## आज जल का संरक्षण कर हम आने वाली पीढ़ी को दे सकते हैं एक सुरक्षित कल : मंत्री कृष्णा गौर



विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। पिछड़ा वर्ग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं जिले की प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर ने रविवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में बैठक आयोजित कर जल गंगा संवर्धन अभियान प्रगति की समीक्षा की।**

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा प्रदेश में शुरू किया गया जल गंगा संवर्धन अभियान सर्वोच्च प्राथमिकता वाला अभियान है। जल संरक्षण की दिशा में चलाया जा रहा यह अभियान आने वाली पीढ़ी को पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने का अभियान है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के साथ ही सीहोर जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान जिस तरह से चलाया जा रहा है वह निश्चित ही सराहनीय है। जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों की भागीदारी से इस अभियान का उद्देश्य सार्थक और सफल होगा। बैठक में कलेक्टर बालागुरु के. तथा जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने जिले में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान की गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जो भी कार्य किए जा रहे हैं, उन्हें समय-सीमा में पूरा किया जाए। हमें जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत शासन द्वारा किए जा रहे कार्यों में सहयोग करके भूजल स्तर को ठीक करना है, ताकि भविष्य में निर्बाध रूप से पानी मिलता रहे। उन्होंने कहा कि हम सभी आज यह तय करें कि हम जमीन से पानी लेने के साथ ही जमीन को पानी देने का कार्य भी करेंगे। इस अभियान से पुराने जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित कर उनका संरक्षण करने का कार्य किया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान में पुराने जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित कर जल स्त्रोतों को पीने योग्य बनाएं। इससे सभी जल स्त्रोत पुनर्जीवित होंगे और हमें पर्याप्त पानी मिल सकेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया राज्य संग्रहालय में इमर्सिव एक्सपीरियन्स सेंटर का लोकार्पण

# संग्रहालयों के तकनीकी उन्नयन से देश-दुनिया में प्रदेश की विशेष बनी है पहचान : मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री ने विश्व संग्रहालय दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम को किया संबोधित

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और धरोहरों के प्रति युवाओं की रूचि विकसित करने के लिए नवीनतम तकनीक का उपयोग करते हुए जानकारियों का आकर्षक रूप से प्रस्तुतिकरण आवश्यक है।**




धरोहरों के संरक्षण के लिए भी अद्यतन तकनीक का उपयोग जरूरी है। इस दृष्टि से राज्य संग्रहालय ने इमर्सिव एक्सपीरियंस सेंटर आरंभ करने का नवाचार समयानुकूल है। प्रदेश में स्मारकों और संग्रहालयों में दर्शकों के लिए विश्वस्तरीय सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। संग्रहालयों की समृद्ध परंपरा में मध्यप्रदेश जिस प्रकार से कार्य कर रहा है, उससे देश- दुनिया में प्रदेश की विशेष पहचान बनी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव विश्व संग्रहालय दिवस के अवसर पर राज्य संग्रहालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इमर्सिव एक्सपीरियन्स सेंटर का लोकार्पण किया तथा इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर में आयोजित कार्यक्रमों का भी वर्चुअल शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम बदलते दौर के भारत में रह रहे हैं। यह बदलाव हर क्षेत्र में देखा जा सकता है। संग्रहालय अब इतिहासकारों और शोधार्थियों के साथ-साथ जनसामान्य के लिए भी रूचि-आकर्षण और ज्ञानार्जन के केंद्र का रूप ले रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने राज्य संग्रहालय की सराहना करते हुए कि पर्यटकों के लिए अब भोपाल की यात्रा, राज्य संग्रहालय आए बिना अधूरी रहेगी। उन्होंने कहा कि स्कूल शिक्षा- उच्च शिक्षा और पर्यटन विकास निगम संयुक्त रूप से स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों के संग्रहालय भ्रमण का संभागवार क्रम बनाएं, इससे विद्यार्थी, प्रदेश की समृद्ध ऐतिहासिक धरोहर से जुड़ेंगे और राज्य संग्रहालय की खुबियों से अधिक से अधिक लोग परिचित हो सकेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उन्होंने कहा कि प्रदेश के धार्मिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक केंद्रो को जन सामान्य से जोड़ने के लिए विभिन्न स्तरों पर गतिविधयां संचालित की जा रही हैं। प्रदेश के प्रमुख नगरों के मुख्य प्रवेश मार्गों पर महापुरूषों को समर्पित द्वार विकसित किए जा रहे हैं। हमारे देवस्थान अभी तक केवल पूजा-पाठ के लिए जाने जाते थे। प्रदेश में निर्मित हुए महाकाल लोक सहित अन्य लोकों ने मंदिरों को आस्था, श्रद्धा के साथ-साथ लोक रुचि का भी स्वरूप प्रदान किया है। प्राचीन भारतीय स्थापत्य कला, मुद्रा व्यवस्था सहित संपूर्ण जीवन पद्धति उन्नत स्वरूप में थी। नवीनतम तकनीक से इनके संरक्षण और प्रस्तुतीकरण से हमारी समृद्ध धरोहर को वर्तमान और आगामी पीढ़ी की रूचि के अनुकूल बनाए रखने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य संग्रहालय परिसर में आयोजित 'संग्रहालय मेला' के अंतर्गत पुरातत्व के संरक्षण और संवर्धन से संबंधित विभिन्न स्टॉल का अवलोकन किया। उन्होंने उत्खनन उपकरण के प्रकार और कार्य सहित दस्तावेजों के डिजिटलाइजेशन की जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मेले में ऐतिहासिक इमारतों के 3डी प्रिंटिंग और कॉस्टिंग से बने मिनिएचर और पीओपी से बनी मूर्तियों को सराहा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश में पहली बार वर्चुअल म्यूजियम केंद्र आंखों देखा का शुभारंभ किया गया, जो आगंतुकों को एक अद्वितीय डिजिटल अनुभव प्रदान करेगा। यह केंद्र इंटरैक्टिव और इमर्सिव तकनीक के माध्यम से बिना किसी फिजिकल गाइड के संग्रहालय की गहन यात्रा का अनुभव कराएगा।

## एम्स में फार्माकोविजिलेंस एवं टीबी उपचार पर जागरूकता अभियान का आयोजन

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** एम्स भोपाल के फार्माकोलॉजी विभाग ने कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के सहयोग से बकानिया, भोपाल स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में फार्माकोविजिलेंस और क्षय रोग (टीबी) की डॉट थेरेपी के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु एक जागरूकता अभियान आयोजित किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समुदाय को यह समझाना था कि फार्माकोविजिलेंस, यानी औषधियों के दुष्प्रभावों की निगरानी, दवाओं के सुरक्षित और प्रभावी उपयोग के लिए अत्यंत आवश्यक है। साथ ही, इस अभियान के माध्यम से टीबी के मरीजों को डॉट थेरेपी का पूरा कोर्स करने के लिए प्रेरित किया गया और उनके संदेहों का समाधान भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान संवादात्मक सत्रों और सहभागिता आधारित चर्चाओं के जरिए यह बताया गया कि दवाओं के दुष्प्रभावों की जानकारी देना क्यों जरूरी है और टीबी की दवाएं समय पर तथा पूरी तरह से लेना कितना महत्वपूर्ण है। वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि डॉट थेरेपी का पालन न केवल मरीज के पूरी तरह ठीक होने के लिए आवश्यक है, बल्कि यह दवा-प्रतिरोधी टीबी को रोकने, बीमारी के फैलाव को कम करने और समग्र जनस्वास्थ्य को बेहतर बनाने में भी अहम भूमिका निभाता है।



### जागरूकता अभियान स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण : डॉ सिंह

इस अवसर पर प्रो. (डॉ.) अजय सिंह ने कहा, ऐसे जागरूकता अभियान स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होते है। फार्माकोविजिलेंस और टीबी उपचार के प्रति सही जानकारी और सतर्कता ही स्वस्थ समाज की आधारशिला हैं। जब हम समुदाय को दवाओं के सही उपयोग तथा निगरानी की समझ देते हैं, तभी हम बीमारियों को प्रभावी ढंग से रोक सकते हैं और जनस्वास्थ्य को सुदृढ़ बना सकते हैं।

## सिर्फ दवा खाने से ठीक नहीं होती बीमारी, सही तरीका और पूरा कोर्स जरूरी

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। राजधानी भोपाल स्थित एम्स में मरीजों के बेहतर इलाज के लिए कई प्रयोग किया जा रहे हैं। वहीं एम्स भोपाल के आसपास ग्रामीण इलाकों में भी टीम को भेज कर लोगों को बीमारियों के प्रति जागरूक कर रहा है।**

रविवार को विशेषज्ञों ने शहर के बकानिया स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में फार्माकोविजिलेंस (दवाओं के दुष्प्रभावों की निगरानी) अभियान के तहत पहुंची। इस दौरान विशेषज्ञ डॉक्टरों ने कहा कि सिर्फ दवा खाने से बीमारी ठीक नहीं होती, उसे सही तरीके से, समय पर लेने और कोर्स पूरा करना बेहद जरूरी है। इस दौरान मौजूद लोगों को टीबी के इलाज और उसके महत्व के बारे में भी जागरूक किया गया। एम्स के निदेशक डॉ. अजय सिंह के मुताबिक यह कार्यक्रम खासकर स्थानीय महिलाओं के लिए आयोजित किया गया था, जिसे फार्माकोलॉजी विभाग और सामुदायिक चिकित्सा विभाग ने मिलकर संचालित किया। विशेषज्ञों ने बताया कि दवाओं के दुष्प्रभावों को समय पर रिपोर्ट करना और टीबी मरीजों पर डीओटी (डायरेक्टली ऑब्जर्व्ड ट्रीटमेंट) थेरेपी के असर का रिकॉर्ड रखना जरूरी है। डॉ. रोमा रस्तोगी ने कहा कि टीबी की तरह ही सर्वाइकल और ब्रेस्ट कैंसर की भी समय पर जांच और इलाज आवश्यक है। वहीं, डॉ. मोनालिसा दत्ता ने बताया कि दवाओं के साइड इफेक्ट्स को नजरअंदाज करने से बड़ी जटिलताएं हो सकती हैं। कार्यक्रम में बताया गया कि अगर टीबी मरीज बीच में दवा लेना छोड़ देता है, तो उसका इलाज अधूरा रह जाता है और दवाओं के प्रति प्रतिरोधक क्षमता (ड्रग रेजिस्टेंस) विकसित हो सकती है।

### पत्रकार नवीन कुशवाह का दुखद निधन

**महेश्वर।** सड़क दुर्घटना में शनिवार को दैनिक विनय उजाला के मंहेश्वर तहसील के युवा पत्रकार नवीन पिता बलराम कुशवाह का दुखद निधन हो गया, जिनकी अंतिम यात्रा रविवार को शाम 5:00 बजे निवास स्थान कैंटिन के पास गली महेश्वर से निकाली गई। अंतिम यात्रा में सामाजिक, राजनीतिक, व्यापारिक समेत अनेक लोग शामिल हुए। मुक्तिधाम पर सभी ने पत्रकार नवीन कुशवाह को नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की, जिसके बाद उनका दाह संस्कार किया गया। नवीन कुशवाह के निधन पर दैनिक विजय उजाला की तरफ से श्रद्धांजलि। प्रभु इस दुख की घड़ी में परिजन को हिम्मत दें।



## मंत्री सिलावट ने किया 100 से अधिक विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने आज सांवेर नगर परिषद में आयोजित समारोह के दौरान क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात दी। उन्होंने लगभग 12 करोड़ रुपये से अधिक लागत के 100 से अधिक विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया।**




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सिलावट ने कहा पिछले छह वर्षों में सांवेर के सभी 15 वार्डों में करोड़ों रुपए के विकास कार्य किए गए हैं। इनमें सीसी रोड, ड्रेनेज, नालियां, पुल-पुलिया, स्ट्रॉम वॉटर लाइन, आंगनवाड़ी केंद्र, सामुदायिक भवन, मुक्तिधाम, खेल मैदान तथा गार्डन जैसे कार्य शामिल हैं। उन्होंने कहा कि वार्ड क्रमांक 7 में लगभग 5 करोड़ रुपये लागत का बैराज और फिल्टर प्लांट तथा वार्ड क्रमांक 3 में एक करोड़ रुपये की लागत से पेवर ब्लॉक खंडेलवाल पंप से रेस्ट हाउस तक लगने का कार्य आरंभ किया गया है। इसके साथ ही उन्होंने कॉलेज भवन के लिए 5 करोड़ रुपये की स्वीकृति, वन स्टॉप सेंटर की स्वीकृति और स्कूलों के लिए फर्नीचर की व्यवस्था की भी बात कहीं। उन्होंने कहा कि आज सांवेर में चार सुंदर गार्डन तैयार हो चुके हैं। श्रीमंत सिंधिया जी के नाम पर बना गार्डन बहुत सुंदर है। माताजी मंदिर के पास अब एक भव्य गार्डन बन रहा है। श्री सिलावट ने आगामी योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि सिंहस्थ 2028 को देखते हुए मेट्रो परियोजना भी प्रस्तावित है। साथ ही 6 लेन सड़क, बायपास, कोर्ट भवन (36 करोड़), आईटीआई, कॉलेज लाइब्रेरी, स्टेशन उन्नयन, कृषि मंडी के 9 करोड़ के विभिन्न कार्य और चंद्रावतीगंज से पितृपर्वत रोड़ की डीपीआर का कार्य भी प्रगतिशील है। उन्होंने कहा कि अब सांवेर सवंरता और विकसित बन चुका है।

## दक्षिण-पश्चिम विधानसभा में कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। दक्षिण-पश्चिम विधानसभा में कार्यकर्ताओं की आवश्यक बैठक दद्दू के मंदिर भारत माता चौराहे पर आयोजित की गई। बैठक को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व दक्षिण-पश्चिम विधानसभा के लोकप्रिय विधायक भगवानदास सबनानी ने संबोधित किया।**





बैठक में कार्यकर्ताओं को संगठन के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी के साथ उसकी रूपरेखा पर चर्चा की गई, बैठक को संबोधित करते हुए विधायक भगवानदास सबनानी ने कहा कि भाजपा परिवार का हर कार्यकर्ता अपने संगठन के लिए समर्पित है और संगठन द्वारा दिए गए कार्यों को गंभीरता पूर्वक करता है। 21 मई से 31 मई तक पुण्यश्लोका लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी की जन्मशताब्दी वर्ष के कार्यक्रम होना है संगठन के कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम जून माह में होना है योग दिवस, श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का बलिदान दिवस, पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी दक्षिण-पश्चिम विधानसभा में निवासरत मेधावी छात्रों का प्रतिभा सम्मान समारोह भी जून माह में ही आयोजित होना है, कार्यक्रमों के लिए कार्यकर्ताओं की छोटी-छोटी टोलियां बनाई जाएगी और कार्यकर्ताओं को उन कार्यक्रमों को सफलता पूर्वक करना है। दक्षिण-पश्चिम विधानसभा के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात को भी कई बार हर बूथ पर सुनकर अपना सौ प्रतिशत योगदान दिया है, इसके लिए मैं प्रत्येक कार्यकर्ताओं को अपनी बधाई देता हूं। बैठक में भाजपा कार्यालय प्रभारी राजू अनेजा जोन अध्यक्ष व पार्षद आरती राजू अनेजा जोन अध्यक्ष व पार्षद ब्रजुला सचान पार्षद गिरजा राजेश खटीक पार्षद राजमणि उइके वरिष्ठ भाजपा नेता लीलेंद्र मारण महेश जोशी मुकेश राय राजेश खटीक आशुतोष तिवारी मंडल अध्यक्ष प्रियेश उपाध्याय मंडल अध्यक्ष हेमंत बडगैया मंडल अध्यक्ष पारस नरवरिया मंडल अध्यक्ष सोनू पालीवाल मंडल अध्यक्ष मुकेश देहाडे सहित बड़ी संख्या में दक्षिण-पश्चिम विधानसभा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### तिरंगा रैली का आयोजन

**महू, निप्र।** भारत की सेना द्वारा विगत सप्ताह पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा निर्दोष नागरिकों की हत्या के विरोध में पाकिस्तान के आतंकवादियों के ठिकानों पर सटीक निशाने लगाकर अदम्य साहस का परिचय दिया गया, अत: राष्ट्रीय सुरक्षा एवं भारतीय सेना के सम्मान में महू नगर के स्थानीय ड्रीमलैंड चौराहे से हरी फाटक और हरी फाटक से ड्रीमलैंड चौराहे तक रविवार दिनांक 18 मई को प्रात: 11 बजे तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। तिरंगा रैली को क्षेत्रीय विधायक सुश्री उषा ठाकुर एवं एनसीसी ग्रुप इंदौर के डिप्टी ग्रुप कमांडर कर्नल गौरव दीक्षित तथा 2 एम पी आर एंड वी स्क्वाड्रन एनसीसी महू के कमान अधिकारी कर्नल मनीष भटनागर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।तिरंगा रैली में केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर, कैबिनेट मंत्री तुलसी सिलावट तथा राज्यसभा सांसद सुश्री कविता पाटीदार विशेष रूप से तिरंगा रैली में शामिल हुए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रवीण ओझा ने बताया कि इस तिरंगा रैली में भेरूलाल पाटीदार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय महू की 1 एमपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी इंदौर एवं 9 एमपी बटालियन एनसीसी इंदौर,2 एम पी आर एंड वी स्क्वाड्रन एनसीसी महू के कैडेट्स तथा एन एस एस के स्वयं सेवक तथा महाविद्यालय का समस्त शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टॉफ राष्ट्र भावना के साथ अपने हाथ में राष्ट्रध्वज लेकर शामिल हुआ। रैली में एनसीसी कैडेट्स एवं विद्यार्थी देशभक्ति से ओत प्रोत तथा सेना के सम्मान में तिरंगा लहराते हुए नारे लगाकर शामिल हुए। रैली में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं विभिन्न संगठनों के नागरिक शामिल हुए। सैनिकों के सम्मान में यह तिरंगा रैली प्रात:11 बजे ड्रीमलैंड चौराहे पर अग्रसेन प्रतिमा से प्रारंभ हुई एवं हरीफाटक होते हुए वापस ड्रीमलैंड चौराहे पर समाप्त हुई।




### अधिकारी कर्मचारियों के होनहार बच्चों का किया जाएगा सम्मान, 5 जून तक कर सकते है आवेदन

**इंदौर, (विनय उजाला)।** जिले के सरकारी अधिकारी कर्मचारियों के प्रतिभावान बच्चों को हर साल की तरह इस साल भी सम्मानित किया जाएगा। 12वी में सर्वाधिक अंक लाने वाले बच्चे को 11हजार रूपये व माया मालवीय अवार्ड 10वी में सर्वाधिक अंक लाने वाले बच्चे को भी 11हजार रुपए व सुधीर जैन अवॉर्ड बायोलॉजी में सर्वाधिक अंक लाने वाले बच्चे को भी 11हजार रुपए व पंकज पटेल अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा भी 12वी के चारों संकायों व 10वी में जिले में प्रथम आने वाले बच्चों को भी 5हजार रूपये से सम्मानित किया जाएगा। संगठन से जुड़े साथियों 16साथियों द्वारा भी जिले में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को क्रमश: 5100 ,4100 ,3100 की राशि देकर सम्मान किया जायेगा। खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एक बच्चे का सम्मान भी किया जाएगा। इसी के साथ दो हजार कापियां नि:शुल्क वितरित की जाएगी। यह प्रदेश का एकमात्र आयोजन है जिसमें शासकीय अधिकारी कर्मचारियों के प्रतिभावान बच्चों का बड़े स्तर पर सम्मान किया जाता हैं। आयोजन के प्रमुख हरीश बोयत, रमेश यादव ने बताया कि आयोजन का यह 20वा वर्ष है। इसमें 70त्नसे अधिक अंक लाने वाले सभी आवेदनकर्ता बच्चों का सम्मान किया जाता है। इस अवसर पर प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से उच्च पदो पर चयनित बच्चों का सम्मान भी किया जाता हैं। इसमें नगद एक लाख से ज्यादा के पुरस्कार व नि:शुल्क कापियों के अतिरिक्त कई अन्य पुरस्कार भी बच्चों को वितरित किए जाते हैं। आवेदन समस्त शासकीय कार्यालयों में संगठन के पदाधिकारियों से अथवा यूनियन कार्यालय से प्राप्त कर 5जुन तक जमा किए जा सकते हैं।



# जल गंगा संवर्धन अभियान बने जन आंदोलन : मंत्री सिलावट

## विदिशा के जम्बार तालाब में श्रमदान किया

विनय उजाला

**इंदौर, निप्र। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कहा है कि जल गंगा संवर्धन अभियान देश में जन-आंदोलन के रूप में ख्याति प्राप्त कर रहा है। समाज की भागीदारी से सरकार की जल संरक्षण और संवर्धन के कार्यों के फलस्वरुप मध्यप्रदेश जल शक्ति के रूप में उभर कर देश के नक्शे में स्थापित होगा।**



मंत्री सिलावट ने शनिवार को विदिशा ज़िलें में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम जम्बार के तालाब में आयोजित श्रमदान कार्यक्रम में सहभागिता की। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता कैलाश रघुवंशी, विधायक श्री मुकेश टंडन, श्री हरि सिंह सप्रे, श्री हरि सिंह रघुवंशी, जनपद अध्यक्ष श्री वीर सिंह के साथ अन्य जन-प्रतिनिधियों ने भी श्रमदान में सहभागिता की। मंत्री सिलावट ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संपूर्ण मध्यप्रदेश में लागू कर जल संवर्धन के ऐसे कार्य को मूर्तरूप दिया जा रहा है, जिससे आने वाली पीढ़ी को हम प्रचुर मात्रा में जल संचय भण्डार विरासत में दे सकेंगे। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार इंदौर में प्रदेश के अनेक क्षेत्रों में लीड कर राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति हासिल की है, ठीक वैसी ख्याति विदिशा जिला जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों में अर्जित करे। इस अभियान को अपना समझकर हम अपने स्तर पर सहयोग व योगदान कर मिसाल कायम करें।

मंत्री सिलावट ने कहा कि जल का कोई विकल्प नहीं है, जल है तो कल है, भविष्य है और प्रगति संभव है। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश में सिंचित रकबा बढ़ाने के लिए सिंचाई कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मार्गदर्शन में पूरे कराए जा रहे हैं। उन्होंने विगत वर्षों की तुलना में सिंचित रकबे में हुई आशातीत वृद्धि को रेखांकित करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी का नदियों को जोड़ने का संकल्प प्रदेश में केन्द्र और राज्य सरकार मिलकर पूरा कर रहे हैं। उन्होंने केन-बेतवा लिंक परियोजना से होने वाले प्रमुख फायदों के बारे में बताते हुए कहा कि इससे बिजली उत्पादन के साथ 12 माह पेयजल की उपलब्धता रहेगी।

मंत्री सिलावट ने कहा कि पहले गांवों के तालाब व अन्य जल संचय लबालब भरे रहते थे। इस स्थिति को पुन: लाने में हम कोई कोर कसर ना छोड़े। उन्होंने कहा कि हरेक जल स्रोत की संरचना अतिक्रमण से विमुक्त हो यदि कहीं कोई इस प्रकार की खबर मिलती है तो अभियान के रूप में क्रियान्वित कराने की समझाइश अधिकारियों की दी है।

मंत्री सिलावट ने कहा कि जल का सदुपयोग हो इसके लिए विशेष ध्यान देना होगा। उन्होंने बताया कि खुली नहरों की जगह माइक्रो परियोजना से पाईप लाईन का विस्तारीकरण किया जा रहा है। उन्होंने प्राचीन तालाब, कुएं, बावड़ियों के अलावा अन्य जल स्रोतों के जीणोद्धार पर बल देते हुए कहा कि इन विरासतों को बनाए रखना जरूरी है। मंत्री सिलावट ने जम्बार लघु तालाब में श्रमदान कर जल संचय कार्यो के लिए सभी को अभिप्रेरित किया। जम्बार तालाब सम्राट अशोक सागर परियोजना संभाग क्रमांक-2 विदिशा के अंतर्गत निर्मित जम्बार तालाब का निर्माण वर्ष 1965-66 में हुआ था। तालाब का कैचमेन्ट एरिया 3.74 वर्ग किमी. तथा जीवित जल भराव क्षमता 1.26 मिलियिन घन मीटर है।

### जल संसाधन मंत्री सिलावट ने भारत रत्न डॉ. विश्वेश्वरैया की प्रतिमा का अनावरण किया

जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने शनिवार को भारत रत्न डॉ. मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की प्रतिमा का अनावरण जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता कार्यालय, चंबल-बेतवा कछार, भोपाल के प्रांगण में किया। इस अवसर पर प्रमुख अभियंता श्री विनोद कुमार देवड़ा सहित विभाग के अभियंताओं और कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम में डॉ. विश्वेश्वरैया के जीवन और योगदान पर प्रकाश डाला गया। डॉ. विश्वेश्वरैया भारत के महान सपूत और अभियांत्रिकी क्षेत्र के महापुरूष थे, जिन्होंने कृष्णराज सागर बांध, स्वचालित फ्लड गेट सिस्टम और भारतीय विज्ञान संस्थान (ढ्ढढ्ढस्ह्र) की स्थापना जैसे कार्यों से देश के विकास में अमूल्य योगदान दिया। उनकी अनुशासित जीवनशैली और फ्समय ही धन हैफ्र का सिद्धांत आज भी प्रेरणा देता है। इस अवसर पर सभी ने उनके आदर्शों को अपनाने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया।

# पत्रकारों का तीर्थस्थल है माधवराव सप्रे समाचार पत्र संग्रहालय : मंत्री कैलाश विजयवर्गीय




## भोपाल में डिजिटल लाइब्रेरी का लोकार्पण

विनय उजाला

**इंदौर, निप्र। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा है कि किसी शहर के संग्रहालय और शिक्षण संस्थान धरोहर के समान हैं इनका समृद्ध होना समाज के गौरव को बढ़ाता है। उन्होंने माधवराव सप्रे स्मृति समाचार पत्र संग्रहालय के गौरवशाली इतिहास की प्रशंसा की।**

मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि आधुनिक युग में नौजवान पीढ़ी के लिये डिजिटल लाइब्रेरी की सुविधा बहुत उपयोगी रहेगी। मंत्री श्री विजयवर्गीय रविवार को भोपाल में अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के मौके पर डिजिटल लाइब्रेरी के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह में संग्रहालय की स्थापना से लेकर अब तक के सफर में सहयोग करने वाली संस्थाओं और हस्तियों का सम्मान किया गया।

मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। उनके इस संकल्प को शैक्षणिक संस्थानों को समृद्ध करके पूरा किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सप्रे संग्रहालय की शुरूआत एक छोटे स्वरूप में हुई थी। लगभग पिछले 4 दशकों में इस संस्थान ने अपनी पहचान राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित कर ली है। पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री सुरेश पचौरी ने अपने उदबोधन में कहा कि श्री विजयदत्त श्रीधर ने अपनी लगन से भोपाल शहर को एक अमूल्य धरोहर दी है, जिसका लाभ लोकतंत्र के चौथे स्तंभ कहे जाने वाले पत्रकारों को निरंतर मिलता रहेगा। पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्री पचौरी ने भारतीय स्टेट बैंक के सीएसआर फंड से दी जाने वाली मदद को सराहनीय बताया। संस्थान के संस्थापक सदस्य श्री विजयदत्त श्रीधर ने बताया कि माधवराव सप्रे स्मृति समाचार पत्र संग्रहालय एवं शोध संस्थान पुस्तकालय सेवा के 3 प्रारूप में कार्यरत है। पत्रकार एवं पाठक वर्ष 1984 से इसका लाभ उठा रहे हैं। उन्होंने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक की सामाजिक सेवा बैंकिंग के अंतर्गत सीएसआर मद से उपलब्ध धन राशि से सप्रे संग्रहालय के 20 लाख दुर्लभ दस्तावेजों और पुराने जर्जर पृष्ठों का डिजिटलीकरण हुआ है। संग्रहालय की संदर्भ सामग्री का फायदा लेकर 1240 शोधार्थियों ने विभिन्न विश्वविद्यालयों से पीएचडी एवं डी.लिट्. की उपाधियां अर्जित की हैं। संग्रहालय में बिजली की बचत के लिये 10 किलोवाट क्षमता क सौर ऊर्जा पैनल भी लगाये गये है। समारोह में सहयोग देने वाली संस्थाओं के साथ श्री शिवकुमार अवस्थी, स्व. सुरेश शर्मा, स्व. शौकत रमूजी के उल्लेखनीय योगदान के लिये उनके परिजनों को सम्मानित किया गया।

# इंदौर में 20 को होगी मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक



विनय उजाला

**इंदौर, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आगामी 20 मई को इंदौर में राज्य मंत्रिमंडल की एक महत्वपूर्ण कैबिनेट बैठक आयोजित की जाएगी।**

यह बैठक प्रशासनिक दृष्टि से जितनी अहम है, उतनी ही सांस्कृतिक और विकासात्मक दृष्टि से भी इंदौर के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है।महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने बताया कि इस बैठक को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारियाँ लगभग पूर्ण कर ली है कैबिनेट बैठक के साथ-साथ प्रस्तावित विशेष कार्यक्रमों और शहर के प्रमुख स्थलों के दौरे की रूपरेखा भी तैयार की जा चुकी है।

### 19 की रात मुख्यमंत्री और मंत्रीगण का होगा इंदौर आगमन

महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 19 मई की रात को समस्त मंत्रिमंडल के साथ इंदौर पधार रहे है इस दिन मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव अपनी कैबिनेट के साथ लता मंगेशकर ऑडिटोरियम में माता अहिल्या पर आधारित नाट्य मंचन भी देखेंगे साथ ही सराफा बाजार चौपाटी भी जाएंगे। वहीं 20 मई को होने वाली कैबिनेट बैठक के पश्चात, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में इंदौर में चल रहे प्रमुख विकास कार्यों का निरीक्षण भी किया जाएगा। इनमें विशेष रूप से वे प्रोजेक्ट शामिल होंगे, जिन्होंने शहर को देश में नम्बर वन बनाया है उसमें हुकुमचंद मिल हो इंदौर मेट्रो प्रोजेक्ट हो ,स्वच्छता और डिजिटलाइजेशन हो वो सम्मिलित है।

# मालवा-निमाड़ के विकास के साथ देश के तीर्थस्थलों को मिला है अहिल्याबाई होलकर की दूरदर्शिता का लाभ : प्रो. शर्मा

## अहिल्याबाई होलकर ने छत्रपति शिवाजी और संभाजी के श्रेष्ठ विचारों को आजीवन निभाया : डॉ. गंधे

विनय उजाला

**देश की प्रतिष्ठित संस्था राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना उज्जैन द्वारा हिंदी प्रेमी मंडल, हैदराबाद के सहयोग से आयोजित लोक माता अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती पर 18 मई रविवार को डॉ प्रभु चौधरी द्वारा संपादित पुस्तक कर्मयोगिनी का विमोचन एवं लोकमाता अहिल्यादेवी होलकर व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर केंद्रित राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन उज्जैन प्रेस क्लब में किया गया।**




अहिल्यादेवी होलकर की 300वीं जयंती पर लोकमाता अहिल्यादेवी , व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर केंद्रित राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं पुस्तक कर्मयोगिनी का विमोचन सम्पन्न

पुस्तक विमोचन एवं संगोष्ठी के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. गोविन्द गन्धे, निदेशक कालिदास संस्कृत अकादमी उज्जैन थे। मुख्य वक्ता विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन के हिंदी विभागाध्यक्ष एवं कुलानुशासक प्रो शैलेन्द्रकुमार शर्मा थे तथा अध्यक्षता श्री ब्रजकिशोर शर्मा शिक्षाविद्, राष्ट्रीय संरक्षक, राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना ने की। पुस्तक की समीक्षा डॉ. हरीशकुमारसिंह साहित्यकार एवं सचिव, म.प्र. लेखक संघ ने की। हैदराबाद की प्रतिष्ठित संस्था हिंदी प्रेमी मंडली, दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा - आंध्रप्रदेश एवं तेलंगाना, हैदराबाद द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में वरिष्ठ समालोचक प्रो शैलेंद्रकुमार शर्मा, डॉ गोविंद गंधे एवं श्री हरेराम वाजपेयी, इंदौर को चवाकुल नरसिंह मूर्ति जी राष्ट्रीय हिंदी एवं नागरी सम्मान से अलंकृत किया गया। संस्था के अध्यक्ष श्री चवाकुल रामकृष्ण राव, हैदराबाद ने उन्हें सम्मान के रूप में अंगवस्त्र, प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान राशि अर्पित की।

मुख्य वक्ता प्रो शैलेंद्रकुमार शर्मा ने व्याख्यान में कहा कि अहिल्याबाई होलकर अपने अनुपम कार्यों से शक्ति स्वरूपा देवी के अवतार के रूप में जानी जाती हैं। वे सांस्कृतिक - सामाजिक पुनर्जागरण की दीपशिखा हैं, जिनका आलोक सदियों तक हमें मिलता रहेगा। उन्होंने प्रशासनिक सुधारों, वित्तीय प्रबंधन, कूटनीति और सैन्य नेतृत्व क्षमता के माध्यम से अविस्मरणीय योगदान दिया। मालवा और निमाड़ क्षेत्र के साथ ही देश के अनेक भागों में उनकी कीर्ति विभिन्न तीर्थों में देवालयों, घाटों, जल स्रोतों और धर्मशालाओं के निर्माण के माध्यम से आज भी बनी हुई है। उनकी दूरदर्शिता का लाभ मालवा एवं निमाड़ क्षेत्र के विकास के साथ देश के अनेक तीर्थस्थलों को मिला है।

संस्कृत विद्वान डॉ गोविंद गंधे ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत भूमि में अनेक शूरवीर हुए हैं। उन शूरवीर शासकों के बीच अहिल्याबाई को पुण्यश्लोका लोकमाता का स्थान मिला है। छत्रपति शिवाजी और संभाजी के श्रेष्ठ विचारों को उन्होंने आजीवन निभाया। धर्म अधिष्ठित राज्य का आदर्श उन्होंने रखा। संगोष्ठी सत्र में प्रमुख वक्ता श्री हरेराम वाजपेयी, इंदौर ने कहा कि अहिल्याबाई का चरित्र निरंतर प्रवाहमान है। उनका चरित्र सबको पावन करने वाला है। उनका त्रिशताब्दी वर्ष देश को नई प्रेरणा दे रहा है। संस्कारशीलता के लिए हमारे समाज को अहिल्याबाई होलकर की आवश्यकता है। उनका व्यक्तित्व अवतारी था।

राष्ट्रीय संगोष्ठी के द्वितीय सत्र के मुख्य अतिथि श्री चवाकुल रामकृष्ण राव, अध्यक्ष, हिन्दी प्रेमी मंडली हैदराबाद थे। अध्यक्षता डॉ. शैलेन्द्रकुमार शर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष, शिक्षक संचेतना उज्जैन ने की। मुख्य वक्ता श्री हरेराम वाजपेयी, अध्यक्ष, हिन्दी परिवार इन्दौर, विशिष्ट अतिथि डॉ. रंजना फतेहपुरकर लेखिका एवं अध्यक्ष, रंजन कलश, इन्दौर, श्री शालू सुधीर अवस्थी, लेखिका भोपाल, डॉ. मिन्टू शर्मा, साहित्यकार, मुजफ्फरपुर बिहार ने संगोष्ठी में विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में अतिथियों को स्मृति चिन्ह संयोजक एवं राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ. प्रभु चौधरी, समाजसेवी श्री मानसिंह चौधरी एवं संस्था पदाधिकारियों ने अर्पित किए। संचालन गरिमा प्रपन्न प्रदेश महासचिव ने किया। समापन सत्र का संचालन डॉ अरुण सराफ प्रदेश उपाध्यक्ष ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ प्रभु चौधरी एवं श्रीमती सरोज दवे, भोपाल ने किया।

# मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एमडी ने इंदौर मेट्रो प्रायोरिटी कॉरिडोर का किया दौरा

### जन-आकांक्षाओं के अनुरूप हो इंदौर मेट्रो की शुरूआत

विनय उजाला

**इंदौर, निप्र।** मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एमडी श्री संकेत भोंडवे ने शुक्रवार को इंदौर मेट्रो सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर का मेट्रो ट्रेन से एससी-03 स्टेशन से गाँधी नगर स्टेडियम तक यात्रा की और स्थल का निरीक्षण किया। प्रबंध संचालक ने नगर निगम, इंदौर विकास प्राधिकरण, मेट्रो अधिकारियों, कंसलटेंट और परियोजना से जुड़े अधिकारियों के साथ चर्चा की। नगरीय विकास आयुक्त भोंडवे ने भ्रमण के दौरान सुविधाओं जैसे एन्ट्री-एक्जिट पॉइंट्स, टिकट काउंटर, सूचना प्रदर्शन प्रणाली, मेट्रो ट्रेन में यात्रियों संबंधी सुविधाएँ, आपातकालीन द्वार जैसी आवश्यक व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने कहा कि मेट्रो क्षेत्र के आसपास साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाये। श्री भोंडवे ने डिपो स्थल के आसपास बड़े पैमाने पर पौध-रोपण की योजना अभी से तैयार करने के लिये कहा। एमडी भोंडवे ने मेट्रो प्रोजेक्ट से जुड़े सभी अधिकारियों से कहा कि इंदौर मेट्रो की शुरूआत जन-आकांक्षाओं के अनुरूप हो। मेट्रो सर्विस से मध्यप्रदेश की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर बनेगी। उन्होंने सम्पूर्ण मेट्रो क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, राजधानी संभाग क्रमांक-1, राजधानी परियोजना प्रशासन, लो.नि.वि., ई-5, अरेरा कॉलोनी, भोपाल**

**:: निविदा आमंत्रण सूचना ::**

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर उपलब्ध है:-

| स. क्रं. | टेंडर नं. | निविदा क्रं. एवं दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | निविदा प्रपत्र ऑनलाईन विक्रय, डाउनलोड की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_CPA_420997_1 | 57/SAC dt.02.05.25 | टी.टी. नगर स्टेडियम भोपाल में प्रस्तावित स्पोर्ट्स अकादमी में उन्नयनीकरण का कार्य। | Rs.138.91 | Rs.138910.00 | Rs.12,500/- | 28.05.2025 |
| 2 | 2025_CPA_420998_1 | 58/SAC dt.02.05.25 | श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम कोलार रोड भोपाल में आर.सी.सी. बाउन्ड्रीवाल एवं क्रिकेट ग्राउंड के पीछे तरफ चेन लिंक फेसिंग का कार्य। | Rs.82.26 | Rs.82260.00 | Rs.10,000/- | - As Above- |
| 3 | 2025_CPA_421001_1 | 59/SAC dt.02.05.25 | उपसंभाग क्रमांक-2, राज.परि.प्रशा., लो.नि.वि. भोपाल के अधीन 36-एफ टाईप आवास गृह ब्लाक नं.2 माता मंदिर पेंटिग एवं बाउंड्रीवाल का कार्य। | Rs.30.00 | Rs.50000.00 | Rs.5,000/- | - As Above- |
| 4 | 2025_CPA_421002_1 | 60/SAC dt.02.05.25 | उपसंभाग क्रमांक-2, राज.परि.प्रशा., लो.नि.वि. के अधीन 36-एफ टाईप टाईप आवास गृह ब्लाक नं.1 माता मंदिर, भोपाल में बाह्य पेंटिग एवं ग्रिल का कार्य। | Rs.25.00 | Rs.50000.00 | Rs.5,000/- | - As Above- |

उपरोक्त वेबसाईट से ऑनलाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे। निविदा प्रपत्र क्रय, डाउनलोड एवं ऑनलाइन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 28.05.2025 सायं 5.30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एनआईटी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट में देखी जा सकती है।

जी-12984/25

"पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"

**कार्यपालन यंत्री,**
**राजधानी संभाग क्रमांक-1,**
**राजधानी परियोजना प्रशासन, लो.नि.वि.,**
**ई-5 अरेरा कॉलोनी, भोपाल 0755-2464382**

# सम्पादकीय

## लड़कियों का बेहतर प्रदर्शन

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा 12वीं और 10वीं कक्षा के मंगलवार को घोषित नतीजों में लड़कियों ने एक बार फिर लड़कों से बेहतर प्रदर्शन किया।पिछले साल की तुलना में इस साल 12वीं कक्षा की परीक्षा में 90 फीसद से ज्यादा अंक अर्जित करने वाले छात्रों की संख्या में मामूली कमी आई है। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने बताया कि 12वीं में 88.39 फीसद उम्मीदवार परीक्षा में सफल हुए हैं, जबकि 10वीं कक्षा की परीक्षा 93 फीसद छात्र उत्तीर्ण घोषित किए गए हैं और लड़कियों के उत्तीर्ण होने का प्रतिशत लड़कियों से दो फीसद अधिक रहा।सीबीएसई की कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा में 93.66 फीसद परीक्षार्थी पास हुए हैं। इस बार भी बोर्ड ने मेरिट लिस्ट (मेधा सूची) जारी नहीं की यानी किस बच्चे ने टॉप किया और कौन बच्चा दूसरे, तीसरे नंबर पर रहा यह नहीं बताया गया। मेधा सूची जारी न करने के पीछे प्रमुख कारण बताया गया कि इससे बच्चों में बेवजह की प्रतिस्पर्धा देखने को मिलती है। सबसे ज्यादा चिंतनीय बात तो यह कि अनेक बच्चे इससे अहसासे कमतरी तक का शिकार हो जाते हैं। वैसे भी बोर्ड परीक्षा का हौवा इतना रहता है कि परीक्षार्थी काफी पहले से नर्वस दिखलाई पडने़ लगते हैं। हालांकि बोर्ड परीक्षा अब आम परीक्षा जितनी अहमियत वाली रह गई हैं क्योंकि उच्च शिक्षा में प्रवेश के लिए सीयूईटी जैसी परीक्षा उत्तीर्ण अनिवार्य बनाया जा चुका है। इसलिए बोर्ड परीक्षाओं की पहले जैसी धमक नहीं रही। लेकिन हर साल की तरह इस बार भी तमाम निजी स्कूल और कोचिंग संस्थान बोर्ड परीक्षाओं में अच्छे अंकों से पास हुए छात्र-छात्राओं को फोटो के साथ मुबारकबाद देने का सिलसिला जमाए हुए हैं। लगता है कि एक समूचा तंत्र ही सक्रिय हो उठा है, जिसके जरिए निजी स्कूल अपनी मार्केटिंग करने में जुटे हैं। जिस नीयत से सीबीएसई ने मेधा सूची जारी न करने का फैसला किया था, उसे ये निजी संस्थान पलीता लगा रहे हैं। तत्काल इस प्रकार के उपक्रम पर रोक लगाई जानी चाहिए। इस तरीके से अभिभावकों को भ्रम में डाला जा रहा है, और ज्यादा से ज्यादा छात्रों के इनटेक के लिए कवायद निजी स्कूलों और संस्थानों द्वारा की जा रही है। अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ अच्छा न कर पाने वालों के लिए यह संदेश कि सतत प्रयत्नशील बने रहें।

### दैनिक विनय उजाला — सुविचार

वाणी और विचार ये दोनों ही उत्पादन आपकी कंपनी के हैं,
गुणवत्ता जितनी ज्यादा अच्छी रखोगे,
कीमत उतनी ज्यादा मिलेगी।

**- राजेन्द्र मकवानी, इंदौर**

समस्या से समाधान की
और बढ़ना ही जिंदगी है।

**- डॉ. विनय दीवान, भोपाल**

अगर लोग आपके स्वभाव से मेल नहीं खा रहे हैं,
तो लोग बदलिए अपना स्वभाव नहीं।

**- एच.एल. खुशाल, इंदौर**

मन में मैल रखकर बाहर से
अच्छे होने का दिखावा करना कीचड़ के
ऊपर रंग लगाने वाली बात है।

**- के.पी. जाट, भोपाल**

ताकत की जरुरत तभी होती है
जब कुछ बुरा करना हो, वरना दुनिया में
सब कुछ पाने के लिए प्रेम ही काफी है।

**- नवनीत मिश्रा, इंदौर**

जिंदगी में परिश्रम और धीरज जरूरी है,
क्योंकि जरुरत कभी समाप्त नहीं होती है।

**- अजब सिंह राजपूत, आष्टा**

### रम गया भोले में



मन मेरा रम गया भोले में,
रास नहीं कुछ आता है,
गाकर भोले-भोले मेरा,
जीवन यूं कट जाता है।
मन मेरा रम ...
जो दुर्गम था सफर मेरा वो,
बस आसान हुआ जाता,
भोले की इच्छा से ही मैं,
जीवन की राह सजा पाता।
मन मेरा रम ....
कलम पकड़ कर मैंने जब-जब,
छवि भोले की बनाई है,
तब-तब भोले नें आकर के,
स्नेह की डोर थमाई है।
मन मेरा रम ...
सुमिरन करते हैं भोले को,
श्वांसों की आवाजाही से,
सुरभित हो जाता है आंगन,
भोले भक्ति के गीतों से।
मन मेरा रम ....
जितना रम जाते भोले में,
उतने ही पावन हो जाते,
क्षण-क्षण होते भोले के हम,
जीवन फिर सारा तर जाते।
मन मेरा रम ....
(214/268 वां मनका)

दैनिक विनय उजाला

**- कार्तिकेय कुमार त्रिपाठी 'राम'**
**गांधीनगर, इन्दौर (म.प्र.)**

---

तुर्किए द्वारा पाकिस्तान का साथ देने के बाद भारतीय पर्यटकों ने धड़ाधड़ तुर्की की यात्राएं कैंसिल करवानी शुरू कर दी हैं। भारतीय पर्यटकों को आज की तारीख में सिर्फ एक आम ट्रैवलर मानना बहुत बड़ी गलती है। क्योंकि ग्लोबल टूरिज्म इंडस्ट्री के लिए भारतीय पर्यटक एक आर्थिक स्तंभ बन चुके हैं। साल 2023 में भारतीय पर्यटकों ने दुनिया के अलग अलग हिस्सों में घूमने में 18 अरब डॉलर से ज्यादा खर्च किए।

# अनिवार्य है, कृतघ्न तुर्किए को कठोर संदेश देना

-डॉ. आशीष वशिष्ठ



जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को 26 निर्दोष हिन्दू पर्यटकों की नृशंस हत्या के उत्तर में शुरू ऑपरेशन सिंदूर पाक समर्थित आतंकवाद पर निर्णायक प्रहार बन गया। चार दिन तक चले ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान की सारी हेकड़ी निकल गई और वो सीजफायर की भिक्षा मांगने लगा। भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर अवश्य हो गया है, लेकिन ऑपरेशन सिंदूर के बीच तुर्की खासा सुर्खियों में रहा। उसका पाकिस्तान प्रेम खुलकर सामने आ गया। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन, तुर्किए और अजरबैजान का वास्तविक चेहरा समूचे विश्व के समक्ष अनावृत हो गया। पाकिस्तान ने इस दौरान भारत पर जो ड्रोन और मिसाइल दागे वो 'मेड इन' चाइना और तुर्किए में बने थे। पाकिस्तान ने जो चीन की निकृष्ट मिसाइल और तुर्किए के ड्रोन भारत पर हमले में प्रयोग किये, उनके अवशेष सैन्य बलों के पास हैं। चीन और तुर्किए अब इन प्रमाणों को नकार नहीं सकता है।

सीजफायर के बाद पाकिस्तान के मित्र तुर्किए के विरुद्ध भारत में विरोध शुरू हो गया है और सोशल प्लेटफार्म पर बॉयकाट तुर्की मुहिम जोर पकड़ने लगी है। भारतीय टूरिस्ट तुर्किये और अजरबैजान का बॉयकॉट कर रहे हैं। मोदी सरकार ने भी तुर्की को सबक सिखाने के लिए कदम उठाने शुरू कर दिये हैं। लेकिन जिस तरह देशवासियों ने खुद ही तुर्की और अजरबैजान का बॉयकॉट करने की मुहिम छेड़ी है, उसकी जितनी प्रशंसा की जाए वो कम है। भारतीय नागरिकों के इस भाव का प्रभाव तुर्किए के अरबों डॉलर के व्यापार पर पड़ने वाला है।

तुर्किये 'एहसान फरामोशी' का सबसे कलंकित उदाहरण हो सकता है। जब फरवरी- 2023 में तुर्किए में 7.8 तीव्रता का भूकंप आया था। लगभग चालीस हजार लोग मारे गए थे और इमारतें मलबा हो गई थीं, तब भारत ने मदद का पहला हाथ बढ़ाया था। भारत ने भूकंप के अलावा भी तुर्किये की कई बार सहायता की है, लेकिन जब मौका आया तो उसने कृतघ्नता ही दिखाई । वह भारत के शत्रु के पक्ष में खड़ा हो गया। 2009 में तुर्किये ने पहली नैनो सैटेलाइट आईटीयूपीसेट-1 बनाई, जिसे स्पेस में नई टेक्नोलॉजी पर रिसर्च करना, पृथ्वी की तस्वीरें लेना और आंकड़ा एकत्र करने के लिए भेजा जाना था। इस लॉन्च में भारत ने तुर्किये की मदद की थी। इस सबके बाद भी तुर्किये सदैव पाकिस्तान का समर्थन करता रहा है।

तुर्किये ने 2019 में भारत के धारा 370 हटाने का भी विरोध किया था। इसके बाद से लगातार तुर्किये यूनाइटेड नेशन जनरल असेंबली (यूएनजीए) में कश्मीर का मुद्दा उठाता आया है। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में 6-7 मई की रात भारत ने ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया तो तुर्किये खुलकर पाकिस्तान के साथ दिखा। कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि तुर्किये ने पाकिस्तान को करीब 350 ड्रोन और उन्हें चलाने के लिए ऑपरेटर भेजे। चार मई को तुर्किये ने नौसेना का युद्धपोत टीसीजी बुयुकडा (एफ-512) पूरे बेड़े के साथ पाकिस्तान के कराची पोर्ट पर भेज दिया। तुर्किए ने पाकिस्तान के पहलगाम हमले की अंतरराष्ट्रीय जांच की अनुशंसा का भी समर्थन किया। 10 मई को सीजफायर के बाद शहबाज शरीफ ने एर्दोगन को मदद करने के लिए शुक्रिया अदा किया।

तुर्किए द्वारा पाकिस्तान का साथ देने के बाद भारतीय पर्यटकों ने धड़ाधड़ तुर्की की यात्राएं कैंसिल करवानी शुरू कर दी हैं। भारतीय पर्यटकों को आज की तारीख में सिर्फ एक आम ट्रैवलर मानना बहुत बड़ी गलती है। क्योंकि ग्लोबल टूरिज्म इंडस्ट्री के लिए भारतीय पर्यटक एक आर्थिक स्तंभ बन चुके हैं। साल 2023 में भारतीय पर्यटकों ने दुनिया के अलग अलग हिस्सों में घूमने में 18 अरब डॉलर से ज्यादा खर्च किए। ऐसे में अगर भारतीय पर्यटक किसी देश का बहिष्कार करते हैं तो वो सिर्फ एक सोशल मीडिया पर चलाया गया ट्रेंड नहीं होता , बल्कि एक भूकंप होता है।

पिछले साल जनवरी में मालदीव के कुछ मंत्रियों ने प्रधानमंत्री मोदी के लक्षद्वीप दौरे के दौरान अभद्र भाषा का प्रयोग किया था। जिसके बाद भारत और मालदीव के बीच विवाद काफी बढ़ गया। भारतीय पर्यटकों ने मालदीव का बहिष्कार शुरू कर दिया। जिसके चलते कुछ ही समय में मालदीव के नेता घुटने टेकने के लिए विवश हो गए। मालदीव की अर्थव्यवस्था, जिसमें टूरिज्म सेक्टर का 28 प्रतिशत योगदान है, उसे गहरा धक्का लगा था। लिहाजा अब बारी तुर्की की है।

पिछले कुछ सालों में भारी संख्या में भारतीय पर्यटकों ने घूमने के लिए तुर्की को चुना है। साल 2023 में करीब 2.74 लाख भारतीय नागरिक घूमने के लिए तुर्की गये थे। जबकि 2024 में तुर्की जाने वाले भारतीय पर्यटकों का ये आंकड़ा बढ़कर करीब 3.5 लाख पहुंच गया। भारतीय लोगों के बीच शादी करने, हनीमून मनाने और फैमिली ट्रिप्स के लिए तुर्की तेजी से लोकप्रिय हो रहा था। लेकिन आपरेशन सिंदूर के दौरान तुर्की ने पाकिस्तान का समर्थन करके भारतीयों को अपने विरूद्ध कर लिया है। इसके अलावा भारत जैसे देशों के पर्यटकों का बहिष्कार सिर्फ आर्थिक नहीं, राजनीतिक संदेश भी होता है।

पर्यटन के अलावा भारतीय बाजारों में तुर्की से आयातित सेब की बिक्री पर भी प्रभाव पड़ा है। भारतीय कारोबारियों ने अब ईरान, अमेरिका और न्यूजीलैंड से सेब खरीदना शुरू कर दिया है। सेब उत्पादन करने वाला संघ जो पहले से ही विदेशों से मंगाए जाने वाले सेब की वजह से नाराज रहता था। वह तुर्की के सेब पर प्रतिबंध लगाने की मांग करता रहता था वो अब प्रसन्न है। इस वित्त वर्ष में तुर्की से 1 लाख 60 हजार टन सेब खरीदे गये थे।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार भारत तुर्की के साथ व्यापारिक संबंध समाप्त करने की तैयारी में हैं। भारत तुर्की से दाल, तिलहन और स्टील जैसी चीजें खरीदता है। दोनों देशों के बीच व्यापार को 20 अरब डॉलर तक ले जाने की योजना थी। लेकिन अब बदले वातावरण में यह संबंध पूर्णत समाप्त हो सकते हैं। 15 मई को केंद्र सरकार ने तुर्किये की कंपनी सेलेबी एविएशन की सुरक्षा मंजूरी रद्द कर दी। यह दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु सहित प्रमुख भारतीय हवाई अड्डों पर हाई सिक्योरिटी ऑपरेशन संभालती है। भारत के प्रतिष्ठित शिक्षा संस्थानों ने भी तुर्की से एकेडमिक समझौते रद्द कर दिये हैं। इनमें जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी, जामिया मिल्लिया इस्लामिया, आईआईटी रुड़की और लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी शामिल हैं।

भारत सरकार ने व्यापार के अलावा कूटनीति के मोर्चे पर भी तुर्किये को बड़ा सबक सिखाने का मन बना लिया है। तुर्किये में लगातार बढ़ रही मानवाधिकार हनन की घटनाओं को भारत यूनाइटेड नेशन्स के समक्ष रख सकता है। इसके अलावा 'साइप्रस का मुद्दा% तुर्किये की सबसे बड़ी कमजोरी बन चुका है। तुर्किए और साइप्रस के बीच की जंग दशकों पुरानी है, इसके बावजूद तुर्किये इसे समाप्त नहीं कर पा रहा। भारत इस मुद्दे के सहारे तुर्किये को सबक सिखा सकता है। येन-केन-प्रकारेण, तुर्किये ने इस्लामी देशों का 'खलीफा' बनने की भ्रांति पाल रखी है, इसलिए उसकी हेकड़ी तोड़ना अत्यावश्यक है।

तुर्किए को सबक सिखाना इसलिए भी अहम है क्योंकि समूचे विश्व को यह संदेश देना चाहिए कि भारत के शत्रु का जो भी साथ देगा, उसे भारत शत्रु की श्रेणी में ही रखेगा। व्यापार, हानि—लाभ और कूटनीति अपने स्थान पर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शब्दों में कहा जाए तो हमारे दिल में %नेशन फर्स्ट% का भाव सर्वोच्च होना चाहिए। केवल तुर्किए ही नहीं, हमें हर उस देश और व्यक्ति का बॉयकॉट करना चाहिए या हमारे भीतर शत्रु बोध होना चाहिए, जो हमारे देश के प्रति शत्रुता रखता हो, शत्रुता का भाव, विचार रखता हो और जो हमारे शत्रु से मित्रता निभाता हो।

# डिजिटल युग में बचपन और रिश्तों का संकट

- प्रियंका सौरभ

डिजिटल युग ने जहां हमारी दुनिया को एक-दूसरे के बेहद करीब ला दिया है, वहीं इसके प्रभाव ने बच्चों के जीवन और पारिवारिक रिश्तों में गहरे बदलाव भी ला दिए हैं। आज के बच्चे आँगन की मिट्टी छोड़कर स्मार्टफोन, टैबलेट और गेमिंग की आभासी दुनिया में खोते जा रहे हैं। उनका बचपन अब स्क्रीन की चकाचौंध में डूबा है, जिससे न केवल पारिवारिक रिश्ते कमजोर हो रहे हैं, बल्कि उनकी मानसिक, सामाजिक और भावनात्मक सेहत पर भी नकारात्मक असर पड़ रहा है।कुछ दशक पहले का बचपन आज से बिलकुल अलग था। आँगन में कंचे खेलना, मिट्टी में खेलना, दौड़-भाग और गली-मोहल्ले में दोस्तों के साथ मस्ती करना, हर बच्चे की जिंदगी का अनिवार्य हिस्सा था। बच्चे पसीने से तरबतर होकर घर आते थे। माँ की ममता भरी थपकी और दादी की कहानियाँ उनके दिन की खुशी का आधार हुआ करती थीं। उस वक्त डिजिटल उपकरणों का नामोनिशान भी नहीं था।आज का बचपन बदले हुए दौर की पहचान है। बच्चे मोबाइल फोन, टैबलेट और वीडियो गेम्स की दुनिया में उलझे रहते हैं। वे घंटों एक छोटी सी स्क्रीन के सामने बैठकर आभासी पात्रों के साथ लड़ते-झगड़ते हैं, लेकिन असली दुनिया से उनकी दूरी बढ़ती जा रही है। वे पारिवारिक संवाद और वास्तविक सामाजिक मेलजोल से दूर हो रहे हैं।मनोवैज्ञानिक और शोधकर्ता इस बात पर सहमत हैं कि बच्चों में स्क्रीन टाइम का अत्यधिक उपयोग उनके मानसिक और शारीरिक विकास के लिए नुकसानदायक है। राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य सर्वेक्षण-2023 के अनुसार, 12-18 वर्ष के लगभग 75त्न बच्चे दिन में चार से छह घंटे तक मोबाइल या टैबलेट का उपयोग करते हैं, जबकि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के मुताबिक इस उम्र के बच्चों के लिए स्क्रीन टाइम दो घंटे से अधिक नहीं होना चाहिए। अधिक देर तक स्क्रीन देखने से बच्चों की नींद प्रभावित होती है, ध्यान केंद्रित करने की क्षमता घटती है और मानसिक तनाव बढ़ता है। इससे अवसाद, चिड़चिड़ापन और अकेलेपन जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं। साथ ही शारीरिक रूप से भी वे सक्रिय नहीं रहते, जिससे मोटापा, दृष्टि की कमजोरी और अन्य स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतें बढ़ रही हैं।परिवार के सदस्य भी एक-दूसरे के साथ समय बिताने की बजाय अपने-अपने मोबाइल या डिजिटल उपकरणों में खोए रहते हैं। भोजन करते समय भी अधिकतर लोग फोन पर व्यस्त रहते हैं। बच्चों के साथ संवाद की कमी उनके और माता-पिता के बीच भावनात्मक दूरी बढ़ा रही है। बच्चे अपने मन की बात कहने में संकोच करते हैं, जिससे उनका मनोबल कमजोर होता है। परिवार में संवाद की कमी से बच्चों की समझ और सहानुभूति विकसित नहीं हो पाती। वे अपनी भावनाओं को सही ढंग से अभिव्यक्त नहीं कर पाते, जो रिश्तों में दरार का कारण बनता है। इसका असर उनकी सामाजिक व्यवहार, दोस्ती और रिश्तों की गुणवत्ता पर भी पड़ता है।स्क्रीन के सामने बिताया गया अधिक समय बच्चों के सामाजिक कौशल को प्रभावित करता है। वे वास्तविक जीवन के संपर्क में कम आते हैं, जिससे उनकी संवाद क्षमता, सहनशीलता और टीम भावना कमजोर होती है। बच्चे जो जीवन के अनुभवों और अलग-अलग लोगों से मिलने-जुलने से सीखते हैं, वे अनुभव डिजिटल माध्यम से पूरी तरह से नहीं हो सकते। भावनात्मक विकास के लिए भी पारिवारिक रिश्तों और सामाजिक मेलजोल की जरूरत होती है। बच्चे अपनी खुशियों, दुखों और परेशानियों को परिवार या करीबी दोस्तों के साथ बांटकर मानसिक रूप से स्वस्थ रहते हैं। परंतु डिजिटल युग में इस आदत का टूटना, बच्चों को अकेला और असहाय महसूस कराता है। आज के बच्चे अपनी दोस्ती को 'फॉलोअर्स', 'लाइक्स' और 'कमेंट्स' तक सीमित कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर जो मित्रता होती है, वह अक्सर सतही और अस्थायी होती है। आभासी मित्रों से मिलने वाली स्वीकार्यता अस्थायी संतुष्टि देती है, लेकिन असली जीवन के कठिन समय में वे समर्थन नहीं दे पाते। गेमिंग की दुनिया में बच्चे जीतने के लिए कई बार आपस में लड़ते हैं, झूठ बोलते हैं या अनैतिक रास्ते अपनाते हैं। यह उनकी नैतिकता और व्यवहार को प्रभावित करता है। खेलों की इस प्रतिस्पर्धा में बच्चों का आपसी प्रेम और सम्मान कम होता जा रहा है।बच्चों के इस डिजिटल मोह को समझना और नियंत्रित करना आज माता-पिता और शिक्षकों की जिम्मेदारी है। माता-पिता को चाहिए कि वे अपने बच्चों के साथ समय बिताएं, उनकी रुचियों को समझें और उन्हें रचनात्मक गतिविधियों की ओर प्रेरित करें। उन्हें चाहिए कि वे बच्चों के मोबाइल और इंटरनेट के उपयोग पर नजर रखें और उचित समय सीमा तय करें। स्कूलों में भी डिजिटल लत के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए कार्यक्रम होने चाहिए, जहाँ बच्चों को डिजिटल संतुलन का महत्व समझाया जाए। बच्चों को प्राकृतिक खेलों, कला, संगीत और सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए ताकि उनका मानसिक विकास स्वस्थ हो।सांस्कृतिक और सामाजिक बदलाव की जरूरतयह समस्या केवल व्यक्तिगत स्तर की नहीं, बल्कि सामाजिक बदलाव की भी मांग करती है। हमें समाज के रूप में यह स्वीकार करना होगा कि आभासी दुनिया कभी भी वास्तविक जीवन का विकल्प नहीं हो सकती। परिवारों को चाहिए कि वे पारिवारिक मुलाकातों और वार्तालाप को प्राथमिकता दें। समाज में सामाजिक मेलजोल को बढ़ावा देने के लिए सामूहिक खेल, त्योहार, मेलों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। इससे बच्चे और परिवार आपस में जुड़ेंगे, भावनात्मक संबंध मजबूत होंगे और बच्चों का समग्र विकास होग। डिजिटल की दुनिया में खोया बचपन न केवल बच्चों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर असर डालता है, बल्कि पारिवारिक रिश्तों को भी कमजोर करता है। बच्चों की हँसी, खेल और रिश्तों की गहराई को बचाने के लिए हमें सजग और सक्रिय होना होगा।जरूरत इस बात की है कि माता-पिता, शिक्षक और समाज मिलकर यह सुनिश्चित करें कि डिजिटल तकनीक का उपयोग संतुलित और स्वस्थ तरीके से हो। बच्चों को वह बचपन दें जिसमें वे न केवल डिजिटल दुनिया के माहिर हों, बल्कि असली जिंदगी के रंग भी गहराई से महसूस कर सकें। आखिरकार, आँगन की मिट्टी की खुशबू, माँ-बाप की ममता और भाई-बहनों का साथ, जो भावनाओं से जुड़ी होती है, उसे कोई भी डिजिटल दुनिया कभी नहीं दे सकती। बचपन की यही मिठास, यही मासूमियत और यही रिश्तों की गूंज जीवन का सच्चा संगीत है, जिसे हमें सहेज कर रखना होगा।

# महू में राष्ट्रीय हित में निकली विशाल तिरंगा यात्रा, ड्रीमलैंड चौराहे पर जुटें हजारों देशभक्त

जितेन्द्र यादव





**इंदौर निप्र। केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर, मंत्री तुलसीराम सिलावट, राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार, संभाग प्रभारी राघवेंद्र गौतम, विधायक उषा ठाकुर, जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा, पूर्व विधायक विशाल पटेल सहित हजारों नागरिकों ने सेना के सम्मान में तिरंगा थामा।**

ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में भारत देश के नागरिक जिले के कोने-कोने से तिरंगा यात्रा निकाल रहे है श्री श्रवणसिंह चावड़ा एवं यात्रा संयोजक श्री घनश्याम नारोलिया द्वारा बताया गया की राष्ट्र की सुरक्षा के लिए नागरिक कार्यक्रम के अंतर्गत आज देश की जांबाज सेना के सम्मान में महू के ड्रीमलैंड चौराहे से तिरंगा यात्रा निकाली गई यात्रा में केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर.मंत्री तुलसीराम सिलावट.राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार.संभाग प्रभारी राघवेंद्र गौतम.विधायक उषा ठाकुर.श्रवण चावड़ा आर्मी केप पहनकर यात्रा में सम्मलित हुए साथ ही विभिन्न समाज पूर्व सैनिक संगठन सामाजिक व्यापारिक खेल साँस्कृतिक एनसीसी सहित स्वयं सेवी संगठनो के देशभक्त नागरिक हाथों में तिरंगा ध्वज लेकर शामिल हुए वहीं यात्रा ड्रीमलैंड चौराहे से प्रारंभ होकर कंटोनमेंट गर्ल्स स्कूल से हरि फाटक होते हुए पुन ड्रीमलैंड चौराहे पहुंची और वही यात्रा का समापन हुआ समापन पर राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार. विधायक उषा ठाकुर एवं जिला अध्यक्ष श्रवणसिंह चावड़ा ने यात्रा को सफल बनाने के लिए सभी नागरिकों का आभार माना एनसीसी केडेस ने सेना के सम्मान में - इंदौर जिला मैदान में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और हिंदुस्तान जिंदाबाद भारत माता की जय राफेल से मिसाइल दागते हुए चित्रों की तख्तियां लेकर यात्रा में शामिल हुए पूरा महू (मिलिट्री हेड क्वार्टर ऑफ वार) भारत माता की जयकारों वंदे मातरम से गूंज उठा यात्रा में मातृ शक्ति बड़ी संख्या में हाथों में तिरंगा लिए शामिल हुई पूर्व सैनिक संगठन के सैनिक कर्नल गौरव दीक्षित के नेतृत्व में मेडल लगी ड्रेस पहनकर शामिल हुए श्री चावड़ा ने मंच पर मोतियों की माला पहनाकर सभी पूर्व सैनिकों का सम्मान किया यात्रा संयोजक घनश्याम नारोलिया. कंचनसिंह चौहान. अशोक यादव. सुभाष महोदय. विष्णुप्रसाद शुक्ला. सह प्रभारी दिनेशसिंह चौहान. रामस्वरूप गहलोत. रविन्द्र चौधरी मंडल अध्यक्ष राऊ. दिलीप पटेल जिला पंचायत सदस्य. मुकेश यादव जनपद सदस्य. रामविलास पटेल. भारतसिंह चिमली. मुकेश चौहान. वीना पटेल. सुभाष पाटीदार. सुनयना बियानी. अश्विन पटेल. मुकेश जरिया. वरुण पाल. हेमचंद्र मित्तल. संगीता भार्गव. नीलेश उपाध्याय. वीरेन्द्र अंजाना. विनोद जाट. अजय पंवार. विक्रम जाट. जय श्री पाटीदार. महेश गहलोत सहित हजारों देशभक्त नागरिक उपस्थित थे।

### झलकियों के साथ निकली तिरंगा यात्रा

यात्रा में शामिल झांकी में भारत माता की रक्षा करते हुए सैनिकों को दिखाया गया है जिनका प्रतिनिधित्व विंग कमांडर व्योमिका सिंह और कर्नल सोफिया कुरैशी को करते हुए दर्शाया गया यात्रा में राफेल की प्रतिकृति भी शामिल थी जिस पर भारत का ध्वज लहरा रहा था› एक महिला भारत माता की वेशभूषा में शामिल हुई जिनके मुकुट पर पूरा कश्मीर सुशोभित हो रहा था यात्रा में ग़ज़ब का उत्साह था हर कोई ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से उत्साहित होकर भारतीयता और तिरंगे रंग में लिपटा नजर आ रहा था यात्रा के दौरान अर्चीत होम्योपैथिक क्लिनिक के सामने 4 साल की आध्या आर्मी की ड्रेस में हाथों में तिरंगा लिये यात्रा का उत्साह वर्धन करते हुए नजर आ विधायक उषा ठाकुर बैंड पर मैं रहूं या न रहूं भारत ये रहना चाहिए गीत गाते हुए चल रही थी भाजपा जिला अध्यक्ष श्रवणसिंह चावड़ा ने भूतपूर्व सैनिकों का मोतियों की माला पहनाकर स्वागत किया यात्रा का जगह जगह स्वागत मंचों से पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

# दो-दो हाथ

आज रौशनी का कक्षा 12 का रिजल्ट आया, रिजल्ट देख सभी बहुत खुश थे घर पर ख़ुशी का माहौल था, तभी रौशनी के स्कूल के प्राचार्य रौशनी को बधाई देने घर आये , रौशनी ने उनके चरण छू कर आशीर्वाद लिया तो सर ने कहा जिस तरह तुमने अपने गाँव का नाम रोशन किया है वैसे ही अब तुम शहर जाकर अपने परिवार के साथ साथ स्कूल का नाम भी रोशन करोगी.

बस इतना सुनना था कि रौशनी कि दादी बोल पड़ी - ज़माना बहुत खराब है। इतनी दूर अकेली लड़की को भेजने की कोई ज़रूरत नहीं है। पढ़ लिया बहुत, अब चौका-चूल्हा सँभालो बस। रौशनी के दादा ने कहा - अखबार भरे पड़े हैं ऐसी तमाम बातों से.. फिर भी तुम बेटी को बाहर पढ़ने भेजना चाहते हो?, जी मम्मीजी, मैं भी यही सब समझाने की कोशिश कर रही हूँ, आपकी मर्जी के बिना कुछ नहीं होगा - रौशनी कि मम्मी ने कहा,

रौशनी ने सर से कहा - सभी ख़िलाफ़ हैं मेरे शहर जाकर पढ़ने पर, बस पापा- मम्मी को छोड़कर ।पर मैं जाना चाहती हूँ, खूब पढ़ना चाहती हूँ. सर आशीर्वाद दे कर चले गए और घर का खुशियों वाला माहौल तनाव में बदल गया, तभी रौशनी ने दादी से कहा ङ्क दादी, दादी चलो मंदिर चलते है, आपने कहाँ था ना, मेरे अच्छे नंबर आयेंगे तो मंदिर चलेंगे, हाँ कहा तो था चलो तैयार हो जाओ अपन मंदिर चलते है, रौशनी, मम्मी और दादी तीनो गाँव से थोड़ी दूर माता के मंदिर कि और चल पड़ते है, वापसी के समय थोड़ा अँधेरा सा हो गया था कि तभी कुछ लोगो ने तीनो को घेर लिया और दादी के गले में पड़ी सोने कि मोटी चैन खीचने लगे, रौशनी ने उन्हें ऐसा करने से मना किया तो उन्होंने रौशनी को 2 झापड़ जड़ दिए, दादी और मम्मी घबरा गए लेकिन रौशनी ने खड़ी होकर उनसे जो दो-दो हाथ किये कि वे सभी दुम दबाकर भाग गए, अब तो दादी भी कह रही है कि रौशनी शहर जाकर अच्छो अच्छो के छक्के छुटवा देगी.



दैनिक विनय उजाला
**- तपन जिंदल**

## संक्षिप्त समाचार

### शशि थरूर विवाद से केरल कांग्रेस ने बनाई दूरी कहा- उन्हें पार्टी से अनुमति लेनी चाहिए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केरल में कांग्रेस ने रविवार को शशि थरूर द्वारा केंद्र सरकार के आमंत्रण पर बहु-दलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने के फैसले के बाद पैदा हुए विवाद से खुद को अलग कर लिया। पार्टी ने स्पष्ट किया कि इस मुद्दे पर टिप्पणी करना पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व का विषय है। विपक्ष के नेता वीडी सतीसन ने एक पत्रकार के सवाल के जवाब में कहा कि शशि थरूर कांग्रेस कार्य



समिति के सदस्य हैं और उनके जैसे नेता पार्टी अनुक्रम में उनसे ऊपर हैं। एक सीडब्ल्यूसी सदस्य का पद काफी अहम होता है। इस विषय पर पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व अपनी राय देगा, और हम वही राय साझा करेंगे। हालांकि, वरिष्ठ कांग्रेस नेता तिरुवंचूर राधाकृष्णन ने थरूर से कांग्रेस सांसद के रूप में अपनी मुख्य जिम्मेदारी निभाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पूर्व संयुक्त राष्ट्र राजनयिक अंतरराष्ट्रीय अवसरों की तलाश कर सकते हैं, लेकिन ऐसा पार्टी नेतृत्व की अनुमति से ही होना चाहिए। एक टीवी चैनल से बात करते हुए राधाकृष्णन ने कहा, थरूर की दो भूमिकाएं हैं—एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनके विचारों और संबंधों की वजह से, और दूसरी कांग्रेस सांसद के रूप में। उन्होंने आगे कहा, स्वाभाविक है कि उन्हें पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व की जानकारी और मंजूरी के साथ ही आगे बढ़ना चाहिए। वह अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में काम कर सकते हैं, लेकिन वह पार्टी को कमजोर नहीं कर सकते, जिसका वे वर्तमान में प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। राधाकृष्णन ने कहा कि उन्हें पहले अपने संसदीय कर्तव्यों को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने दोहराया कि थरूर कांग्रेस नेतृत्व की स्वीकृति से अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में अवसर तलाश सकते हैं।

### विवेक तन्खा ने साधा निशाना, सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में एक भी कश्मीरी पंडित नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पहलगाम हमले के बाद भारत प्रमुख साझेदार देशों का दौरा करने के लिए एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजने की तैयारी कर रहा है, ताकि पाकिस्तान समर्थित आंतकवाद को उजागर किया जा सके। इस बीच, कांग्रेस सांसद विवेक तन्खा ने इसमें कश्मीरी पंडित समुदाय के प्रतिनिधियों की गैरमौजूदगी पर आपत्ति जताई है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने सात दलों के उस प्रतिनिधिमंडल में अपने पसंदीदा लोगों को ही शामिल किया है, जिसका मकसद जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान प्रयोजित आतंकवाद को उजागर करना है। उन्होंने कहा कि कश्मीरी पंडित एक भूली हुई प्रजाति की तरह प्रतीत होते हैं। तन्खा ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, दुनिया के देशों में सात प्रतिनिधिमंडलों को भेजने की योजना सराहनीय है। लेकिन कुछ अपवादों को छोड़कर दुर्भाग्य से यह सरकार के पसंदीदा लोगों की एक लंबी सूची तरह



लगता है। मुद्दा जम्मू-कश्मीर का है, लेकिन प्रतिनिधिमंडल में एक भी कश्मीरी पंडित नहीं है। ऐसा लगता है कि उन्हें भुला दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह चिंता की बात है कि कश्मीरी पंडित न तो प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की सूची में हैं, और न ही लोकसभा नेता विपक्ष राहुल गांधी की ओर से भेजे गए चार नामों में। देशभर का प्रतिनिधित्व करने वाले इस प्रतिनिधिमंडल में मध्यप्रदेश से भी एक भी व्यक्ति नहीं है। लगता है जैसे यह राज्य इस लायक ही नहीं समझा गया। उनकी यह प्रतिक्रिया उस समय आई, जब केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के नामों की सूची जारी की, जिसे सात समूहों में बांटा गया है। यह प्रतिनिधिमंडल भारत के प्रमुख साझेदार देशों का दौरा करेगा ताकि पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद को दिए जा रहे समर्थन को उजागर किया जा सके और वैश्विक मंच पर भारत की आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति को मजबूती से पेश किया जा सके।

### मायावती ने भतीजे आकाश आनंद को बनाया बसपा का मुख्य नेशनल कोआर्डिनेटर

**लखनऊ।** बसपा प्रमुख मायावती ने भतीजे आकाश आनंद को एक बार फिर से बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। मायावती ने आकाश आनंद को बसपा का मुख्य नेशनल कोआर्डिनेटर बनाया है। रविवार को बसपा के वरिष्ठ नेताओं की मीटिंग में बसपा प्रमुख मावती ने इसकी घोषणा कर दी। आकाश आनंद को तीन नेशनल कोआर्डिनेटर रिपोर्ट भी करेंगे। आकाश आनंद आगामी चुनाव में प्रचार-प्रसार की कमान भी संभालेंगे। दिल्ली में रविवार को हुई बसपा की महत्वपूर्ण बैठक में आकाश आनंद को सर्वसम्मति से यह जिम्मेदारी सौंपने का निर्णय हुआ। मायावती ने इसका ऐलान करते हुए कहा कि उम्मीद है कि इस बार, यह पार्टी व मूवमेन्ट के हित में, हर प्रकार की सावधानी बरतते हुए, पार्टी को मजबूत बनाने में अपना सराहनीय योगदान देगा। बसपा प्रमुख ने देश भर में पार्टी के कार्यक्रमों की व्यवस्था के लिए बहुजन वालन्टियर फोर्स (बीवीएफ) को पहले की तरह संगठित करने पर जोर दिया। आकाश आनंद अब पार्टी में नंबर दो की स्थिति में आ गए हैं। बसपा के तीन राष्ट्रीय समन्वयकों, राज्यसभा सांसद रामजी गौतम, रणधीर बेनीवाल और राजाराम को निर्देश दिया गया कि वे अब आकाश आनंद को रिपोर्ट करेंगे। इनमें रामजी गौतम बिहार के प्रभारी भी हैं। मीटिंग में मायावती ने पार्टी के पदाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि खासकर महापुरुषों के अनादर/अपमान तथा दलित उत्पीड़न आदि के मामलों में पार्टी के प्रतिनिधिमण्डल के रूप में पीड़ित परिवारों से मिलकर उन्हें सांत्वना दिलाने एवं सरकार से दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करके पीड़ितों को न्याय दिलाने का प्रयास कानूनी व शान्तिपूर्ण तरीके से जारी रखें।

### शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने कहा- इंडिया गठबंधन को सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल बहिष्कार करना चाहिए

**मुंबई, एजेंसी।** शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने रविवार को कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल दलों को आतंकवाद के खिलाफ भारत की प्रतिबद्धता दर्शाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा विभिन्न देशों में भेजे जा रहे सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का बहिष्कार करना चाहिए था। यह कदम ऑपरेशन सिंदूर की पृष्ठभूमि में उठाया गया है। राउत ने आरोप लगाया कि यह प्रतिनिधिमंडल सरकार द्वारा किए गए पापों और अपराधों का बचाव करेगा। उन्होंने कहा, ऐसे प्रतिनिधिमंडल को भेजने की कोई आवश्यकता नहीं थी, वह भी सरकार के खर्चे पर। ये वहां करेंगे क्या? हमारे पास विदेशों में राजदूत हैं, वे अपना काम कर रहे हैं। इंडिया गठबंधन को इसका बहिष्कार करना चाहिए था। वे सरकार द्वारा बिछाए गए जाल में फंस रहे हैं। आप देश का नहीं, सरकार द्वारा किए गए पापों का बचाव करने जा रहे हैं। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि शिवसेना (यूबीटी), तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी), राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) जैसे दलों से इस बारे में कोई सलाह-मशविरा क्यों नहीं किया गया? राउत ने कहा, शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे को प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने के लिए नामित किया गया, जबकि हमारी पार्टी की लोकसभा में पर्याप्त संख्या है। हमें भी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने का मौका मिलना चाहिए था। किस आधार पर कह रहे हैं कि यह सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल है?

# राउत ने केंद्र सरकार पर लगाए आरोप : मैंने 2019 में भाजपा को सत्ता में आने से रोका, इसलिए ईडी ने मुझे गिरफ्तार किया

मुंबई, एजेंसी

**शिवसेना ( यूबीटी ) नेता संजय राउत ने दावा किया है कि प्रवर्तन निदेशालय की ओर से कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उन्हें गिरफ्तार करने के पीछे मुख्य वजह यह थी कि उन्होंने 2019 में महाराष्ट्र में भाजपा को सत्ता में आने से रोका था।**



अपनी पुस्तक नरकतला स्वर्ग (नरक में स्वर्ग) में राउत ने यह भी दावा किया कि उनके खिलाफ कार्रवाई इसलिए की गई, क्योंकि वह उस वर्ष सत्ता में आई उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास अघाड़ी सरकार का सुरक्षा कवच थे। पुस्तक राउत के जेल में बिताए उन अनुभवों के बारे में है, जब ईडी ने उन्हें 2022 में ठाकरे सरकार के गिरने के तुरंत बाद कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था। बाद में राउत को जमानत मिल गई थी। उन्होंने कहा, मेरे खिलाफ कार्रवाई के पीछे मुख्य कारण यह था कि मैंने भाजपा को सत्ता में आने से रोका। मैं ठाकरे सरकार के लिए एक सुरक्षात्मक दीवार था। उन्होंने दावा किया, एकनाथ शिंदे सरकार असंवैधानिक तरीकों से बनाई गई थी। शिंदे और तत्कालीन उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस दोनों एक बात पर सहमत रहे होंगे कि अगर सरकार को काम करना है, तो राउत को सलाखों के पीछे होना चाहिए। भाजपा के आलोचक माने जाने वाले राज्यसभा सांसद ने कहा कि पूर्व सहयोगी दल 2019 में उद्धव ठाकरे को मुख्यमंत्री के रूप में नहीं देख सकता था, इसलिए उसके नेताओं ने उनकी सरकार को गिराने की साजिश रची। उन्होंने कहा कि सरकार के पास 170 विधायकों का बहुमत होने के कारण यह संभव नहीं था कि उनका ऑपरेशन लोटस सफल हो। यही कारण है कि केंद्रीय एजेंसियां युद्ध के मैदान में उतरीं।

### अनिल देशमुख, नवाब मलिक और संजय राउत को निशाना बनाया गया

उन्होंने कहा, अनिल देशमुख, नवाब मलिक और संजय राउत को लक्ष्य बनाया गया था। संघीय एजेंसी ने एक राजनीतिक एजेंडा तय किया था और महाराष्ट्र में गिरफ्तार किए जाने वाले एमवीए नेताओं की एक सूची बनाई थी। किताब में दावा किया गया कि सूची में देशमुख, मलिक और राउत शामिल थे। देशमुख और मलिक दोनों एनसीपी से हैं और ठाकरे सरकार में मंत्री थे। ईडी ने अविभाजित शिवसेना के 40 विधायकों (शिंदे सहित) में से 11 पर शिकंजा कस दिया था, जिन्होंने ठाकरे के खिलाफ विद्रोह किया था। राउत ने दावा किया कि ईडी अविभाजित शिवसेना के कुछ सांसदों को भी गिरफ्तार करने जा रही थी।

#### 105 सीटें जीतने के बावजूद विपक्ष में बैठना पड़ा

राउत ने कहा कि भाजपा इस बात से आहत है कि उसे 2019 के चुनावों में 288 सदस्यीय विधानसभा में 105 सीटें जीतने के बावजूद विपक्ष में बैठना पड़ा। शिवसेना ने शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी के साथ हाथ मिला लिया, जिससे भाजपा को विपक्ष में बैठना पड़ा। उन्होंने दावा किया कि भाजपा 2019 में महाराष्ट्र में सरकार न बना पाने का कारण राउत को मानती है। भाजपा को हमेशा इसका अफसोस रहा है। भाजपा और शिवसेना ने 2019 का विधानसभा चुनाव साथ मिलकर लड़ा था, लेकिन मुख्यमंत्री पद को लेकर शिवसेना ने भाजपा से नाता तोड़ लिया। बाद में यह कांग्रेस और (अविभाजित) एनसीपी वाली महा विकास अघाड़ी का हिस्सा बन गई। एमवीए सरकार का नेतृत्व ठाकरे ने किया।

संघ पर एआईएमआईएम प्रमुख का हमला

# मैं और आरएसएस समंदर के दो किनारे हैं, कभी एक नहीं हो सकते : ओवैसी

हैदराबाद, एजेंसी

एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने पीटीआई के साथ एक विशेष साक्षात्कार में बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा, आरएसएस बहुलवाद को खत्म करना चाहता है और भारत को एक धर्मशासित राज्य बनाना चाहता है। उन्होंने आगे कहा कि,जो लोग अदालतों में मामले दायर कर रहे हैं वे आरएसएस और उसके प्रमुख मोहन भागवत के समर्थक हैं। अगर आपको लगता है कि वे (सरकार का जिक्र करते हुए) गलत हैं, तो उन्हें तुरंत रोका जाना चाहिए। लेकिन यह केवल आपकी अनुमति के कारण हो रहा है। यह आरएसएस का भ्रम का सिद्धांत है। मैं आरएसएस और उसकी विचारधारा को जानता हूं। यह बहुलवाद को खत्म करना चाहता है और भारत को एक धर्मशासित राज्य बनाना चाहता है। ओवैसी ने कहा, जब समाज के हर वर्ग के पास राजनीतिक नेतृत्व की झलक होती है और यह आपको स्वीकार्य है, लेकिन आप नहीं चाहते कि मुसलमानों के पास राजनीतिक आवाज, राजनीतिक नेतृत्व की झलक हो। वहीं यह पूछे जाने पर कि क्या वह कांग्रेस का जिक्र कर रहे थे, उन्होंने कहा कि वह बसपा, सपा और भाजपा समेत सभी विपक्षी दलों का जिक्र कर रहे थे। ओवैसी ने कहा, यादव नेता होंगे, मुसलमान भिखारी होंगे।



### विपक्षी दलों पर भी बरसे ओवैसी

इस दौरान ओवैसी ने ये भी कहा कि भाजपा लगातार देश में चुनाव जीत रही है क्योंकि विपक्ष विफल है और उसने हिंदू वोटों को अपने पक्ष में कर लिया है। उन्होंने मोदी विरोधी वोटों में सेंध लगाने के आरोपों को खारिज किया। ओवैसी ने इस मौके पर पूछा, आप मुझे कैसे दोष दे सकते हैं, मुझे बताएं? अगर मैं 2024 के संसदीय चुनावों में हैदराबाद, औरंगाबाद, किशनगंज और कुछ अन्य सीटों पर चुनाव लड़ता हूं और भाजपा को 240 सीटें मिलती हैं तो क्या मैं जिम्मेदार हूं?

### कांग्रेस के आरोपों पर ओवैसी का पलटवार

भाजपा सत्ता में आ रही है क्योंकि विपक्ष पूरी तरह से नाकाम है। भाजपा चुनाव जीत रही है क्योंकि उसने लगभग 50 प्रतिशत हिंदू वोटों को अपने पक्ष में कर लिया है। उन्होंने कहा कि उन्हें दोष देने और उन्हें भाजपा की बी-टीम कहने का प्रयास विपक्ष की उनकी पार्टी के प्रति नफरत के अलावा और कुछ नहीं है क्योंकि यह मुख्य रूप से मुसलमानों का प्रतिनिधित्व करती है। बता दें कि, कांग्रेस जैसे विपक्षी दलों ने हैदराबाद क्षेत्र के अपने गढ़ से बाहर अपनी ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी को बढ़ाने के ओवैसी के प्रयासों का मजाक उड़ाया है, उनका कहना है कि वह वोटों के एक बड़े हिस्से, जिसमें ज्यादातर मुस्लिम हैं, को छीनकर भाजपा को लाभ पहुंचा रहे हैं।

सीएम सरमा का कांग्रेस सांसद पर आरोप

# आईएसआई के बुलावे पर पाकिस्तान गए थे गोगोई, हमारे पास सारे सबूत

गुवाहाटी, एजेंसी

**असम के सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने एक बार फिर कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई पर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि गौरव गोगोई आईएसआई के बुलावे पर पाकिस्तान गए थे। उन्होंने पाकिस्तान की संस्था के साथ मिलकर काम किया। हमारे पास सारे सबूत हैं। हम 10 सितंबर तक हर सबूत पेश करेंगे।**

एक कार्यक्रम में सरमा ने कहा कि गौरव गोगोई आईएसआई के निमंत्रण पर पाकिस्तान गए थे। मैं यह पहली बार कह रहा हूं। हमारे पास इसके दस्तावेज हैं। वह पर्यटन के उद्देश्य से नहीं गए थे। वह निश्चित रूप से प्रशिक्षण लेने के लिए वहां गए थे। लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता पाकिस्तान सरकार के सीधे निमंत्रण पर वहां गए थे और यह खतरनाक है।

उन्होंने कहा कि वह पाकिस्तानी संस्था के साथ मिलकर काम कर रहे थे। गृह विभाग कब निमंत्रण भेजता है? यह केवल प्रशिक्षण देने के लिए होता है विदेश विभाग या किसी विश्वविद्यालय से निमंत्रण पूरी तरह से अलग बात है। यह विदेशी मामलों या सांस्कृतिक विभागों से नहीं था। वह पाकिस्तान के गृह विभाग से सीधे निमंत्रण पर वहां गए थे।

### गौरव गोगोई बोले- बेतुके बयान दे रहे सीएम

कांग्रेस सांसद ने सीएम हिमंत बिस्व सरमा के आरोपों का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि असम के सीएम की मुझ पर हालिया टिप्पणी बेतुकी है। यह उनकी मानसिक स्थिति को दर्शाती है। इससे पहले असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई की पत्नी एलिजाबेथ कोलबर्न को लेकर आरोप लगाए थे। उन्होंने कहा था कि एलिजाबेथ कोलबर्न के पाकिस्तानी सेना के साथ अच्छे संबंध हैं। कोलबर्न ने 19 बार पाकिस्तान यात्रा की थी और पड़ोसी देश में पाकिस्तानी सेना के अधिकारी उनके साथ थे। गोगोई की पत्नी ने पाकिस्तान में काम किया और फिर एक गैर-सरकारी संगठन में काम करने के लिए दिल्ली आईं, लेकिन उन्हें पाकिस्तान से वेतन मिलता रहा।

# कांग्रेस के अंदर भाजपा की स्लीपर सेल में जगह तलाश रहे शशि थरूर

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

**भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ( भाकपा ) के केरल सचिव बिनॉय विश्वम ने रविवार को कांग्रेस सांसद शशि थरूर की आलोचना की। उन्होंने आरोप लगाया कि थरूर कांग्रेस में भाजपा के स्लीपिंग सेल का हिस्सा बनने की कोशिश कर रहे हैं।**

विश्वम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि लोकभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की यह चिंता कि कांग्रेस में भाजपा के स्लीपर सेल हो सकते हैं, मामूली बात नही है। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि शशि थरूर इन स्लीपर सेल में अपनी जगह ढूंढ रहे हैं। उन्होंने भाजपा पर भी निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई का इस्तेमाल अपने राजनीतिक लाभ के लिए कर रही है। राहुल गांधी की कांग्रेस में भाजपा के स्लीपर सेल की चिंता मामूली बात नहीं है। लगता है कि शशशि थरूर उसमें अपनी जगह ढूंढ रहे हैं। भाजपा को पता है कि ऐसे लोगों का उपोयग कैसे करना ह। उनके लिए आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई राजनीतिक लाभ के लिए है। थरूर पर यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब उन्होंने केंद्र सरकार के उस निमंत्रण को स्वीकार किया है, जिसमें उन्हें एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने को कहा गया।

# ईडी के ज्यादातर अफसर भ्रष्ट, एजेंसी केंद्र सरकार के राजनीतिक विरोधियों को बना रही है निशाना

### केरल विधानसभा में विपक्ष वीडी सतीसन का आरोप

**कोच्चि, एजेंसी। केरल विधानसभा में विपक्ष के नेता वी. डी. सतीसन ने रविवार को आरोप लगाया कि प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी ) के बहुत सारे अधिकारी भ्रष्ट हैं। उन्होंने कहा कि यह एजेंसी अब अपना असली काम करने के बजाय केंद्र सरकार के राजनीतिक विरोधियों को निशाना बना रही है।**



यह बयान उन्होंने तब दिया, जब पत्रकारों ने उनसे पूछा कि हाल ही में केरल की भ्रष्टाचार-निरोधक एजेंसी (वीएसीबी) ने ईडी के एक वरिष्ठ अधिकारी के खिलाफ मामला क्यों दर्ज किया है। सतीसन ने आरोप लगाया कि ईडी देशभर में कई लोगों को नोटिस भेजती है और फिर बिचौलियों के जरिए उनसे करोड़ों रुपये लेकर मामला निपटा देती है। उन्होंने कहा, मैं यह नहीं कह रहा कि ईडी के सारे अफसर भ्रष्ट हैं, लेकिन एक बहुत बड़ा तबका भ्रष्ट है। एजेंसी मनी लॉन्ड्रिंग रोकने के लिए बनी थी, लेकिन अब तक इसके एक फीसदी मामले भी हल नहीं हुए हैं। अब यह सिर्फ राजनीतिक मामलों में काम कर रही है और केंद्र सरकार के राजनीतिक विरोधियों को परेशान करने के लिए इस्तेमाल की जा रही है। सतीसन ने यह भी कहा कि ईडी अधिकारी के खिलाफ हालिया मामला इसका ताजा उदाहरण है। उन्होंने दावा किया कि केरल में सत्तारूढ़ माकपा और भाजपा के बीच मिलीभगत है और दोनों एक-दूसरे के भ्रष्टाचार के मामलों को दबा रहे हैं। कोच्चि स्थित ईडी कार्यालय के एक अधिकारी को एक कारोबारी की शिकायत पर वीएसीबी ने भ्रष्टाचार के मामले में मुख्य आरोपी बनाया है। आरोप है कि उस कारोबारी से दो करोड़ रुपये की रिश्वत मांगी गई थी, ताकि उसे ईडी के मामले में आरोपी न बनाया जाए। वीएसीबी ने बताया कि तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें एक चार्टर्ड अकाउंटेंट भी शामिल है। चार्टर्ड अकाउंटेंट को शनिवार को पकड़ा गया, बाकी दो को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया।ईडी का अधिकारी अब तक गिरफ्तार नहीं हुआ है, लेकिन वह इस मामले का मुख्य आरोपी बताया जा रहा है।

गैर भाजपा शासी राज्यों के सीएम को लिखा पत्र

# सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर राष्ट्रपति के सवालों से स्टालिन नाराज

चेन्नई, एजेंसी

**तमिलनाडु बनाम राज्यपाल मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए फैसले पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सवाल उठाए हैं। इसे लेकर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने नाराजगी जताई है। अब सीएम स्टालिन ने गैर भाजपा शासित राज्यों के सीएम को पत्र लिखा है।**

सीएम स्टालिन ने पत्र में लिखा है कि राष्ट्रपति ने केंद्र सरकार की सलाह पर संविधान के अनुच्छेद 143 के तहत सुप्रीम कोर्ट के सलाहकार अधिकार का उपयोग करते हुए 13 मई 2025 को 14 प्रश्न उठाए हैं। इसमे किसी राज्य या फैसले का जिक्र नहीं है, लेकिन यह साफ है कि उन्होंने सुप्रीम कोर्ट द्वारा तमिलनाडु राज्य बनाम राज्यपाल के मामले में की टिप्पणियों पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने लिखा कि तमिलनाडु के संबंध में आया सुप्रीम कोर्ट का फैसला केवल मेरे ही नहीं बल्कि सभी राज्यों के लिए अहम है। सभी जानते हैं कि कैसे केंद्र सरकार ने राज्यपालों का उपयोग विपक्ष शासित राज्यों के कार्यों को बाधित करने के लिए किया है। राज्यपाल विधेयकों को मंजूरी देने में देरी करते हैं या उन्हें बिना वैध व कानूनी कारणों के रोके रखते हैं। वे नियमित कार्यों में हस्तक्षेप करते हैं, महत्त्वपूर्ण पदों पर नियुक्तियों में बाधा डालते हैं और विश्वविद्यालयों के कुलपति के रूप में अपने पद का दुरुपयोग करते हैं। स्टालिन ने कहा कि



सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु के राज्यपाल मामले में अपने फैसले में कहा कि राज्यपाल विधेयकों से संबंधित मामलों में राज्य मंत्रिमंडल की सलाह से बंधे हैं। वे विधेयकों को अनिश्चितकाल तक रोक नहीं सकते। राष्ट्रपति और राज्यपाल के कार्यों के लिए समय-सीमा निर्धारित की गई है। सुप्रीम कोर्ट ने लोकतांत्रिक और संघीय ढांचे की रक्षा करते हुए एक सही निर्णय दिया है। एमके स्टालिन ने आरोप लगाया कि भाजपा इस निर्णय को अस्थिर करने का प्रयास कर रही है, ताकि अन्य राज्य इसे उदाहरण के रूप में न अपनाएं। इसलिए भाजपा ने राष्ट्रपति से सुप्रीम कोर्ट के निर्णय में दखल देने की रणनीति तैयार की है। जबकि सुप्रीम कोर्ट की सलाहकार अधिकारिता का प्रयोग तब नहीं किया जा सकता जब उस विषय पर पहले ही न्यायालय द्वारा स्पष्ट निर्णय दिया जा चुका हो। उन्होंने कहा कि मैंने पहले भी सभी गैर भाजपा शासी राज्य सरकारों और क्षेत्रीय दलों के नेताओं से एकजुट होकर इस कानूनी लड़ाई को लड़ने की अपील की थी। अब मैं व्यक्तिगत अनुरोध करता हूं कि सभी इसका विरोध करें और सुप्रीम कोर्ट के समक्ष एक संयुक्त और समन्वित रणनीति के तहत संविधान की मूल संरचना की रक्षा करें।

### ये है मामला

सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार बनाम राज्यपाल मामले में 8 अप्रैल को फैसला सुनाया था। कोर्ट ने कहा था कि राज्यपाल विधानसभा से पारित बिलों को अनिश्चितकाल तक रोक नहीं सकते। यदि राज्यपाल किसी बिल को राष्ट्रपति के पास विचार के लिए भेजते हैं, तो राष्ट्रपति को तीन महीने के भीतर निर्णय लेना होगा। जस्टिस जेबी पारदीवाला व जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने कहा था कि व्यक्तिगत असंतोष, राजनीतिक स्वार्थ या अन्य किसी असंगत या अप्रासंगिक विचार जैसे आधारों पर विधेयक को सुरक्षित रखना संविधान के तहत पूरी तरह अनुचित है।

## संक्षिप्त समाचार

### जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष यादव का स्वागत



**उज्जैन, निप्र।** विक्रमादित्य बेडमिंटन क्लब उज्जैन के पदाधिकारियों द्वारा महानंदा नगर स्पोर्ट्स एरिना में जिला बेडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष वैभव यादव का स्वागत किया गया। इस अवसर पर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष वैभव यादव ने कहा कि उज्जैन की प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए एसोसिएशन काम करेगी। उज्जैन के बेडमिंटन खिलाड़ी स्टेट, नेशनल के अलावा इंटरनेशनल तक खेले उनके प्रशिक्षण से लेकर उनकी हर सुविधाओं की चिंता एसोसिएशन करेगी। विक्रमादित्य बैडमिंटन क्लब के अध्यक्ष दिनेश जाटवा ने बताया कि 250 से अधिक खिलाड़ी अभी क्लब मैं प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। क्लब से प्रशिक्षण प्राप्त कर कई खिलाड़ी स्टेट व नेशनल तक खेल चुके हैं। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष दिनेश जाटवा, राजेश योहान, मिथिलेश त्रिवेदी, क्लब के सचिव जितेन्द्र मुकाती, उपाध्यक्ष, चेतन गुप्ता, डॉ हर्षवर्धन चौधरी, कोषाध्यक्ष यशवंत पटेल, राहुल उपाध्याय, सुधीर यादव, डॉ निश्चल यादव, देवेंद्र आर्य, गौरव सूर्या, ब्रजमोहन शर्मा, जावेद अहमद, संजय मेहता, शरद सूर्यवंशी, अंकित बाहेती, संजय मेहता, उदय अग्रवाल, फादर जोस पुलटु, गुलरेज, हर्ष, मध्य प्रदेश कोच योगेश बंदेवार, कोच मोनिका खालोटिया एवं समस्त विक्रमादित्य क्लब के सदस्यगण व खिलाड़ी उपस्थित थे । जानकारी कोच योगेश बैंदेवार ने दी।

### एटीएम बंद होने से हो रही असुविधा

**उज्जैन, निप्र।** इमली चौराहा उज्जैन स्थित एसबीआई का एटीएम बंद होने से शहरी और बाहर से आने वाले नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उक्त एटीएम विगत एक माह से बन्द पड़ा है। इस कारण स्थानीय निवासी एवं बाहर से आने वाले दर्शानाथीयो को बहुत ही असुविधा हो रही है। अखिल भारतीय वैष्णव बैरागी परिषद् ( महिला बिंग) मुंबई की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सावित्री महंत ने बैंक से मांग की है की इसे शीघ्र चालू करवाया जाये।

### भव्य तिरंगा यात्रा आज शाम 6.30 बजे पुराने बस स्टैंड से

**नागदा जं., निप्र।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे और भारतीय सेना के सम्मान में विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन नगर में आज किया जा रहा है। राष्ट्रीय नागरिक सुरक्षा मंच के आह्वान पर आयोजित तिरंगा यात्रा पुराना बस स्टैंड से आज 19 मई, सोमवार को शाम 06ः30 बजे, पुराना बस स्टैंड से शुरू होगी। इस यात्रा में बड़ी संख्या में नगर वासी, व्यापारी, सामाजिक संगठन, विद्यार्थी, महिलाएं, युवा, जनप्रतिनिधि सैनिकों के सम्मान में सम्मिलित होंगे। तिरंगा यात्रा नगर के मुख्य मार्गो से निकलेगी, नगर वासी पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत करेंगे। राष्ट्र के शौर्य के सम्मान में नगर वासियों द्वारा विभिन्न सोशल मीडिया माध्यमों से यात्रा का आमंत्रण देकर सम्पूर्ण नगर, क्षेत्र वासियो से अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने की अपील की गई।

### महाकाल भक्तों के लिए छाया मेटिंग व शीतल जल की व्यवस्था



**उज्जैन, निप्र।** श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा वर्तमान में ऋतु परिवर्तन को देखते हुए श्री महाकाल महालोक, मंदिर परिसर एवं अन्य स्थानों पर पर्याप्त छाया, मेटिंग व शीतल जल की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। इसी प्रकार मंदिर प्रबंध समिति द्वारा अवन्तिका द्वार के समीप फेसिलिटी टनल की छत पर दर्शनार्थियों की सुविधा हेतु जूता स्टैंड को शिफ्ट किया गया है व छत पर जम्बो कूलर व पंखे व मेटिंग बिछायी गई है। वही समीप ही पेय जल की भी व्यवस्था की गई है। साथ ही भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शन हेतु एल.ई.डी. स्क्रीन भी लगाई गई है। श्री महाकालेश्वर मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो इस हेतु श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा सम्पूर्ण आंतरिक व बाह्य परिसर में पर्याप्त छाव, मेटिंग एवं शीतल जल की व्यवस्थाए की गई है। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा श्री महाकालेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु सूचना बोर्ड लगाये गये हैं। जिसमें श्रद्धालुओं को भस्मार्ती, मंदिर में प्रवेश, दान, दान हेतु अनाधिकृत व्यक्ति या कर्मचारी से संपर्क न करने, किसी को भी शीघ्र दर्शन या भस्मार्ती के लिए निर्धारित शुल्क के अतिरिक्त राशि नहीं देने व काउण्टर पर ही भुगतान करने के निर्देश संबंधी सूचना बोर्ड लगाये गये है।

## मुमुक्ष गौरव भाई का विदाई और सम्मान समारोह होगा आयोजित

विनय उजाला

**नागदा जं., निप्र।** 5 जून को बदनावर में जैन दीक्षा अंगीकार कर रहे दीक्षार्थी गौरव जाट की विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन सकल जैन श्रीसंघ के सानिध्य में जैन सोशलय ग्रुप द्वारा सोमवार रात 8 बजे लक्ष्मी बाई मार्ग स्थित पाठशाला भवन में किया जाएगा। विदाई एवं सम्मान समारोह के दौरान संवेदना एवं संगीत के साथ दीक्षार्थी परिवारजन व सकल जैन श्रीसंघ को धन्यवाद देगा। मीडिया प्रभारी डॉ. विपिन वागरेचा ने बताया कि नगर से अभी तक स्थानक व मंदिर मार्गी सम्प्रदाय में कुल 6 दीक्षार्थीयों ने दीक्षा अंगीकार की है। नगर में पहली बार आयोजित हो रहे दीक्षार्थी के विदाई समारोह के आयोजन को लेकर सकल श्रीसंघ में हर्ष व्यापत है।

**इन्होने की सफल बनाने की अपील :** विदाई समारोह के आयोजन को सफल बनाने की अपील मूर्तिपूजक जैन श्रीसंघ अध्यक्ष मनीष सालेचा व्होरा, सचिव हर्षित नागदा, स्थानकवासी संघ अध्यक्ष प्रकाश लुणावत, सचिव अरविन्द नाहर, दिगम्बर जैन संघ अध्यक्ष सुनील जैन, सचिव पंकज जैन, जैन सोश्लय ग्रुप अध्यक्ष धर्मेन्द्र बम, सचिव प्रशांत नाहर, संस्थापक अध्यक्ष अध्यक्ष राजेन्द्र कांठेड, उपाध्यक्ष अमित बम, साधना जैन, रवि संघवी, राजा कर्नावट, इलेक्ट वन चेयरमेन हितेश कांठेड़, कोषाध्यक्ष मनोज वागरेचा, सह सचिव मनीषा गांग, सांस्कृतिक सचिव डॉ. नितिशा वागरेचा, पीआरओ सिद्धार्थ कांठेड़, संगठन मंत्री सुरेश नाहटा खेल मंत्री अंकुर जैन, जीवदया प्रभारी आशीष पोखरना, कुशल भंसाली, नेत्रदान प्रभारी ब्रजेश बोहरा, प्रचार मंत्री पंकज पावेचा, पूर्व अध्यक्ष एस.एम. सिसोदिया, अरविन्द नाहर, सुभाष बाफना, कमल जैन, दिलीप कांठेड़, निलेश चौधरी, मुकेश धोका, श्रेणिक बम, सुरेन्द्र कांकरिया, संजय मुरडिया, शरद जैन, मनीष चपलोत्त ने की है।

## 30 लाख रुपए की लागत से पांच स्थानों पर होगा डामरीकरण कार्य

# विधायक एवं निगम अध्यक्ष ने किए कार्य का भूमिपूजन

विनय उजाला



**उज्जैन, निप्र।** रविवार को वार्ड क्रमांक 38 अंतर्गत क्षेत्रीय पार्षद एवं एमआईसी सदस्य अनिल गुप्ता के प्रयासों से क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न गलियों में मुख्यमंत्री अधोसंरचना 2.0 अंतर्गत नगर निगम द्वारा राशि रुपए लगभग 30 लाख रुपए की लागत से डामरीकरण का कार्य करवाया जा रहा है। जिसका भूमि पूजन रविवार को उज्जैन उत्तर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव, नगर भाजपा अध्यक्ष संजय अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष हरीश सोलंकी द्वारा किया गया।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री अधोसंरचना 2.0 अंतर्गत वार्ड क्रमांक 38 में पांच स्थानों की विभिन्न गलियों में डामरीकरण कार्य किया जाएगा। जिसमें जैन नमकीन मक्सी रोड से स्मार्ट मेडिकल तक छोटी रोड, एमपीईबी गेट नंबर 6 के पास शहीद पार्क तक, एमपीईबी गेट नंबर 5 के सामने डॉक्टर राय तक, एमपीईबी गेट नंबर 4 के सामने से होटल सरोवर तक एवं वेलकम शॉप से 400 फीट लगभग रोड का डामरीकरण कार्य किया जाएगा। जिससे क्षेत्र के रहवासियों को आवागमन में सुविधा होगी। इस अवसर पर नगर उपाध्यक्ष जगदीश पांचाल, डॉ रवि सोलंकी, उमेश सेंगर, बुद्धि प्रकाश सोनी, जोनल अधिकारी रवि राठौर एवं वार्ड के सम्माननीय नागरिक उपस्थित रहे।

### निगम अध्यक्ष ने निर्माण कार्य का भूमि पूजन

रविवार को वार्ड क्रमांक 37 अंतर्गत क्षेत्रीय पार्षद एवं जोन अध्यक्ष सुरेंद्र मैहर के प्रयासों से क्षेत्र में नगर निगम द्वारा विशेष निधि एवं पार्षद निधि की राशि से लगभग 42 लाख रुपए की लागत से सीमेंट कांक्रीट रोड निर्माण एवं पेवर ब्लॉक लगाए जाने का कार्य किया जाना है। जिसका भूमि पूजन निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव द्वारा नगर भाजपा अध्यक्ष संजय अग्रवाल, निगम आयुक्त आशीष पाठक, मंडल अध्यक्ष गजेंद्र खत्री की उपस्थिति में संपन्न किया गया। उल्लेखनीय है कि वार्ड क्रमांक 37 अंतर्गत गणेश मंदिर से धन्नालाल की चाल तक नगर निगम द्वारा 42 लाख रुपए की लागत से सीमेंट कंक्रीट एवं पेवर ब्लॉक लगाए जाने का कार्य किया जाएगा। जिसमें विशेष निधि की 30 लाख रुपए एवं पार्षद निधि के 12 लाख रुपए से वार्ड अंतर्गत कार्य नगर निगम द्वारा किया जाएगा। इस दौरान जोन अध्यक्ष संग्राम सिंह भाटिया, एमआईसी सदस्य श्रीमती दुर्गा शक्ति सिंह चौधरी, डॉ रवि सोलंकी, प्रभु लाल जाटवा, श्रीमती प्रमिला यादव, जोनल अधिकारी मनोज राजवानी एवं वार्ड के सम्माननीय नागरिक उपस्थित रहे।

## जिला चिकित्सालय की भोजन शाला में मिली कच्ची रोटियां

### बगैर गलब्स और सेफ्टी के मिला स्टाफ, आज जारी होगा सूचना पत्र

विनय उजाला



**उज्जैन, निप्र।** जिला चिकित्सालय में मरीजों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता जांचने रविवार सुबह खाद्य विभाग ने निरीक्षण किया। निरीक्षण में मिली खामियों में सुधार हेतु निर्देश दिए गये है। निरीक्षण में मरीजों को दी जाने वाली रोटियां कच्ची दिखने पर खाद्य अधिकारी ने इसकी गुणवत्ता में सुधार के लिए कहा है। साथ ही सुधार करने के लिए आज सुधार सूचना पत्र सम्बंधित को जारी किया जावेगा।

रविवार को खाद्य विभाग के बसंत दत्त शर्मा ने जिला चिकित्सालय की भोजन शाला का निरीक्षण किया। इस दौरान मरीजों को दी जाने वाली रोटियां कच्ची दिखने पर शर्मा ने इसकी गुणवत्ता सुधारने के निर्देश दिए। इसके साथ ही मरीजों को वितरित की जाने वाली सभी भोजन सामग्री के सेम्पल लेकर जाँच के लिए भेजे गए है। शर्मा ने बताया की भोजन बनाने वाला स्टाफ भी ग्लब्स एवं अन्य सेफ्टी रूल को फॉलो नहीं कर रहा था। उनको सेफ्टी रूल को फॉलो करने के निर्देश दिये गए है। इसके साथ ही आज सोमवार को भोजन शाला संचालन करने वाली फर्म को सुधार सूचना पत्र जारी किया जायेगा।

शर्मा ने चर्चा में बताया की इस निरीक्षण का उद्देश्य चरक भवन में संचालित जिला चिकित्सालय में कमियां मिलने पर उनका सुधार करना प्राथमिकता है। जिससे मरीजों को अच्छा और गुणवत्ता वाला भोजन मिल सके।

**दो साल पहले हुआ था थर्ड पार्टी ऑडिट :** खाद्य अधिकारी बसंत दत्त शर्मा ने बताया की जिली चिकित्सालय में संचालित भोजन शाला का करीब दो साल पहले थर्ड पार्टी ऑडिट करवाया गया था। इस दौरान भोजन की गुणवत्ता अच्छी होने पर दिल्ली से प्रमाण पत्र भी मिला था। इसी गुणवत्ता को बनाये रखने और मरीजों को अच्छा भोजन मिले इसके लिए निरंतर प्रयास किये जा रहे है। आज जो भी खामियां मिली है इनको सुधार करने के लिए कहा गया है।

**इनका कहना है-**

जिला चिकित्सालय में हमारा पूरा प्रयास है की मरीजों को अच्छा भोजन मिले। मेरा प्रयास रहता है की भोजन और अन्य सुविधाएं बेहतर हो, जिससे यहाँ आने वाले मरीजों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

**-डॉ. अजय दिवाकर,**
सिविल सर्जन, उज्जैन

## 9 दिन साधना करे, अपनी आत्म कल्याण का विशेष मुहूर्त है :बाबा उमाकान्त महाराज



विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** मध्य प्रदेश इस वक्त के गुरु उज्जैन वाले परम सन्त बाबा उमाकान्त जी महाराज ने अपने सतसंग में बताया कि ये 9 दिन साधना करने, अपने आत्म कल्याण का विशेष मुहूर्त है। इसमें नए पुराने सभी नामदानियों को, पिछले संतों को मानने वाले सभी लोग, पुजारी, मठाधीश, आश्रम चलाने वाले, राजनेता आदि सबको साधना में बैठना चाहिए। जो पांच नाम के नामदानी नहीं हैं, उनको भी इस दौरान उनकी साधना में दिशा मिल जाएगी कि इस वक्त पर जो नाम दे रहे हैं वहां चले जाओ, उनसे पूरा नाम ले लो। जिनको इशारा मिल जाये, वो भी तुरंत बाबा जयगुरुदेव जी के इस 23 से 25 मई 2025 के भंडारा कार्यक्रम में आ जाना। पिछले सन्त, जिनके अपनाए हुए जीव अभी तक अपने निज घर सतलोक नहीं पहुंच पाए हैं, वो भी यही चाहते है कि इसी बहती गंगा में हमारे जीव हाथ धो लें और पार हो जाएँ। वो सब प्रार्थना, आमंत्रण से यहां पधारे हैं और उन सबकी भी यहां पर गरिमामयी उपस्थिती अदृश्य रूप में है तो वह भी मदद करेंगे।

## हमें तो एक ही कतरा नसीब हों जाएं! बड़े नसीब से ऐसा नसीब हों जाएं। नज़र से अपनी में देख लूं मैं जीते जी जन्नत, जो देखना तेरा रोजा नसीब हों जाएं

विनय उजाला

**मदीना, निप्र।** मदीना आने की हसरत इसी से समझी जा सकती है कि शायर ने कहा है कि हमें तो एक ही कतरा नसीब हों जाएं !बड़े नसीब से ऐसा नसीब हों जाएं।नज़र से अपनी में देख लु मैं जीते जी जन्नत ,जो देखना तेरा रोजा नसीब हों जाएं। मदीना याने मोहम्मद का शहर ! कभी यशरीब के नाम से मशहूर मदीना, मक्का के बाद इस्लाम को मानने वालों का दूसरा बड़ा और पवित्र शहर हैं। मदीना को अल मुनव्वरा के नाम से भी जाना जाता है। मदीना की ऐतिहासिक मस्जिद ए नबवी की तामीर निर्माण नबी मोहम्मद साहब ने किया था। मदीना रसुलल्लाह की ज्यारत,इमाम हसन और इमाम हुसैन की जन्मस्थली सहित इस्लाम की ऐतिहासिक घटनाओं का यह शहर साक्षी रहा हैं। इमाम हुसैन का कर्बला का सफर इसी मदीने से शुरू हुआ था। और कर्बला से इमाम हुसैन की शहादत के बाद इमाम जेनुल आबेदीन कर्बला से शाम (सीरीया) के बाद मदीना ही आएं थे।।

मस्जिद ए नबवी की खुबसूरती और आर्किटेक्चर ,तकनीकी सहुलियत,मीनार की सुंदरता इसकी भव्यता को दर्शाती हैं। मस्जिद और सहन में 250 स्वचलित छतरियां यहां आने वाले लाखों लोगों को तेज धूप और बारिश से राहत देती है।साएदार कस्टमाइज़ छतरियों में ऐसा सिस्टम मौजूद है कि पानी की एक बूंद भी मस्जिद के फर्श पर नहीं गिरती। बारिश का पानी छतरियों से बहकर खुद ब खुद निकल जाता है। एक कस्टमाइज़ छतरी के साये में आठ सौ नमाज़ी बैठ सकते हैं। सऊदी अरब के हेजाज क्षेत्र में मदीना में ही सऊदी का प्रशासनिक मुख्यालय है। मदीना सऊदी अरब का चौथा सबसे बड़ा शहर है ।पहला रियाद, फिर जेद्दाह और उसके बाद मक्का और मदीना है।

**मदीना अपने खजूर के पेड़ों के लिए जाना जाता है :** सऊदी अरब में स्थित होने के बावजूद, एक रेगिस्तानी शहर, मदीना हमेशा कृषि का केंद्र रहा है और अरब प्रायद्वीप में फलों की एक सरणी, विशेष रूप से खजूर का शीर्ष उत्पादक रहा है। रिपोर्टों के अनुसार, खजूर के विश्व प्रसिद्ध उत्पादक होने के नाते, मदीना खजूर की 300 से अधिक किस्मों का उत्पादन करता है।

## पिपल्या, कतरगांव एवं कोगावां में विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन

**खरगोन, निप्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला न्यायाधीश श्री अखिलेश जोशी के निर्देश पर प्राधिकरण की सचिव एवं वरिष्ठ खंड न्यायाधीश सुश्री प्रीति जैन ने ग्राम पंचायत पिपल्या, कतरगाँव और कोगांवा में विधिक साक्षरता शिविर के माध्यम से आम जन को कानून और सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की।

ग्राम पिपल्या के पंचायत भवन में ग्रामीणों से रूबरू हुई न्यायाधीश ने उपस्थित पंचायत सचिव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से गांव में चल रही सरकारी योजनाओं की अपडेट ली। यहां मनरेगा की जानकारी देते हुए न्यायाधीश ने कहा कि यह दुनिया की सबसे बड़ी योजना है इसके तहत गांव का सर्वांगीण विकास होता है तथा गांव के संसाधनों में भी वृद्धि होती हैं। जैसे गांव में उप स्वास्थ्य केंद्र या स्कूल भवन का निर्माण होगा तो वहां के कुशल और अकुशल दोनो श्रेणी के मजदूरों को काम मिलेगा। इस योजना में सरकार द्वारा हर मजदूर को रोजगार की गारंटी दी गई है। उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यों की जानकारी भी दी।

## सांसद निधि की स्वीकृत राशि से विभिन्न आश्रमों में किए जाएंगे निर्माण कार्य



विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** सिंहस्थ महापर्व को दृष्टिगत रखते हुए विभिन्न आश्रमों में सीएम मौनिट एवं सांसद निधि से निर्माण कार्यों को स्वीकृत किया गया है। उक्त निर्माण कार्यों के लिए निर्माण एजेंसी नगर निगम है जो की आश्रमों में निर्माण कार्य को संपादित करेगी। इस हेतु रविवार को महापौर मुकेश टटवाल द्वारा चिंतामण ब्रिज के पास स्थित राज राजेश्वरी आश्रम, श्री श्याम धाम आश्रम एवं कर्क राज पार्किंग के पास स्थित श्री रामदास हनुमान मंदिर निर्वाणी सेवाश्रम पहुंचकर आचार्य एवं महंतों से भेंट करते हुए निगम द्वारा किए जाने वाले निर्माण कार्य को लेकर चर्चा की गई। साथ ही आश्वस्त किया गया कि नगर निगम द्वारा शीघ्र कार्य प्रारंभ करते हुए कार्यों को समय सीमा से उच्च गुणवत्ता पूर्वक किया जाएगा।

महापौर मुकेश टटवाल द्वारा रविवार को राजराजेश्वरी आश्रम के आचार्य शेखरजी, श्याम धाम आश्रम के महंत श्याम गिरी जी महाराज (राधे राधे बाबा) एवं श्री रामदास हनुमान मंदिर निर्वाणी सेवाश्रम के महंत श्री रामदास जी महाराज (फलाहारी बाबा) के आश्रम पहुंचकर सीएम मोनिट एवं सांसद निधि की स्वीकृत राशि से आश्रमों में नगर निगम द्वारा जो निर्माण कार्य होंगे। उन्हें लेकर चर्चा की गई, साथ ही उक्त कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। निरीक्षण के दौरान भवन अधिकारी दीपक शर्मा, उपयंत्री राजेंद्र रावत उपस्थित रहे।

## विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा बोले पत्रकार चल रहे कार्यों की मॉनिटरिंग करें

# सिंहस्थ के कार्यों तथा विकास में मीडिया सक्रिय भूमिका अदा करे : कलेक्टर

विनय उजाला




**उज्जैन, निप्र।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने पत्रकार साथियों को संबोधित करते हुए आह्वान किया है कि वे शहर के विकास में और सिंहस्थ के चल रहे कार्यों में अपनी सक्रिय भागीदारी दें और ज़मीनी रिपोर्ट से शासन को अवगत करावे। आपने कहा कि आम लोगों को शासन की योजनाओ का लाभ अधिक से अधिक दिलाने में भी मीडिया की भूमिका महत्वपूर्ण है।

सिटी प्रेस क्लब द्वारा शिप्रा होटल में आयोजित परिसंवाद कार्यक्रम को कलेक्टर संबोधित कर रहे थे जिसका विषय था सामाजिक विकास में मीडिया की भूमिका। विषय पर बोलते हुए कलेक्टर श्री सिंह ने क्रमवार शासन द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी और बताया की मैं पूर्व में जनसंपर्क विभाग का डायरेक्टर भी रह चुका हूँ इसलिए पत्रकारों के काफ़ी नज़दीक रहा और उज्जैन में भी मीडिया कर्मियों के साथ मेरा अनुभव बेहद विश्वास का रहा। आपने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप सिंहस्थ के बड़े विकास कार्य हो रहे हैं और मीडियाकर्मी सार्थक पहल कर बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने परिसंवाद पर बोलते हुए कहा कि उज्जैन में जो विकास कार्य चल रहे हैं उसमें यदि कोई गड़बड़ी है तो पत्रकार हमें अवगत कराएँ आपने कहा कि चौड़ीकरण से उज्जैन का विकास होगा और आम जनता की सहमति से ही चौड़ीकरण किया जा रहा है। आपने शिप्रा नदी के शुद्धिकरण पर भी प्रकाश डाला और बताया कि इंदौर और उज्जैन में कान्ह नदी के पानी के डायवर्सन को लेकर बड़ी योजना पर काम हो रहा है। परिसंवाद कार्यक्रम को वरिष्ठ पत्रकार प्रकाश रघुवंशी, विवेक चौरसिया, बसंत कुमार शर्मा ने भी संबोधित किया। शैलेंद्र कुल्मी ने अपने प्रारंभिक उद्बोधन में कहा कि उज्जैन में बड़े पैमाने पर विकास के कार्य किए जा रहे हैं और सिटी प्रेस क्लब परिसंवाद एवं चर्चा के लिए मंच उपलब्ध कराएगा जिससे की निर्माण एजेंसियों को भी कसौटी पर खरा उतारा जा सके।

अंत में आभार सिटी प्रेस क्लब के संरक्षक रमेश दास द्वारा माना गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार डॉक्टर सचिन गोयल ने किया। अतिथियों का स्वागत संदीप कुलश्रेष्ठ, संजय माथुर, राजेश कुल्मी, राकेश पंड्या, असलम ख़ान, मयूर अग्रवाल, इश्तियाक ख़ान, नीलेश सांघी, धर्मेन्द्र राठौर, जितेंद्र राठौर, राज जोशी, अरविंद देवधरे, नीलेश मालवीय, संदीप मालवीय ने किया।

### प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमारी सेना ने पाकिस्तान प्रेरित आतंकवाद को पस्त किया : विधायक कंचन तनवे

### जिला मुख्यालय खंडवा में तीनों सेनाओं के सम्मान में निकली

# विशाल सर्व समाज की तिरंगा यात्रा





## तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारों के साथ तिरंगा यात्रा में शामिल हुए लोग

समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि जिला मुख्यालय खंडवा में निकली सर्व समाज समाज की इस तिरंगा यात्रा में , विधायक कंचन मुकेश तनवे, नारायण पटेल, छाया मोरै जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी सुदेश वानखेडे, जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर सहित सभी समाज के धर्मगुरूओं, सामाजिक व व्यापारिक संगठनों के साथ शहर के गणमान्य व्यक्तियों, महिलाओं, युवाओं, पूर्व सैनिकों के साथ हजारों की संख्या में आम जनता अपने हाथ में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारों के साथ तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। सहित पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, विभिन्न धर्म के धर्मगुरू व समाज वर्ग के लोग तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। खंडवा के मुख्य मार्ग से निकली हजारो राष्ट्र भक्तो की हाथो मे तिरंगा लिए एक विशाल अनुसाशित यात्रा जिसमे आगे राष्ट्र प्रेमी हाथ मे भारत माता की जय ,का बेनर लिए चल रहे थे, उनके पीछे स्काउट का बैंड वंदे मातरम की धुन बजाते हुए चल रहा था, उसके पीछे सभी जन प्रतिनिधी एवं प्रशासनिक अधिकारी चल रहे थे। तिरंगा यात्रा में विधायक कंचन तनवे, छाया मोरे,नारायण पटेल जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर, कलेक्टर वृषव गुप्ता पुलिस,अधीक्षक मनोज राय,सेवादास पटेल, मुकेश तनवे। सिख समाज ज्ञानी जी, स्वामी अदित्यदेव महाराज, सनातन देव महाराज,पतंजलि योग पीठ हरिद्वार, संयोजक दिनेश पालीवाल, सह संयोजक अशीष चटकेले, नरेंद्र सिंह तोमर, प्रवक्ता सुनील जैन अनूप पटेल, धर्मेंद्र बजाज नंदन करोड़ी, संस्थाएँ- सेवा निवृत्त सैनिक गन:, रोटरी क्लब निमाड़, लायंस क्लब, जेसीआई खण्डवा, पूर्व निमाड सामाजिक सांस्कृतिक सेवा समिति, किशोर प्रेरणा मंच, गायत्री परिवार, आर्ट ऑफ लिविंग, चेम्बर ऑफ कामर्स, डॉक्टर्स, स्काउट का बेंड एनसीसी, मुस्लिम समाज, बोहरा समाज व्यापारी, बार एसोसिएशन के सदस्य, बोध्य समाज, सिंधी समाज, राजपूत समाज सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही। तिरंगा यात्रा का संचालन यात्रा संयोजक दिनेश पालीवाल ने किया एवं अंत मे आभार सह संयोजक अशीष चटकेले ने किया। व्यवस्थाओं में अनूप पटेल,चंद्रेश पचौरी, नानूराम मांडले, मंगलेश तोमर, नारायण बाहेती, प्रदीप यादव, सुधांशु जैन, दीपसिंह झाला, भावेश बिल्लोरे, अनिल विश्वकर्मा अनिल विश्वकर्मा, प्रियांशु चौरे,यशदीप चोरे, योगेश जोशी, हेमन्त पाटिल, जितेंद्र सिसोदिया, विजय महाजन,शक्ति अठवाल, ममता बोरसे, शोभा तोमर, पिंकी राठौर, इंदु दुबे, चारुलता यादव, शारदा तांदले, मनीषा पाटिल, सीमा भावसार। प्रमिला शर्मा, हर्षा ठाकुर सहित पूरे जिले भर के गणमान्य नागरिक यात्रा में शामिल हुए।

## बहनों का सिंदूर उजाड़ने वाले आतंकियों को भारत ने अपनी भाषा में जवाब दिया, आगे भी देगा : राजपाल सिंह तोमर

विनय उजाला

**खंडवा, निप्र। ऑपरेशन ''सिंदूर'' की सफलता पर तीनों सेनाओ के सम्मान में जिला मुख्यालय खंडवा में सर्व समाज द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई, तिरंगा यात्रा मे बाबा अंबेडकर की प्रतिमा स्थल से प्रारंभ हुई तिरंगा यात्रा टाउन हॉल नगर निगम घंटाघर मुंबई बाजार होकर केवल राम पेट्रोल पंप चौराहे पर समाप्त हुई।**

समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि तिरंगा यात्रा में सभी समाज के धर्मगुरूओं, सामाजिक व व्यापारिक संगठनों के साथ हजारों की संख्या में नागरिकों ने हाथों में तिरंगा झण्डा लेकर भारतमाता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाये। तिरंगा यात्रा में शामिल भूतपूर्व सैनिकों ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में सेना ने पाकिस्तान प्रेरित आतंकवाद को पस्त किया है। पहलगाम आतंकी हमले में हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ने वाले आतंकियों को भारत ने अपनी भाषा में जवाब दिया है।

तिरंगा यात्रा में शामिल खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे ने कहा कि आज जिला मुख्यालय खंडवा में भारत माता के जयकारे के साथ प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के समर्थन और हमारी बहन सोफिया कुरैषी और व्योमिका सिंह का सम्मान करने के लिए तिरंगा यात्रा में जनसैलाव उमड़ा है। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में एक भी आतंकी दुनिया के किसी कोने में होगा हम ढूंढ-ढूंढ करके मारेंगे। आज प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हमें गर्व है कि भारत की तीनों सेनाओं ने और हमारी बहन सोफिया कुरेषी और व्योमिका सिंह ने पाकिस्तान के लाहौर और रावलपिंडी में घुसकर सारे आतंकवादियों के शिविरों को नेस्तनाबूद करने का पराक्रम किया है। उन्होंने पाकिस्तान पर भारतीय सेना की ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी, केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी, तीनों सेनाओं को बधाई देते हुए कहा कि यह कार्रवाई पाकिस्तान प्रेरित आतंक को समूल नष्ट करने के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के संकल्प की पूर्ति की दिशा में बड़ा कदम है। हमारे सैनिकों ने भारत माता और जयहिंद के जयकारों के साथ इस ऑपरेशन को सफल बनाया है। भारतीय सेना की कार्रवाई में अनेक आतंकवादी और उनके आका मारे गए हैं। हमारी सेना ने पाकिस्तान और पीओके में की गई इस कार्रवाई में आतंकियों को चुन-चुनकर ठिकाने लगाया है।

### निर्दोष जनता का खून बहाने वालों को सिखाया सबक

तिरंगा यात्रा समापन अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर पाकिस्तान के आतंकियों को भारतीय सेना का जवाब है, जिन्होंने पहलगाम हमले में हमारी बहनों के माथे से सिंदूर मिटा दिया था। आंतकवादियों ने उस समय उन बहनों से कहा था कि ये संदेश मोदी को दे देना। अब इस कार्रवाई के माध्यम से हमारे जांबाज सेना के जवानों ने उन आतंकियों और उनके आकाओं को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का संदेश दे दिया है। अब पाकिस्तान ने अगर कोई हरकत की तो मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। आज पूरा भोपाल तीनां सेनाओं के सम्मान में भोपाल की सड़कों पर तिरंगा लेकर निकला है। देश के गृहमंत्री अमित शाह जी की संकल्प शक्ति के साथ हमारी सेना ने जो काम किया है, उसकी सफलता पर पूरा खंडवा तिरंगा हाथ में लेकर तीनों सेनाओ के सम्मान में के सम्मान में उतरा है।

---

नवीन आपराधिक अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु

## पंचम बैच का तीन दिवसीय प्रशिक्षण सत्र पुलिस कंट्रोल रूम खंडवा में सम्पन्न



विनय उजाला

**खंडवा, निप्र। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार जिला खंडवा मे पदस्थ अनुसंधान अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नवीन आपराधिक अधिनियम 2023 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु प्रशिक्षित किया जा रहा है।**

इसी तारतम्य मे जिला खंडवा मे पुलिस अधीक्षक खंडवा श्री मनोज कुमार राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) श्री महेंद्र तारणेकर व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री राजेश रघुवंशी के मार्गदर्शन मे पंचम बैच का 03 दिवसीय प्रशिक्षण सत्र मे दिनांक 16.05.25 से प्रारंभ होकर दिनांक 18.05.25 को प्रशिक्षण का कार्यक्रम पुलिस कंट्रोल रूम खंडवा मे सम्पन्न कराया गया। प्रशिक्षण सत्र के प्रथम दिवस पर सभी प्रशिक्षणार्थियों के साथ पुलिस अधीक्षक खंडवा द्वारा ग्रुप फोटोग्राफी कराई गई। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खंडवा द्वारा दिनांक 18.05.25 को पुलिस कंट्रोल रूम खंडवा मे प्रशिक्षणार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदाय किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन के अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) खंडवा श्री राजेश रघुवंशी द्वारा प्रशिक्षण ले रहे जिले के अनुसंधानकर्ता अधिकारियों एवं कर्मचारियों से दिए गये प्रशिक्षण के संबंध मे फ़ीड बैक प्राप्त किया गया तथा प्रशिक्षण से प्राप्त व्यवहारिक एवं सैद्धांतिक ज्ञान के बारे मे चर्चा की गई। 01 जुलाई 2024 से नवीन आपराधिक अधिनियम लागू होने के पश्चात अनुसंधान मे आने वाली व्यावहारिक समस्याओ को लेकर चर्चा की गई। सभी ने प्रशिक्षण के माध्यम से कानूनी प्रावधानो के अंतर्गत साक्ष्य संकलन एवं वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्रीकरण, क्राइम सीन की फोटग्राफी व वीडिओग्राफी के संबंध मे जानकारी प्राप्त किया। प्रशिक्षण मे जिले के 02 निरीक्षक, 05 उप निरीक्षक, 05 सहायक उप निरीक्षक, 23 प्रधान एवं आरक्षक 15 आरक्षक सहित कुल 50 पुलिस अधिकारी व कर्मचारी सम्मिलित हुए। जिला स्तर पर अनुसंधान अधिकारियों एवं पर्यवेक्षण अधिकारियों को नवीन आपराधिक अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के प्रशिक्षण कार्य हेतु पुलिस मुख्यालय से प्राप्त शॉर्ट फिल्म के माध्यम से विषयों को समझाया गया एवं उस पर चर्चा की गई। प्रशिक्षण सत्र के दौरान अनुविभागिय अधिकारी पुलिस हरसूद श्री लोकेन्द्र सिंह ठाकुर, उपुअ मुख्यालय श्री अनिल सिंह चौहान, उप पुलिस अधीक्षक अजाक श्री महेश दुबे, प्रआर आशीष त्रिपाठी द्वारा अलग-अलग विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया।

---

## आदर्श योग प्रतिष्ठान ने नियमित योग शिक्षा, गार्डन जिम के साथ लगाए बच्चों के झूले

### आदर्श योग प्रतिष्ठान ने तुलसी उद्यान व टेगौर पार्क में लगाये बच्चों के झूले

विनय उजाला



**खण्डवा, निप्र।** योगाचार्य स्व लक्ष्मीनारायण गुप्त गुरुजी द्वारा संस्थापित आदर्श योग एवं संस्कार प्रतिष्ठान के अध्यक्ष डॉ दिलीप जैन सचिव नारायण बाहेती कोषाध्यक्ष दामोदर गर्ग के नेतृत्व में आदर्श योग एवं संस्कार प्रतिष्ठान व जिला योग आयोग समिति द्वारा सराफा स्थित तुलसी उद्यान में नियमित नि:शुल्क योग शिक्षा प्रदान की जाती है ।सचिव नारायण बाहेती ने बताया कि योग शिक्षा के साथ ही आदर्श योग एवं संस्कार प्रतिष्ठान द्वारा लोगो के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए डॉ दिलीप जैन व दामोदर गर्ग के सहयोग से तुलसी उद्यान,टेगौर पार्क,श्रीनगर कालोनी व अन्य स्थानों पर गार्डन जिम मशीनें लगाई गई ।मशीनों की देखरेख व रिपेयरिंग का कार्य भी नियमित किया जाता है। बगीचे में समय समय पर विभिन्न प्रजाति के पौधे भी लगाए गए ।गॉर्डन में आवश्यकता को देखते हुए डॉ दिलीप जैन के सहयोग से तुलसी उद्यान व टैगोर पार्क में नन्हे मुन्ने बच्चों के लिए झूले लगाए गए ।झूलों के लोकार्पण अवसर पर अध्यक्ष डॉ दिलीप जैन, सचिव नारायण बाहेती,विजय सोनी,द्वारकाप्रसाद शर्मा,जितेन्द्र राठौड़, गौरव चौहान, हर्ष मण्डलोई,विकास जैन, शोभा आर्य,राजकुमारी जैन,कविता मुंदड़ा,आदि उपस्थित रहे ।सचिव नारायण बाहेती ने सभी का आभार माना।

---

## खालवा पुलिस ने शादी का झांसा देकर गलत काम करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**खंडवा, निप्र। फरियादीया ने थाना खालवा हाजिर आकर रिपोर्ट किया कि घटना दिनांक 10-10-24 की रात्रि के समय आरोपी नरेन्द्र पिता जगन्नाथ गौड निवासी सन्दलपुर ने शादी का लालच देकर खोटा काम किया है, फरियादी की रिपोर्ट पर थाना खालवा पर अपराध क्र 443/24 धारा 69 क्हस्र का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।**

प्रकरण का आरोपी घटना दिनांक 10-10-24 से फरार था जिसकी गिरफतारी के लिए पुलिस अधीक्षक खंडवा श्री मनोज कुमार राय द्वारा 2000/- रू ईनाम की उद्घोषणा की गई थी। प्रकरण में आरोपी नरेन्द्र पिता जगन्नाथ गौड निवासी सन्दलपुर की गिरफतारी के भरसक प्रयास उपरान्त दिनांक 17-05-25 को हेतु में विवेचना के दौरान आरोपी नरेन्द्र पिता जगन्नाथ जाति गौड उम्र 23 साल निवासी सन्दलपुर को गिरफतार किया जाकर आरोपी को दिनांक 18.05.25 को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे जिला जेल खंडवा भेज दिया गया।




**सराहनीय भूमिका :** थाना प्रभारी निरीक्षक जगदीश सिंदिया, उनि भुवन वासकले, प्रआर148 तिलक राम उईके एवं आर 101 अनिल की सराहनीय भूमिका रही है।

---

### आज कथा में रूक्मिणी-श्रीकृष्ण विवाहोत्सव मनाया जायेगा

# सनातन धर्म का मूल ही वर्ण व्यवस्था है : उपमन्युजी

विनय उजाला





**खंडवा, निप्र। व्यक्ति को जीवन में सदा भगवान की कृपा का अनुभव करते रहना चाहिए। सुख और दुख सर्दी-गर्मी की तरह आने जाने वाले हैं। जिस प्रकार दुख बिना प्रयास किये प्राप्त होते, उसी प्रकार सुख के लिए भी अधिक प्रयास की आवष्यकता नहीं है। आज के परिवेष में वर्ण व्यवस्था को लोग नगण्य मानते है। जबकि सनातन धर्म का मूल ही वर्ण व्यवस्था है।**

यह विचार श्री खाटू श्याम मंदिर परिसर रामनगर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस वृंदावन से पधारे कथा व्यास पंडित बनवारी भाई उपमन्युजी महाराज ने कही। उन्होंने बहुत सुंदर बालकृष्ण की माखन चोरी, लीलाओं का वर्णन किया। गोवर्धन पूजा व छप्पन भोग ग्रहण कर सभी भक्त कृतार्थ हो गये। महाराजजी ने बताया भगवान श्रीकृष्ण ने ब्रजवासियों को इंद्र देव के प्रकोप से बचाने के लिए गोवर्धन पर्वत को 7 दिनों तक उठाया था, बिना कुछ खाए-पिए। ब्रजवासियों ने 7 दिनों के बाद भगवान श्रीकृष्ण को 56 भोग लगाए, जिनमें 7 दिनों के 8 पहर के हिसाब से 56 व्यंजन शामिल थे। ब्रजवासियों ने इस भक्ति को दर्शाते हुए 56 भोग तैयार किए। 56 भोग में सभी प्रकार के स्वादों को शामिल किया जाता है। कथा के दौरान बड़ी संख्या में मौजूद श्रद्धालु भजनों पर जमकर झूमे और कथा श्रवण की। कथा के मुख्य यजमान दिलीप पाटील व श्रीमती मेघा पाटील ने बताया आज की कथा में रूक्मिणी-श्रीकृष्ण विवाहोत्सव है, सभी सादर सुनने पधारें। एक बार इंद्रदेव को अभिमान हो गया, तब लीलाधारी श्री ने एक लीला रची। एक दिन श्री कृष्ण ने देखा कि सभी ब्रजवासी तरह-तरह के पकवान बना रहे हैं पूजा का मंडप सजाया जा रहा है और सभी लोग प्रात:काल से ही पूजन की सामग्री एकत्रित करने में व्यस्त हैं। तब श्रीकृष्ण ने योशदाजी से पूछा, मईया ये आज सभी लोग किसके पूजन की तैयारी कर रहे हैं, इस पर मईया यशोदा ने कहा कि पुत्र सभी ब्रजवासी इंद्र देव के पूजन की तैयारी कर रहे हैं। तब कन्हैया ने कहा, कि सभी लोग इंद्रदेव की पूजा क्यों कर रहे हैं, तो माता यशोदा उन्हें बताते हुए कहती हैं, क्योंकि इंद्रदेव वर्षा करते हैं और जिससे अन्न की पैदावार अच्छी होती है और हमारी गायों को चारा प्राप्त होता है। तब श्री कृष्ण ने कहा कि वर्षा करना तो इंद्रदेव का कर्तव्य है। यदि पूजा करनी है तो हमें गोवर्धन पर्वत की करनी चाहिए, क्योंकि हमारी गायें तो वहीं चरती हैं और हमें फल-फूल, सब्जियां आदि भी गोवर्धन पर्वत से प्राप्त होती हैं। इसके बाद सभी ब्रजवासी इंद्रदेव की बजाए गोवर्धन पर्वत की पूजा करने लगे। इस बात को देवराज इंद्र ने अपना अपमान समझा और क्रोध में आकर प्रलयदायक मूसलाधार बारिश शुरू कर दी। जिससे हर ओर त्राहि-त्राहि होने लगी। सभी अपने परिवार और पशुओं को बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। तब ब्रजवासी कहने लगे कि यह सब कृष्णा की बात मानने का कारण हुआ है, अब हमें इंद्रदेव का कोप सहना पड़ेगा। भगवान कृष्ण ने इंद्रदेव का अंहकार दूर करने और सभी ब्रजवासियों की रक्षा करने हेतु गोवर्धन पर्वत को अपनी उंगली पर उठा लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### सीबीएसई परीक्षा परिणाम : उत्कृष्ट प्रतिभा प्रस्तुत कर पूर्वार्थ डांगरा टॉपर बने

**बाग, निप्र।** सी बी एस ई बोर्ड का कक्षा 10वी और 12वी का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया ।बाग के होनहार छात्र पूर्वार्थ डांगरा



ने कक्षा 10 वी में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर बाग ब्लॉक में सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया । उत्कृष्ट प्रतिभा प्रस्तुत कर उल्लेखनीय सफलता अर्जित करने पर सभी ने पूर्वार्थ और परिवारजनों को बधाईयां देते हुए विद्यार्थी के उज्वल भविष्य की कामना की है । मेधावी छात्र पूर्वार्थ ने अपनी सफलता का श्रेय कड़ी मेहनत और अभिभावकों के प्रोत्साहन को दिया है ।

### पुलिस चौकी बाकानेर द्वारा अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन करने वालों पर की बड़ी कार्रवाई

**बाकानेर,निप्र।** एसडीओपी मनावर श्रीमती अनु बेनीवाल ( भा.



पु .से) के मार्गदर्शन में बाकानेर पुलिस द्वारा चौकी क्षेत्र अंतर्गत दो अलग-अलग स्थान ग्राम कुवाड़ एवं ग्राम उर्दना में हो रहे अवैध रेत का परिवहन करते दो ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ा गया। उक्त सराहनीय कार्य में चौकी प्रभारीअश्विन चौहान , स.उ.नि गोरेलाल शुक्ला, प्रधान आरक्षक दयाराम चौहान ,आरक्षक जितेंद्र जामकर ,आरक्षक अनिल सोलंकी, आरक्षक राकेश कन्नौज, महिला आरक्षक फुलवंती परदेसी का सराहनीय योगदान रहा है।

## जिला जेल में दो दिवसीय हनुमान कथा का भव्य शुभारंभ

# गुरुदेव श्रीधर बैरागी के मुखाग्र बिंद से कथा के प्रथम दिवस हनुमान जी के जन्म प्रसंग के बारे में बताया

### राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी की धुन पर कैदियों ने खूब आनंद लिया








विनय उजाला

**झाबुआ, निप्र।** जिला जेल परिसर में आयोजित भव्य संगीत में हनुमान कथा का शुभारंभ व्यास पीठ पर विराजमान पंडित श्रीधर बैरागी जी के द्वारा किया गया सर्वप्रथम जेल अधीक्षक डीके पगारे ने व्यास पीठ पर विराजमान हनुमान जी एवं नवग्रह देवताओं की स्थापना का पूजा अर्चन किया गया उसके पश्चात कथा वाचक गुरुदेव का मोतियों की माला एवं भगवा गमछा से स्वागत किया गया और फिर विधिवत कथा का शुभारंभ किया सर्वप्रथम राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं महिला बाल विकास के तत्वाधान में आयोजित

कथा के दौरान बालाजी धाम गढ़ावदिया के परम उपासक पंडित श्री श्रीधर बैरागी ने कैदियों को भजनों के ऊपर नाचने के लिए मजबूर कर दिया और भाव विभोर होकर कथा का आनंद बंधिया ने लिया साथ ही बंधिया को शपथ दिलाई की सभी नशा का त्याग कर, किसी भी प्रकार का अपराध नहीं करेंगे और अपना लक्ष्य निर्धारित कर अपने माता पिता का नाम रोशन करेंगे।

साथ ही जेल अधीक्षक डीके पगारे एवं राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं महिला बाल विकास आयोग के पदाधिकारियों के द्वारा गुरुजी के साथ साथ बालाजी धाम गढ़वादिया के सभी साथियों का भगवा दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्रकाश चंद भगोरा , गोपाल विश्वकर्मा ,सुनील पोरवाल, मनीष भट्ट ,लाखन पोरवाल ,दीपक सिसोदिया, दीपक पाटीदार ,राम जी, दिनेश बलराम राठौड़ मोहित भटेवर भेरूलाल ग्रेवाल, पंडित प्रवीण नगर कथा वाचक वैष्णवी भट्ट राधिका भट्ट एवं राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं महिला बाल विकास आयोग की ओर से डॉक्टर एमएल फुल पगारे श्वस्त्र रायपुरिया बापू सिंह कटारा कोमल सिंह डामोर दीपेश कटरा नगिन लाल नायक अनु भाबर ,गौरी कटरा, आशा अम्लीयार,संतोष भूरिया ,ललिता डुडवे ,हनुमंत गिदवानी,आदि उपस्थित है कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर अशोक बलसोरा ने किया और अंत में महा आरती के पास पश्चात प्रसाद वितरण कर कथा का समापन किया।

## भारत माता प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मालवा प्रांत के संघ शिक्षा वर्ग प्रारंभ

# संघ शिक्षा वर्ग कार्यकर्ताओं के निर्माण की साधना है : श्रीनाथजी







विनय उजाला

**पेटलावद, निप्र।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मालवा प्रांत के संघ शिक्षा वर्ग ( व्यवसायी ) 2025 का रविवार को पेटलावद में विधिवत शुभारंभ हुआ। इस वर्ग में 28 जिलों से चयनित 228 शिक्षार्थी उपस्थित हैं। पंद्रह दिनों तक चलने वाले इस संघ शिक्षा वर्ग में शिक्षार्थी संघ की कार्य पद्धति, सहजीवन, अनुशासन आदि का प्रशिक्षण लेंगे। प्रात: 4=10 बजे जागरण से लेकर रात्रि 10=15 बजे दीप विसर्जन तक विभिन्न शारीरिक एवं बौद्धिक सत्रों द्वारा शिक्षार्थियों का प्रशिक्षण होगा।

सत्र का प्रारंभ भारत माता के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर मालवा प्रांत के सह प्रान्त कार्यवाह श्री श्रीनाथ जी गुप्ता, वर्ग के माननीय सर्वाधिकारी श्री सुरजीतसिंह तनेजा जी व मालवा प्रान्त सह कार्यवाह श्री रघुवीर सिंह जी सिसोदिया भी मंच पर उपस्थित रहे।

स्वयंसेवक होना ही अपने आप में गौरव का विषय है...श्री गुप्ता

उद्घाटन सत्र में स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए मालवा प्रांत के सह प्रान्त कार्यवाह श्री श्रीनाथ जी गुप्ता ने वर्ग का महत्व बताते हुए कहा अहंकार सदैव विकास में बाधा उत्पन्न करता है उसे त्यागे। मुझे सीखना है के उद्देश्य से कार्य कर अपने आपको परिपक्व बनाना है। जब भी हमें कुछ सीखना है प्राप्त करना है तो झुकना सीखना होगा। झुकने से अहंकार समाप्त हो जाता है।

मामा बालेश्वर दयाल बौद्धिक सभागृह में मालवा प्रान्त के 15 दिवसीय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वर्ग में प्रान्त सहकार्यवाह श्री गुप्ताजी ने कहा इस प्रकार के वर्ग से कार्यकर्ता का विकास और निर्माण होता है। वर्ष 1925 में संघ की स्थापना के पूर्व डॉक्टर हेडगेवार जी का एकमात्र उद्देश्य था देश की स्वतंत्रता और भारत की मजबूती। इसके लिए उन्होंने समाज को शक्तिशाली और संगठित करने का मन में ठाना और गुलामी के पहले का भारत जो की कपड़ा, शिक्षा, चिकित्सा, परिवार, व्यवसाय आदि में दुनिया भर में प्रमुख स्थान पर था उसे पुन: सर्वश्रेष्ठ बनाने का मन में ठाना। आपका उद्देश्य था दुनिया में भारत पुन: शीर्ष पर हो और भारत अपना परम वैभव को प्राप्त करें। इसी कड़ी में डॉक्टर हेडगेवार जी में गर्व से कहो हम हिंदू हैं का नारा दिया था।

आपने आगे कहा संघ और उसकी शाखा की कार्य पद्धति पूर्णतया वैज्ञानिक है, शाखा की शुरुआत कार्यकर्ता निर्माण की शुरुआत है। आज जो वर्ग की शुरुआत हो रही है उसमें चयनित स्वयंसेवकों को शामिल किया गया है। जो स्वयं को निखारने का कार्य तो करेंगे ही साथ में कार्यकर्ता निर्माण का कार्य भी यहां से जाने के बाद करेंगे।

आपने आगे कहा संगठन चलाने के लिए गुस्से को अपने काबू में करना होगा। किसी भी संगठन में गुस्से का कोई स्थान नहीं होता। इसलिए अपने मन व मस्तिष्क को शांत रखना सीखें। समय का पालन, अनुशासन और समयबद्धता यह महत्वपूर्ण चीज वर्ग की है।

यह भी एक वैज्ञानिक तथ्य है की शरीर को किसी भी व्यवस्था में ढलने के लिए 15 से 21 दिन लगते है।इसीलिए संघ के वर्ग 15 से 21 दिनों के होते हैं। स्वयं की कमी को देखकर उससे बेहतर करने का प्रयास व्यक्ति को करना चाहिए। स्वयंसेवक तीन प्रकार के ध्येय का चिंतन करें इससे उनके विकास की क्षमता में बढ़ोतरी होगी।

पहला ध्येय चिंतन है। इसका अर्थ नेतृत्व पर विश्वास और अपने ध्येय के प्रति संकल्प का पक्का होना है। दूसरा गुणों का अर्जन अपने शारीरिक विकास के साथ में वर्ग में गुणों का अर्जन करना, समयबद्धता के प्रति कायम रहना, कम समय में अधिक काम करना, समय का समायोजन करने की क्षमता व अपनी प्राथमिकता तय करना मुख्य रूप से शामिल है। इसके साथ ही न्यूनतम आवश्यकता में जीना, विलासिता को छोड़कर यही वर्ग में आनंद की अनुभूति प्राप्त होती है।

तीसरा जो प्राप्त हुआ संघ के वर्ग में मन, बुद्धि, शरीर को सदैव याद रखना होगा। यह हमें राष्ट्र प्रेम देश भावना व भारत माता के प्रति अपने कर्ज को याद दिलाता है।

श्री गुप्ता जी ने पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम का उदाहरण देते हुए बताया उन्हें मिसाईल मेन के नाम से पूरे विश्व में जाना जाता था। उन्हें अपने कार्य के लिए कई विदेशी देशों ने बड़े-बड़े प्रलोभन दिए लेकिन उन्होंने अपने राष्ट्रवाद, देश के प्रति भाव प्रकट करते हुए राष्ट्र प्रथम रखा। उन्होंने जो भी वैज्ञानिक कार्य किए वह केवल भारत के लिए किए।

वर्ग में उपस्थित शिक्षार्थियों से श्री गुप्ता ने कहा संघ के स्वयंसेवक का होना ही अपने आप में भाग्यशाली पल है। इस वर्ग में कुछ सीखें, सीखने के बाद आप देश, परिवार, समाज, नगर, ग्राम के लिए कुछ कर पाए तभी यह वर्ग सार्थक सिद्ध हो पाएगा, क्योकि संघ का शिक्षा वर्ग कार्यकर्ताओ के निर्माण की साधना है।

**01 जून को होगा समापन :** वर्ग का समापन प्रकट कार्यक्रम के साथ 1 जून को सायं 6 बजे सांदीपनी विद्यालय प्रांगण (सीएम राइस) पेटलावद में संपन्न होगा।

## अल्ट्राटेक सीमेंट यूनिट धार सीमेंट वर्क द्वारा लगभग 20 लाख रुपए की लागत से बने नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकर्पण

विनय उजाला



**मनावर, निप्र।** धार सीमेंट वर्क में सीएसआर विभाग द्वारा ग्राम सोंडुल में लगभग 20 लाख रुपए की लागत से बने सामुदायिक भवन का लोकार्पण एसडीओपी मनावर अनु बेनीवाल एवं अल्ट्राटेक संस्थान प्रमुख विजय छाबड़ा ने सरपंच सोंडुल नाहरसिंह बुंदेला, सीएसआर प्रमुख विपिन सक्सेना, सुरक्षा विभाग के प्रमुख सजिश सीएस, सिविल विभाग के ज्योतिरामण्य जोशी, सुशांत दास, सुखलाल वास्केल, ग्राम के गणमान्य नागरिक की उपस्थिति में किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम को संबंध करते हुए एसडीओपी अनु बेनीवाल ने कहा कि अल्ट्राटेक द्वारा सोंडुल में बनाया गया सामुदायिक भवन गांव को अनुपम भेंट है। इसका उपयोग सामाजिक कार्य के साथ-साथ शैक्षणिक एवं रचनात्मक कार्य के लिए भी इसका उपयोग करें। जैसे की शिक्षा कार्यक्रम अन्य शैक्षणिक कार्यक्रम आदि। अल्ट्राटेक प्रबंधक को इसके लिए बधाई देती हु। पुलिस विभाग भी रचनात्मक गतिविधियों विशेष कर महिला विभाग संबंधित गतिविधियों में हर संभव सहयोग प्रदान करेगा। संस्थान प्रमुख विजय छाबड़ा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा की धार सीमेंट वर्क द्वारा सीएसआर के तहत गांव के विकास के लिए विशेष प्रयास किया जा रहे हैं। जिसके अंतर्गत शिक्षा, स्वास्थ्य, परिसंपत्तियों का निर्माण आदि क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किया जा रहे हैं।

इस सामुदायिक भवन से लोगों को सामाजिक कार्य करने में सुविधा होगी, अनावश्यक खर्चे से राहत मिलेगी, साथ ही उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में विकास के लिए विशेष प्रयास किए जाने चाहिए। अतिथियों का स्वागत सरपंच नाहरसिंह बुंदेला, विपिन सक्सेना सजिश सीएस ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन विभिन्न सक्सेना ने किया व आभार प्रदर्शन सरपंच नाहरसिंह बुंदेला ने किया। उल्लेखनीय की धार सीमेंट वर्क सीएसआर विभाग संस्थान प्रमुख विजय छाबड़ा, मानव संसाधन प्रमुख राजेश जैन के कुशल मार्गदर्शन एवं विपिन सक्सेना के दिशा निर्देश में प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है।

## सिंधिया को बीएसएनल नेटवर्क में आ रही परेशानी के संदर्भ में अवगत कराया

विनय उजाला



**धामनोद, निप्र।** नगर के राहुल राठौर ने दूरसंचार केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से शिवपुरी में मुलाकात कर क्षेत्र में बीएसएनल के नेटवर्क में आ रही परेशानी के संदर्भ में अवगत कराया जानकारी देते हुए राहुल राठौर ने बताया कि दूर संचार मंत्री सिंधिया से उन्होंने मुलाकात की इस दौरान धरमपुरी विधानसभा में कई जगह बीएसएनल संचार में आ रही नेटवर्क और अन्य परेशानियों के संदर्भ में अवगत कराया जिस पर सिंधिया ने आश्वासन दिया कि समस्याओं का हल किया जाएगा क्षेत्र में बीएसएनल धारक आए दिन नेटवर्क की समस्या से जूझ रहे हैं इंदौर जाने के दौरान गणेश घाट और अन्य जगह पर तो नेटवर्क मिलता ही नहीं है ऐसे में धारक परेशान होते हैं अब उपरोक्त समस्या के बारे में उन्होंने सिंधिया को अवगत कराया है।

### नगर का मुख्य मार्ग तो ठीक गलियों में भी अतिक्रमण की बाढ़ आ गई

# दुकानदारों की मनमर्जी की हदें पार, जिम्मेदार खामोश

विनय उजाला

**बाग, निप्र।** नगर मैं अपनी मनमर्जी करने का आलम इस कदर हावी है कि किसी को कुछ कहना ही बेकार है ।ओर नगर व्यवस्था के सुधार में सबंधितो का ना समझना भी समझ से बहार है ।हा हम बात कर रहे हैं बाग नगर की जहा बड़ी तेजी से फेल रहा अतिक्रमण हर कोई अगले से आगे निकलने की जुगाड में लगा रहकर नगर की सारी ट्राफिक व्यवस्था पर बट्टा लगा रखा है पहले तो नगर के मुख्य मार्ग पर ही अतिक्रमण का माया जाल फेला हुआ था और ट्राफिक व्यवस्था से हर कोई परेशान था उस परेशानी की समस्या का समाधान तो





आज दिनांक तक नहीं निकला मगर ये जरूर था की पहले लौंग ओर बाईक वाले मुख्य मार्ग पर जाम लगा होने से नगर की गलियों से निकल कर इस जाम से छुटकारा पाने में सफल हो जाते थे । किंतू आज तो उस सफलता में भी अतिक्रमण की बाड़ आ गई और गली कूचों मैं इस कदर छोटी बड़ी दूकाने सड़क तक आ गई की गोलीयों से निकलना भी अब दुश्वार हो गया है । जिसमें खतरनाक मोड़ से सटी बड़ वाली गली ,गवलीपुरा, में इतनी दुकानें सड़क पर आ गई की इस प्रस्तिथी मे केसे ओर कहा से निकले । यही हाल महाकालेश्वर मार्ग गाडी गली का हो गया पहले तो गली सकड़ी उपर से दोनों तरफ से दुकानें सड़क पर लगने लगी जिससे गली एक नारी समान बनकर रह गई जहां सोमवार को निकलकर पेदल जाने वाले को भी मशक्कत करना पड़ती है ।सारी समस्या दूर हो सकती है अगर दूकानदार अपनी मनमर्जी ना चलाते हुए अपनी दूकाने सिमा मे लगाए ओर ये तभी होगा जब यहां के जिम्मेदार दृढ़ता से आकर सभी को सिमा में दुकाने लगाने के आदेश करें

**रोज की परेशानी सभी झेल रहे हैं , मगर बोले कोन :** नगर की ट्राफिक व्यवस्था ओर सड़क तक होते अतिक्रमण को हर आम और खास देख रहा हैं ओर खासकर वो जनप्रतिनिधि जो अपने चुनावों में विकास की डफली बजाते हैं ओर विकास के नाम पर जनता का वोट हासिल कर अपनी जीत का डंका बजाकर नगर विकास से अपना ध्यान हटा लेते हैं उसके बाद नगर में जेसा चल रहा हे चलने दो अगली बार ओर कोई जुगाड़ लगाएंगे ।तो आखिर ये चुप्पी जिम्मेदारों की कब टूटेगी ओर नगर में फेले गली कूचों के अतिक्रमण पर अंकुश लगाएंगे वर्ना ये मनमर्जी की हदे पार होती रही तो समझलो नगर के मुख्य मार्ग ओर गली कूचों की सड़कें ढूढते रह जाओगे

**कुक्षी एसडीएम धाकड़ ने किया था मुख्य मार्ग का निरीक्षण, दिए थे नोटिस देने के निर्देश :** एक सप्ताह पुर्व कुक्षी एसडीएम विशाल धाकड़ बाघनी नदी का निरीक्षण करने आए थे उसकी साफ सफाई को लेकर तो जनता की मांग पर ओर बार बार मुख्य मार्ग पर लगने वाले जाम की सुचना पर उनके द्वारा मुख्य मार्ग का निरीक्षण किया गया था और सड़क तक लगी दुकानें व दुकाने के सामान बहार तक जमे को देखकर नाराजगी जताते हुए सरपंच धर्मेन्द्र बामनिया को निर्देश दिए थे की जिन दुकानदारो का सामान सड़क तक जमा हो उन्हें नोटिस जारी करे एवं जो नियमों का पालन नहीं करता हो उस दुकानदार पर कार्यवाही भी करें उसके बाद क्या हुआ यह तो नहीं पता मगर व्यवस्था अभी भी ज्यों के त्यों ही ही बनी हुई है ।

## संक्षिप्त समाचार

### आजीविका भवन डोंचा में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन



**मनावर, निप्र।** ग्रामीण आजीविका मिशन के ऑफिस आजीविका भवन डोंचा में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से धार से पधारे आदरणीय प्रदीप सोनी सर न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धार एवं श्री सिमोन सुल्या सर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धार एवं श्रीमती शीतल शुक्ला पैरा लीगल वालेटीयर उपस्थित रहे। इस विधिक साक्षरता शिविर में आदरणीय न्यायाधीश महोदय के द्वारा बताया गया कि किस तरह से महिलाओं की जागरूकता से संबंधित कानून का उपयोग किया जा सकता है एवं महिलाओं के विभिन्न प्रकार के अधिकारों के बारे में भी विस्तृत रूप से आदरणीय सर के द्वारा लोक अधिकार केंद्र में भी भ्रमण किया गया एवं लोक अधिकार केंद्र की समन्वयक को विभिन्न प्रकार के केस को कैसे हल करना है के बारे में समझाइए दी गई इसके पश्चात न्यायाधीश महोदय के द्वारा मनावर के सिविल हॉस्पिटल में भी भ्रमण किया गया जिसमें डॉक्टर सचिन जी पाटीदार मेडिकल ऑफिसर एच सी पचूरेकार खंड विस्तार प्रशिक्षक एवं आनंदसिंह जर्मन सुपरवाइजर उपस्थित रहे यहां पर भ्रमण के दौरान डॉक्टर सचिन जी पाटीदार के द्वारा उपयोगी जानकारी प्रदान की गई कार्यक्रम का संचालन आशीष शुक्ला विकासखंड समन्वयक आजीविका मिशन मनावर के द्वारा किया गया।

### 19 मई को सिक्योरिटी गार्ड की भर्ती के लिए प्लेसमेंट ड्राईव का आयोजन

**खरगोन, निप्र।** जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जिले के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चेकमेट सर्विस प्रायवेट लिमिटेड अहमदाबाद द्वारा सिक्योरिटी गार्ड की भर्ती के लिए 19 मई को प्रात: 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक जिला रोजगार कार्यालय खरगोन में प्लेसमेंट ड्राईव का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी श्रीमती प्रीतिबाला सस्ते ने बताया कि सिक्योरिटी गार्ड की भर्ती के लिए आवेदक की शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम 10 वीं उत्तीर्ण तथा 20 से 35 वर्ष होना चाहिए। ऊंचाई न्यूनतम 5 फीट 06 इंच होना अनिवार्य है।

पुलिस कप्तान बड़वानी के दिशा निर्देश में समस्त आला अधिकारियों सहित 400 पुलिसकर्मियों ने सम्भाला मोर्चा

# बड़वानी पुलिस की प्रभावी 'कॉम्बिंग गश्त',67 फरार अपराधियों को पकड़ा

### आदतन अपराधियों के घरों पर दी देर रात्रि औचक दस्तक समाज में अशांति फैलाने वाले असामाजिक तत्वों को किया गया देर रात्रि चेक, गस्त में रु. 2500 के 01 फरार ईनामी बदमाश भी गिरफ्तार

विनय उजाला





**बड़वानी, निप्र।** 17.05.2025 की शनिवार-रविवार की दरमियानी रात पुरे जिले में एक साथ 400 से अधिक पुलिस अधिकारी/कर्मचारी देर रात उतरे सड़को पर एसडीओपी, थाना प्रभारी, चोकी प्रभारी एवं जिला पुलिस बल के पुलिस अधिकारी/कर्मचारी कॉम्बिंग गश्त में रहे मौजूद। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस बल को ब्रीफ कांबिंग गस्त के लिए किया रवाना द्यबड़वानी पुलिस ने जिले में एक व्यापक और प्रभावी कॉम्बिंग गश्त का आयोजन किया, जिसे पुलिस कप्तान जगदीश डावर के नेतृत्व व दिशा निर्देश में चलाया गया।

इस गश्त में जिले के सभी थाना क्षेत्रों के 400 के करीब पुलिस अधिकारी और कर्मचारी शामिल थे। देर रात 12 बजे से सुबह 5 बजे तक की गई इस कार्यवाही में, पुलिस ने 67 बदमाशों को गिरफ्तार किया, जिसमें 01 उद्घोषित फरार ईनामी बदमाश सहित 23 स्थायी फरारी वारंटी और 44 गिरफ्तार वारंटियों को पकड़ा।गश्त के दौरान, पुलिस ने विभिन्न अपराधों में फरार अपराधियों, लिस्टेड गुण्डों, निगरानी बदमाशों और संपत्ति संबंधी अपराधों में जेल से जमानत पर रिहा हुए बदमाशों की चेकिंग की। जिसमें 138 लिस्टेड गुण्डों,71 निगरानी बदमाशों, 24 संपत्ति संबंधी अपराधियों, 06 जेल से रिहा, व 01 जिला बदर, कुल 240 बदमाशों को चेक किया गया द्य कॉम्बिंग गश्त के दौरान गुंडा व निगरानी बदमाशों को चेक कर उनकी जानकारी डिजिटल बीट ऐप में भी इंद्राज की गई।इसके अतिरिक्त, पुलिस ने अवैध शराब बेचने वाले 18 बदमाशों को गिरफ्तार कर 271 लीटर अवैध शराब जप्त की, जिसकी कीमत 28,600 रुपये है।आगामी समय में भी पुलिस अधीक्षक जगदीश डावर के नेतृत्व में इस प्रकार की कॉम्बिंग गश्त और जनसंवाद कार्यक्रम जारी रहेंगे। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य असामाजिक तत्वों की गिरफ्तारी और अपराध पर नियंत्रण पाना है।

नर्मदा समग्र संस्थापक अनिल माधव दवे की पुण्य तिथि मनाई

# 101 नर्मदा घाटों पर स्वछता अभियान चलाया , पौधारोपण कर, कन्या भोज सहित कई धार्मिक आयोजन संपन्न





विनय उजाला

**कसरावद, निप्र।** नर्मदा समग्र संस्थापक पूर्व वन एवं पर्यावरण मंत्री स्व = अनिल माधव दवे के अष्टम पुण्यस्मरण( संकल्प दिवस) के अवसर पर 101 घाटों पर स्वछता अभियान चलाकर,वृक्षारोपण कन्या भोज आयोजन कर श्रद्धांजलि अर्पित की!

**नर्मदा समग्र महिला टोली का गठन किया :** नर्मदा समग्र भाग टोली सदस्य प्रकाश पाटीदार ने बताया कि स्व -दवे जी ने नदियों जलस्त्रोत के संरक्षण के लिए हमेशा आगे रहकर संरक्षित काम किए हैं।

माँ नर्मदा के अमरकंटक से अलीराजपुर तक एक समय में 101 घाटों पर स्वछता अभियान चलाकर,पौधा रोपण कर कन्या भोज करवाए श्रद्धांजलि अर्पित कर संभाग मालवा निमाड़ में ओमकारेश्वर से ककराना (अलीराजपुर) तक घाटों पर कार्यक्रम आयोजित किये। स्व. अनिल दवे जी की अंतिम इच्छानुसार पौधारोपण कर संरक्षण की महिला टोली ने जिम्मेदारी ली।

इस अवसर पर नर्मदा समग्र के राज्य समन्वयक मनोज जोशी ने स्व = दवे जी का स्मरण करते हुए नर्मदा समग्र के कार्य एवं कार्यक्रमों से महिला टोली को अवगत करवाते हुए कहा कि माँ नर्मदा जी का पानी सहायक नदियों ओर वन संपदा का पानी है अत: सहायक नदियों एवं नर्मदा जी के किनारे सघन वनों की आवश्यकता है। नर्मदा किनारे पौधारोपण कर माँ नर्मदा को हरियाली की चुनरी ओढ़ाने का कार्य अनवरत जारी रखने की जरूरत है। नदियों के संरक्षण की दिशा में आगे बढ़ना होगा ! नर्मदा समग्र के कार्य का प्रतिफल है कि माँ नर्मदा जी के किनारे पहले की तुलना में प्रदूषण की मात्रा कम प्रतीत होती है ! समाज अब इस दिशा में कार्य करने लगा है। पाटीदार समाज के जिला अध्यक्ष नर्मदा समग्र के कार्यकर्ता उमेश मोदी ने कहा जन्म जयंती एवम पुण्यतिथि मनाई गई ।पर्यावरण के क्षेत्र में किये नवाचारों को अब समाज ने अपने हाथों में लेकर कार्य करने की महती आवश्यकता है।

इस अवसर पर शीला पटेल ने कहा नदियों के संरक्षण प्रकृति को सुरक्षित व संरक्षित रखने की सराहनीय कार्य सभी के लिए प्रेरणादायी है। महिला टोली का गठन कर ढ़ालखेड़ा घाट इकाई के कार्यकर्ताओं द्वारा गांव - गांव में कार्य करेंगे। इस कार्य को आगे बढ़ाएंगे ! इस अवसर पर नर्मदा समग्र समन्वयक राजेश जादम ने कहा लगाए हुए पौधों को वृक्ष बनाना है।

इस दौरान किरण पाटीदार सुलोचना पाटीदार, उमा पाटीदार, कावेरी पाटीदार, सरिता पाटीदार, विद्या पाटीदार,पल्लवी पाटीदार किरण पाटीदार, मंजू पाटीदार, प्रमिला पाटीदार ललिता पाटीदार, उर्मिला पटेल, नर्मदा समग्र कार्यकर्ता मनीष पाटीदार, ओम पाटीदार, पिंटू पटेल, राहुल सुनेर कार्यकर्ताओ ने श्रद्धेय अनिल माधव जी दवे के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धासुमन अर्पित कर माँ नर्मदा जी के संरक्षण का संकल्प लिया !

रविवार को प्राचीन मंदिर लखन गांव मंदिर परिसर में पौधारोपण किया नर्मदा समग्र के संस्थापक स्वर्गीय अनिल माधव दवे की पुण्यतिथि पर, लखन गांव मंदिर परिसर में पौधारोपण किया। इस दौरान प्रवीण यादव, कृष्ण लाल यादव, संजय यादव, वरिष्ठ समाजसेवी अजय दादा मंडलोई, लखन गांव मंदिर के पुजारी गुरुजी उपस्थित है।

नर्मदा समग्र संस्थापक की पुण्य तिथि पर

## सुबह की सफाई, शाम को दिलाया संकल्प



विनय उजाला

**मंडलेश्वर, निप्र।** नर्मदा समग्र नगर इकाई मंडलेश्वर द्वारा नर्मदा समग्र के संस्थापक ब्रम्हलीन श्री अनिल माधव दवे की पुण्यतिथि को सादगी पूर्वक मनाया गया। नर्मदा समग्र और नर्मदा आरती मंडल के सदस्यों द्वारा इस अवसर पर रविवार सुबह 8 बजे से 9 बजे तक नर्मदा घाटों की साफ सफाई की गई ।रामघाट से लेकर कैदी घाट तक सभी घाटों पर कार्यकर्ताओं द्वारा सफाई की गई। नर्मदा समग्र से जुड़े संतोष चौहान ने बताया कि नर्मदा समग्र के संस्थापक स्वर्गीय अनिल माधव दवे की पुण्यतिथि को नर्मदा समग्र द्वारा नर्मदा समग्र संकल्प दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। सफाई अभियान के बाद समग्र कार्यकर्ताओं ने आश्रम के बगीचे में अमरूद कटहल कदम और शमी के पौधे लगाए गए। शाम को रामघाट पर बड़ी संख्या में उपस्थित नर्मदा भक्तों को नर्मदा समग्र द्वारा नर्मदा नदी को स्वच्छ रखने का संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर नर्मदा अष्टक का पाठ कर नर्मदा आरती की गई।

## कला व्यक्ति को जीवन जीना सीखाती है : श्री कन्नौज




विनय उजाला


**डही, निप्र।** कला व्यक्ति को जीवन जीना सिखाती है। मनुष्य को मनुष्यता से जोड़कर उन्हें जमीन से जोड़ती है। अत: हर बच्चे को अपने जीवन मे अंक, अक्षर के साथ- साथ कला, कौशल का ज्ञान भी लेना चाहिए। जिससे कि हम न केवल एक अच्छे नागरिक बनेंगे अपितु अपने जीवन में आत्मनिर्भर भी बनेंगे। यह बात डही नगर परिषद के अध्यक्ष प्रतिनिधि कैलाश कन्नौज द्वारा जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित सक्षम कार्यक्रम के तहत दस दिवसीय सामुदायिक ग्रीष्मकालीन शिविर के समापन के अवसर पर कहीं। आपने कहा कि समुदाय के बीच में इस तरह के प्रयास सराहनीय हैं। ये बच्चो को जीवन से जोड़ते हैं।इस दौरान आपने बच्चों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों का अवलोकन किया तथा 50 रूपए प्रति बच्चें को प्रोत्साहन राशि पारितोषिक के रूप में प्रदान की।

बच्चों द्वारा मंगल तिलक लगाकर अतिथि द्वय का स्वागत किया गया। इस दौरान सामुदायिक युवा नेतृत्व कर्ता श्रीमती रहनदिया सस्त्या तथा सायना अलावा ने दस दिवसीय गतिविधियों से अवगत कराया। इस अवसर पर सक्षम जीवन कौशल विकास कार्यक्रम डही की विकासखंड प्रबंधक संध्या राजपुरोहित ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य बच्चों में संवाद, सहयोग, निर्णय क्षमता समानुभूति जैसे जीवन कौशल विकसित करना है।

खेल , कला तथा कथाओं के माध्यम से बच्चों में आत्मविश्वास तथा आत्म अभिव्यक्ति को बढ़ाना है। जिससे वे स्थानीय संसाधनों का प्रयोग कर रचनात्मकता का विकास कर सकें।

# माकड़खेड़ा नर्मदा तट पुल पर पानी निकासी नहीं, खराब हो रहा मार्ग

विनय उजाला



**कसरावद, निप्र।** माकड़खेड़ा - मंडलेश्वर नर्मदा स्थित पुल की स्थिति जगह-जगहो से प्रभावित हो रही है। पुल की मरम्मत का अभाव बना हुआ है। यहां हल्की बारिश में पुल पर बारिश का पानी भर जाता है। निकासी नही होने से पुल की सड़क के अधिकाशं जगहो गढ़ों में पानी जमा रहने से पुलिया कमजोर होने की संभावना बनी हुई है। सडक मार्ग पर आवाजाही का दबाव अधिक बना रहता है, उसके बाद भी सफाई कार्य लंबे समय से नही हो रही है।

रहवासी देवराम वर्मा ने बताया पुल पर बारिश के मौसम में मुख्य सड़क मार्ग पर पानी भरने की स्थिति में निकासी की व्यवस्था नही है। यहा पानी निकासी के लिए रखे गए पाईप कचरे से भर गये हैं। इसलिए पानी जमा रहने पर सड़क पर गड्ढों की स्थिति बार बार उभर रही है। पहले डामर उखडता फिर सरिए निकल आते हैं। आवाजाही में आमजन परेशान हो रहे हैं। राहगीर भारत वर्मा ने बताया पिछले कई सालों से पुलिया की मरम्मत को लेकर मांग उठाई जा रही है, अभी तक सिर्फ डामर के माध्यम से गढ़ों की मरम्मत कर दी जाती हैं। लेकिन व्यवस्थित काम नही किया जाता है । लेकिन मुख्य सड़क मार्ग आवा-जाही की स्थिति को लेकर व्यवस्थित काम करना चाहिए।

राहगीर अशोक पाटीदार ने बताया माकड़खेड़ा से मंडलेश्वर पहुंच मार्ग को लेकर यहां वाहनों का दबाव सबसे अधिक बना हुआ है। लोडिंग वाहनों के साथ ही महेश्वर, मंडलेश्वर, बड़वाह, सनावद जामघट सहित खरगोन पहुंचने वाले मुख्य मार्ग पर आवागमन का दबाव अधिक होता है। समय-समय पर पुल निर्माण का कार्य करने वाली कंपनी को उसके मेंटेनेंस का काम करना चाहिए। क्योंकि मुख्य सड़क मार्ग पर पानी जमा होने और सफाई का अभाव होने से राहगीरों की परेशानी बढ़ जाती है। इस पर ध्यान दिया जाना जरूरी है।

## खण्डवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल के निजी सचिव ब्रजेश यादव ने सड़क हादसें में घायलों को अस्पताल पहुंचाया



विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** शनिवार देर रात को इंदौर रोड़ पर खराब खड़ी ट्रैक्टर ट्रॉली में बाईक सवार जा घुसे , जो रात मे सड़क पर घायल अवस्था में पड़े थे। वहां से गुजर रहे सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल के निजी सचिव ब्रजेश यादव की नजर जब घायलों पर पड़ी तो उन्होंने रुककर घायलों को तुरन्त बड़वाह के सरकारी अस्पताल पहुंचाकर उन्हें भर्ती करवाया , जबकि गंभीर घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद इंदौर रैफर करवाया। बाईक पर 2 व्यक्ति सवार थे जो पुनासा के रहने वाले थे । उनको सिर में ज्यादा चोट आने की वजह से इंदौर मे उनका अस्पताल मे इलाज चल रहा है।

ब्रजेश यादव की तत्परता से उनको सही समय पर इलाज मिला है। यादव ने मानवता का परिचय दिया है। ब्रजेश यादव ने कहा कि किसी भी सडक हादसे में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाना मानव धर्म भी है और आपका कर्तव्य भी।

**इधर सरकार ने भी घायलों को अस्पताल पहुंचाने पर योजना को दे रखी है मंजूरी :** म.प्र. की मोहन सरकार ने घायलों की जान बचाने के लिए योजना को मंजूरी दे रखी है। जिसमें घायलों की जान बचाने वाले आम नागरिकों से अब कानूनी सवाल नही होगे। बल्कि इन्हें सरकार के द्वारा पुरस्कृत भी किया जायेगा। आमतौर पर घायलों की मदद के लिए आगे आने वालो से सवाल पूछे जाते थे, इसी वजह से कई बार घायलों की मदद के लिए लोग आगे आने से भय खाते है। इस परोपकार से जोड़ने लोगो को इनाम एवं पुरस्कार देने की योजना बनाई है।

## नरसिंहगढ़ ऑपरेशन सिंदूर और भारतीय सेना के सम्मान मे तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन सम्पन्न



विनय उजाला

**नरसिंहगढ़, निप्र।** रविवार सुबह 10 बजे ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन मे विशाल तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन हुआ मंच पर पूर्व सेनिको का विधायक मोहन शर्मा ने किया सम्मान

पाकिस्तानी आतंकवादियों के विरुद्ध सीमापार भारतीय सेनाओ के द्वारा किये गये ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य मे विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया यह यात्रा कुंवर चैन सिंह जी की मूर्ति पर विधायक मोहन शर्मा द्वारा माल्यार्पण के साथ प्रारम्भ हुई नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई तिरंगा यात्रा पुन: छत्री चौराहे पर समाप्त हुई यात्रा मे प्रमुख बात यह रही कि इस यात्रा मे सभी मत मजहब पंथ के नागरिक ओर बड़ी संख्या मे महिलाये भी सम्मिलित हुई हजारों नागरिक इस तिरंगा यात्रा मे भारतीय शौर्य के प्रतिक राष्ट्र ध्वज तिरंगे को लेकर भारत माता कि जय, वन्देमातरम, जय जवान के नारों के साथ चल रहे थे आम नागरिकों ने यात्रा के स्वागत मे कई जगह शीतल जल के स्टाल लगाये थे डीजे पर देशभक्त इस भव्य तिरंगा यात्रा का समापन सामूहिक राष्ट्रगान के साथ समापन हुआ।

पिपलगोंन में हुआ मुनिश्री का मंगल प्रवेश

# प्रकृति नहीं बचेगी तो ना धर्म बचेगा ना महात्मा बचेंगे : मुनि सागर महाराज

विनय उजाला



**कसरावद, निप्र।** वर्तमान में हमने अपनी भक्ति आराधना के लिए मंदिर बना लिए, बच्चो के लिए जमीन, जायदाद एफ डी तैयार कर रहे हैं, लेकिन पर्यावरण एवं प्रकृति के संरक्षण के लिए हम कितने जागरूक हैं और हम क्या कर रहे है। अगर प्रकृति नहीं बची, पर्यावरण नहीं बचा तो ना धर्म बचेगा ना महात्मा बचेंगे। उक्त बात मुनि सागर जी महाराज ने रविवार को ग्राम पिपलगोंन में धर्म सभा को संबोधित करते हुए कही। मुनि श्री ने कहा कि ऑक्सीजन की कमी का दर्द हमने कोरोना काल में भोग है। इसकी कमी के कारण कई अपनो को खोया है। इसलिए हमें पेड़, जल एवं पर्यावरण का संरक्षण करना होगा। उन्होंने कहा कि आज के परिवेश में हमारे संस्कारों एवं संस्कृति को आघात पहुंचा है। हमारे पहनावे, भाषा एवं व्यवहार में हमारी संस्कृति नहीं दिख रही। हमे बच्चों एवं बेटियों को संस्कारों से जोड़ना है। हमे भगवान राम एवं महावीर के त्याग एवं संयम को बचाना है तो कृष्ण बनना पड़ेगा।

मुनि श्री जी के आशीर्वचनों के पूर्व मुनि श्री का पूजन एवं आरती की। इसके पूर्व भटयान फाटे से मुनि श्री का ग्राम में मंगल प्रवेश हुआ। बैंड बाजे के साथ श्रद्धालुओं ने पहुकर मुनि श्री का ग्राम में मंगल प्रवेश हुआ। आयोजन में आयोजन में इंदौर से अमित कासलीवाल,टी के वैद्य, नरेंद्र वैद्य, पोरवाड़ समाज इंदौर अध्यक्ष नमीष जैन कसरावद अध्यक्ष अविनाश जैन

श्रीसंघ अध्यक्ष तिलोकचंद कवाड़, सनावद से मुकेश जैन प्रशांत जैन,सुनील जैन,बड़वाह से कैलाश जैन, कमल जैन सहित सनावद बड़वाह, खंडवा, इंदौर कसरावद बालसमुद आदि से बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे। कार्यकम का संचालन सिद्धांत जेन ने किया।

## संक्षिप्त समाचार

### चयन होने पर हुआ खिलाड़ियों का स्वागत



**देवास, निप्र।** जिला रोलबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष ओर सैंडी एकेडमी के संचालक संदीप जाधव ओर सैंडी स्केटिंग एकेडमी के कोच देवराज सांगते ने बताया कि 23 से 25 मई तक राजस्थान में होने जा रही रोलबॉल वेस्टजोन जूनियर ओर सीनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देवास शहर के खिलाड़ी बालक ध्रुव चौहान, खुशाल अंसल, बालिका हरिप्रिया यादव, परी झाला, मोली जैन मध्य प्रदेश टीम में खेलेंगे। इनका स्वागत देवास डिस्ट्रिक्ट जज आदेश जैन, पेंचक सिलाट एसोसिएशन मध्य प्रदेश के सचिव अभय श्रीवास ने खिलाडियों की पुष्पमाला पहना कर ओर आशीर्वचन से किया।

### कथावाचक प. नागर का किया सम्मान



**देवास, निप्र।** मेंडकी चक में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दौरान मां चामुंडा सेवा समिति द्वारा कथा वाचक आचार्य पंडित सुरेश नागर का शाल, श्रीफल, मां की चुन्नी ओडाकर पुष्पालाओं से स्वागत किया गया। पंडित श्री नागर ने मां चामुंडा सेवा समिति के सेवा कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि मानव सेवा ही ईश्वरीय सेवा है। मां चामुंडा सेवा समिति मानव सेवा का जो कार्य कर रही है। वह अनुकरणीय है। प्रत्येक नागरिक को अपनी-अपनी सामर्थ्य के अनुसार मानव सेवा के कार्यों में अग्रणी रहना चाहिए। समिति के समाजसेवी रामेश्वर जलोदिया, नारायण दुर्गा व्यास, नरेंद्र मिश्रा, उम्मेद सिंह राठौर, दिनेश सांवलिया, प्रेम पंवार, जयप्रकाश सोनी, विष्णु मंडलोई, शिवनारायण संघवी, कैलाश वर्मा, अरुण वर्मा, भेरूलाल वर्मा ने व्यासपीठ की पूजा अर्चना कर महाआरती की।

### राष्ट्रीय सर्व बलाई अधिवेशन कमेटी की बैठक संपन्न



**देवास, निप्र।** राष्ट्रीय सर्व बलाई अधिवेशन कमेटी की बैठक मनीष सोलंकी की अध्यक्षता में प्रारंभ हुई। बैठक में कोषाध्यक्ष आत्माराम परिहार ने आय व्यय पत्रक का वाचन किया। सर्व सम्मति से आय व्यय की स्वीकृति दी गई। प्रो. बी.एस. मालवीय ने समीक्षा उद्बोधन दिया। सर्वसम्मति से अधिवेशन कमेटी को समाप्त किया गया। भविष्य के लिए सर्व बलाई समाज सामाजिक कल्याण समिति पंजीकृत होकर समाज के द्वारा समर्थित 11 बिंदुओं पर कार्य करेगी। आगामी रूप रेखा तैयार करने के लिए समिति अध्यक्ष मनीष सोलंकी, कोषाध्यक्ष आत्माराम परिहार, सचिव ब्रजेश कटेसरिया को अधिकृत किया गया। समीक्षा में संयोजक गोरधन देसाई, परामर्शदाता जी.पी. डोंगरे, संरक्षक हेमराज परमार, मदनलाल सोलंकी, सचिव सुरेश सवनेर, महासचिव डॉ. मुन्ना सरकार, उपाध्यक्ष इंदरसिंह राठौर, सचिव डॉ. पवन चिल्लोरिया एवं सभी उपस्थित पदाधिकारियों ने विचार विमर्श किया। अंत में गंगाराम मालवीय वरिष्ठ समाज सेवी ने अधिवेशन की सफलता में प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष योगदान के लिए आभार व्यक्त किया।

# हम सभी नतमस्तक है सैनिकों के आगे और उनको नमन करते हैं : उपमुख्यमंत्री देवड़ा

## अपने शौर्य और पराक्रम से वीरता की अप्रतिम गाथा रचने वाले भारत के वीर सैनिकों के सम्मान में निकली तिरंगा यात्रा

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा एवं प्रदेश के लोक निर्माण विभाग के मंत्री राकेश सिंह ने नागरिक सुरक्षा मंच द्वारा देवास में निकाली गई तिरंगा यात्रा में सहभागिता की। इस अवसर पर देवास विधायक गायत्री राजे पवार, विधायक खातेगांव आशीष शर्मा, विधायक हाटपीपल्या मनोज चौधरी, सोनकच्छ विधायक डॉ राजेश सोनकर, विधायक बागली मुरली भंवरा, जिला पंचायत अध्यक्ष लीला अटारिया, महापौर गीता अग्रवाल, रायसिंह सेंधव, पूर्व देवास विकास प्राधिकरण अध्यक्ष राजेश यादव, दुर्गेश अग्रवाल, भेरूलाल अटारिया, रघुलाल भाटी, भरत चौधरी, श्री सुभाष



शर्मा, सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, सेवानिवृत्त सेना के जवान, महिला, पुरूष, बच्चें, युवक-युवतियां सहित बड़ी संख्या में शहरवासी उपस्थित थे। यात्रा सयाजी द्वारा से प्रारंभ हुई जो कि शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए जवाहर चौक पर संपन्न हुई। तिरंगा यात्रा का शहर में जगह-जगह पर स्वागत किया गया। उपमुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने पूर्व सैनिकों का सम्मान भी किया।

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि यह देश के सैनिकों के प्रति अपूर्व उत्साह है और अटूट विश्वास है। देश के सैनिकों के सम्मान में यह तिरंगा यात्रा पूरे देश में निकल रही है। 22 अप्रैल को जम्मू-काश्मीर के पहलगाम में जो कुछ हुआ, उसका जवाब भारत के सैनिकों ने दिया। पाकिस्तान को उनके घर में घूसकर हमारे सैनिकों ने उस घटना का बदला लिया। आज हमें देवास में भी गर्व हैं हमारे पूर्व सैनिकों पर, आज इस तिरंगा यात्रा में शामिल होकर इस तिरंगा यात्रा में साथ चल रहे थे, उन सैनिकों को भी हम प्रणाम करते हैं। भारत के स्वाभिमान और उसकी आन-बान-शान को बचाने के लिए, देश का एक-एक नागरिक राष्ट्र के लिए समर्पित हो जाएगा। देश की सुरक्षा और रक्षा के लिए यदि हम अपने प्राणों की आहूति भी देना पड़े तो हम देंगे। हमारे लिए राष्ट्र सर्वोपरि है। इस समय हमारे देश की जनता में अपार उत्साह है। शहर से जब यात्रा निकल रही थी तब एक-एक घर से राष्ट्र के प्रति उत्साह दिखाई दे रहा था। प्रदेश के लोक निर्माण विभाग के मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि यह तिरंगा यात्रा कोई आयोजन नहीं है। बल्कि यह प्रतीक है। देश के हरके लाड़लों के मन में जो भक्ति का भाव है देश के प्रति यह यात्रा उसकी प्रतीक है। आज पूरा देश ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मना रहा है। लेकिन हमें नहीं भूलना चाहिए कि यह जश्न हमारे सेना के जवानों की वीरता पर टीका हुआ है। उन जवानों की वीरता एवं साहस से मिला है जो कि सीमाओं पर तैनात रहकर मातृभूमि की रक्षा करते हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी हैं। जिनके नेतृत्व में पूरी दुनिया में भारत के नाम का डंका बज रहा है। आज हम सभी देश में तिरंगा यात्रा निकालकर हमारे वीर जवानों को नमन कर रहे हैं।


कार्यक्रम में रायसिंह सेंधव ने कहा कि मैं देश के जवानों को नमन करता हूं। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में सभी ने उत्साह से सहभागिता की तथा जिलेभर से आए हमारे सेना के जवानों को में नमन कर हुए सभी का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करता हूं।

# इंदौर मेट्रोपालिटन.... देवास के 38 गांव और जुड़े, मिलेगी विकास को गति

## जिले का मेट्रोपॉलिटन क्षेत्रफल 222.31 वर्ग किमी बढ़कर अब 2308.31 वर्ग किमी हुआ

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** देवास क्षेत्र का विकास आगामी समय में बेहद तेजी से होगा। चहुंओर विकास का असर पूरे देवास जिले पर पडेगा। मप्र के सीएम मोहन यादव ने इंदौर मेट्रोपॉलिटन का जो विस्तार किया है, उसका सबसे ज्यादा फायदा देवास को होते दिख रहा हैं। इस योजना में देवास के 38 गांव और जुड़ गए हैं। अब इसका कुल क्षेत्रफल बढ़कर 2308 वर्ग किमी हो गया हैं। इसका सीधा फायदा ये होगा कि विकास की रफ्तार में अब देवास भी शामिल होगा। इससे इंफ्रास्ट्रक्चर और निवेश को भी तेजी से बढ़ावा मिलेगा।




शासन द्वारा इंदौर मेट्रोपॉलिटन एरिया का दायरा तेजी से बढ़ाया जा रहा है और इस विकास यात्रा में अब देवास की भागीदारी भी और मजबूत हो गई है। मेट्रोपॉलिटन रीजन में देवास जिले के 38 गांवों को और जोड़ा गया है, जिससे जिले का मेट्रोपॉलिटन क्षेत्रफल 222.31 वर्ग किमी बढ़कर अब 2308.31 वर्ग किमी हो गया है. इस योजना के तहत देवास को इंदौर, उज्जैन, धार और शाजापुर के साथ मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट का हिस्सा बनाया गया है, जिससे यहां की जनता को बेहतर सुविधाएं, तेज़ कनेक्टिविटी और नए रोजगार के अवसर मिल सकेंगे।

इंदौर विकास प्राधिकरण को इस योजना की नोडल एजेंसी बनाया गया है, और चार चरणों में मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र का विकास किया जाएगा। पहला चरण (इंसेप्शन) पूरा हो चुका है, अब अगले चरण में विभिन्न क्षेत्रों की सामाजिक, आर्थिक, औद्योगिक और धार्मिक विशेषताओं का विश्लेषण किया जाएगा। देवास के जुड़ने से यह तय है कि अब इस क्षेत्र को संतुलित और सुव्यवस्थित विकास का लाभ मिलेगा। नई सड़कें, बेहतर ट्रांसपोर्ट, स्मार्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर और औद्योगिक निवेश अब देवास भी विकास की इस दौड़ में तेजी से आगे बढ़ेगा।

# मजदूर-किसान विरोधी नीतियों के विरोध में 9 जुलाई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** केंद्र एवं राज्य सरकारों की मजदूर एवं किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ केंद्रीय श्रमिक संगठनों और फेडरेशनों के संयुक्त आह्वान पर आगामी 9 जुलाई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल की जाएगी। इसी के तहत देवास में हड़ताल की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को इंटक के पदाधिकारी दिलीप परमार, राजेंद्र यादव, एटक के सचिव कामरेड रुद्रपाल यादव, सीटू के महासचिव कामरेड सी.एल. सारावत, एचएमएस के प्रदेश उपाध्यक्ष हरिओम सूर्यवंशी, ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन के संयोजक एडवोकेट बाबूलाल नागर तथा पेंशनर संघ के गंगा सिंह सोलंकी, देवास बैंक नोट प्रेस से जाहिद पठान ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में पधारे हुए सभी अतिथियों का स्वागत जिला अध्यक्ष महेश राजपूत ने पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया, तथा संगठन के द्वारा श्रमिकों के हित में किए गए अब तक के कार्यों एवं आगामी रूपरेखा से अवगत कराया। एडवोकेट बी.एल. नागर ने जानकारी दी कि पहले यह हड़ताल 20 मई को प्रस्तावित थी, लेकिन देश की संकट की घड़ी में संगठनों ने राष्ट्रहित को प्राथमिकता देते हुए इसे स्थगित कर दिया था। अब यह तय किया गया है कि होने वालीं हड़ताल आगामी 9 जुलाई को की जाएगी। वक्ताओं ने सरकार से मांग की कि वह श्रमिकों के अधिकारों को कुचलने वाली चारों श्रम संहिताएं वापस ले। उन्होंने कहा कि यह हड़ताल सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरुद्ध मजदूरों की एकता और आवाज को प्रकट करेगी।

इस अवसर पर भागीरथ कच्छवाह, ओमप्रकाश बागड़े, टाटा के पूर्व अध्यक्ष गणेश बोडिया, किर्लोस्कर से शौकत खान, इंजीनियरिंग मजदूर सेवा संघ के अध्यक्ष राम गुर्जर, महिला इंटक

## विश्वहिंदू परिषद दुर्गावाहिनी मालवा प्रान्त का 07 दिवसिय शौर्य प्रशिक्षण शिविर हुआ संपन्न

# राष्ट्र, धर्म, समाज और स्वयं की रक्षा के लिए हर नारी को रहना होगा शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक रूप से तैयार: साध्वी श्री प्रज्ञाजी भारती

विनय उजाला

**पेटलावद, निप्र।** राष्ट्र,धर्म समाज और स्वयं की रक्षा के लिये वर्तमान कलयुगी समय मे हर नारी को शारिरिक, मानसिक और बौद्धिक रूप से तैयार रहना है। अब नारी अबला नही सबला है ,जब राष्ट्र सुरक्षित हो तब माला ओर जब राष्ट्र असुरक्षित हो तब हर नारी को भाला उठाना चाहिये। उक्त उदगार विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी शौर्य प्रशिक्षण वर्ग पेटलावद के समापन सत्र मैं परम पूज्य डॉक्टर साध्वी प्रज्ञा भारती दीदी ने सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये।






**07दिवसीय शौर्य प्रशिक्षण शिविर हुआ सम्पन्न :** पेटलावद नगर में प्रथम बार विश्व हिन्दू परिषद दुर्गावाहिनी मालवा प्रान्त का 07 दिवसीय शौर्य प्रशिक्षण शिविर गत 11 मई से चल रहा होकर शिविर का गरिमामयी समापन समारोह शनीवार 17 मई शाम को सम्पन्नन हुआ ।

**विशिस्ट अतिथियों की रही गरिमामयी उपस्थिति :** उक्त आयोजन में हिन्दू जागरण मंच की साध्वी डॉ प्रज्ञा जी भारती, शिव गंगा के प्रमुख रास्ट्रपति पदक से सम्मानित माननीय महेश जी शर्मा माननीय विनोद जी शर्मा प्रांत मंत्री, ज्योति प्रिया शर्मा वर्ग की प्रमुख एवं दुर्गा वाहिनी प्रांत संयोजिका, मातृशक्ति प्रांत संयोजिका श्रीमती आरती जाययसवाल कि गरिमामयी उपस्थिति रही ।

**दीप प्रज्वलन के साथ परम्परागत तरिके से हुआ शुभारंभ :** आयोजन का शुभारंभ मा सरस्वती, माँ दुर्गा, ओर श्रीराम भगवान के चित्रों पर माल्यार्पण करते हुए दीप प्रज्वल कर हुआ मातृशक्ति की जिला सयोजिका संगीता दीदी त्रिवेदी ओर दुर्गावाहिनी की जिला सयोजिका शिल्पा दीदी वर्मा और कार्यकर्ताओं ने अतिथियों को तिलक लगाकर ,शाल,श्रीफल भेंटकर ओर अंगवस्त्र भेदकर स्वागत अभिवादन अभिननंदन किया ।

**आतातारइयो से निपटने नारियों को रहना होगा तैयार :** साध्वी दीदी ने बहनों को अपने ओजस्वी उद्बोधन में बताया कि इस सात दिवसीय वर्ग में जो आपने मेहनत और लगन के साथ सीखा है उसे अपने-अपने कार्य क्षेत्र में किस प्रकार आगे बढ़ाना है लव जिहाद जैसी घटनाओं के कालचक्र में न हम बहनों को फसना है न ही हमारी किसी बहन को फसने देना है हम अबला नहीं सबला है हमारे अंदर मां दुर्गा की देवी शक्ति है जिसने अनेक असुरों का विनाश किया है आज के कलयुग की वही देवी शक्ति हम दुर्गा वाहिनी के रूप में समाज में व्याप्त आसुरी शक्तियों के विनाश के लिए आगे आना है दिखा देना है की नारी ना पहले कमजोर थी और ना आज है और ना ही कभी होगी आवश्यकता पड़ने पर रणचंडी का रूप धारण कर सकती है वर्ग का प्रतिवेदन वर्ग की प्रमुख प्रांत संयोजिका ज्योति प्रिया ने रखा। किस तरह बहने 7 दिन तक प्रातः 4:30 बजे से उठकर रात्रि 10:30 तक के कठोर परिश्रम के साथ बहनों का शारीरिक मानसिक और बौद्धिक विकास हो। वर्ग का आभार एवं विश्व हिंदू परिषद के विषय की जानकारी वर्ग के पालक एवं प्रांत मंत्री माननीय विनोद जी शर्मा ने रखी साथ ही झाबुआ जिला मातृशक्ति जिला संयोजिका संगीता दीदी त्रिवेदी तथा दुर्गा वाहिनी जिला संयोजिका शिल्पा दीदी वर्मा उपस्थित रहे !

**बेटियो ने बताया प्राकट्य ओर शौर्य :** कार्य्रकम के पूर्व 07 दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त बेटियों ने अपने प्रशिक्षण में से विशेष प्रस्तुतिया दी जिसे देखकर उपस्तिथ जन ने करतल ध्वनि बजाकर बेटियों का हौसला बढ़ाते हुए मुक्त कंठ से प्रशंशा की।

**इनकी रही गरिमामयी उपस्थिति :** दुर्गावाहिनी की पूरी टीम में प्रियांशी कुमावत ,अविका जोशी, दीक्षा लच्छेटा,भूमिका लच्छेटा, अनिका सोनी, जया भूरिया का विशेष सहयोग रहा। आयोजन में नगर व आसपास के गणमान्य नागरिक, पालकगन ओर मीडियापर्सन उपस्थित थे ।आयोजन की पूरी जानकारी मातृ शक्ति जिला संयोजिका संगीता देवेश त्रिवेदी ओर सौरभ जी चतुर्वेदी ने दी।

# जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत निष्कलंकेश्वर महादेव मंदिर ग्राम निकलन में बावड़ी की गई साफ-सफाई



विनय उजाला

**देवास, निप्र।** आओ बचाएं जल, करें सुरक्षित कल, पानी बचाओ कल के लिए पानी की बर्बादी जीवन की बर्बादी। जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान जन-जन के सहयोग से जन अभियान बन रहा है। जिले में कलेक्टर श्री ऋतुराज सिंह के मार्गदर्शन जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के माध्यम से जल संरचनाओं के निर्माण एवं गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही नदी, नालों, कुएं, बावड़ियों एवं कुंड की साफ-सफाई की जा रही है तथा उनमें से गदंगी और गाद बाहर निकाली जा रही है। अभियान के तहत मप्र जन अभियान परिषद द्वारा देवास विकासखंड के ग्राम निकंलन के निष्कलंकेश्वर महादेव मंदिर की बावड़ी की साफ-सफाई की। साथ ही स्वच्छता की शपथ ली। इस दौरान मप्र जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री सचिन सिम्पी, विकासखंड समन्वयक, नीलम सोनी, पंचमुखी हनुमान मंदिर के कृष्ण गोपाल दास जी महाराज एवं निष्कंलेश्वर महादेव मंदिर के परमानंद महाराज एवं नवांकुर और प्रस्फुटन समिति के सदस्य सीएमसीएलडीपी के विद्यार्थी, परामर्शदाता, कृष्णपाल सिंह पंवार, देवेंद्र धाकड़, पूजा बैरागी आदि उपस्थित थे।

## ग्रामीणों की बात भी नहीं सुनी, बिना इलाज के छोड़ दिया जंगल में

# कर्मचारियों की लापरवाही से नीलगाय के सीने के पास हुआ घाव

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** करणी सेना के देवेन्द्रसिंह खटाम्बा ने बताया कि 17 मई को सुबह 5 बजे एक नीलगाय कुए में गिर गई थी जिसकी जानकारी सुबह 8 बजे हमारे द्वारा फोन पर फारेस्ट अधिकारी संतोष कुमार शुक्ला को दी गई। उसके बाद फारेस्ट विभाग के नाकेदार विजय चौधरी से फोन पर चर्चा कर उनको नीलगाय की जानकारी दी तब उन्होंने कहा कि आप लोग ट्रेक्टर बुलाकर उसी से गाय को निकाल लो, हम ने कहा कि अगर हम निकाल सकते तो आपको फोन क्यों करते तब चौधरी ने कहा





कि टाइम लगेगा ज्यादा जल्दी हो तो खुद ही निकाल लो। हमारे द्वारा कहा गया कि अगर हम निकालेंगे और उसे कुछ हो गया तो उसका क्या, तो चौधरी ने कहा कि तुम्हें कौन सा उसको पालना है मर जाए तो मरा हुआ निकाल लेना। लगभग दो घंटे बाद टीम आई और बिना कुएं में उतरे ऊपर से ही रस्सी डालकर नीलगाय को निकालने लगे, तब रस्सी में लगा हुक गाय के सीने के पास अटक गया, उसके बाद भी वे उसे खींचते रहे हमारे कहने के बाद भी उन्होंने नहीं सुना जिससे कि गाय के गले में घाव हो गया ओर उससे खून निकलने लगा। ग्रामीणों ने इसका विरोध करते हुए कहा कि अगर ऐसे निकालना है तो मत निकालो। चौधरी ने कहा कि आप ही निकाल लो ग्रामीणों ने कहा कि हम पुलिस और मीडिया को बुला लेंगे तो चौधरी ने कहा कि आप लोग पुलिस और मीडिया को बुलाकर ही उसे निकलवा लो।

हमारे बहुत कहने पर भी गाय के गले का हुक नहीं निकाला और चार घंटे के बाद गाय को बाहर निकाला गया। गाय को काफी गहरा घाव हो गया था और उसे बिना इलाज के ही छोड दिया गया और कहा कि सब अपने आप ठीक हो जाएगा। देवेन्द्रसिंह ने मांग की है कि ऐसे कर्मचारियों पर उचित कार्रवाई की जाए।

## यशस्वी-वैभव की तूफानी पारी काम ना आई

# पंजाब ने राजस्थान को हराया 10 रन से हराया

**जयपुर। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के मैच नंबर-59 में राजस्थान रॉयल्स का सामना पंजाब किंग्स से हुआ। 18 मई (रविवार) को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित इस मुकाबले में पंजाब किंग्स ने 10 रनों से जीत हासिल की।**

मुकाबले में पंजाब ने राजस्थान को 220 रनों का टारगेट दिया था, लेकिन वो 7 विकेट पर 209 रन ही बना सकी। राजस्थान के लिए यशस्वी जायसवाल, वैभव सूर्यवंशी और ध्रुव जुरेल ने तूफानी पारियां खेलीं, लेकिन फिर भी टीम जीत नहीं पाई। मौजूदा आईपीएल सीजन में राजस्थान रॉयल्स का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है। 2008 सीजन की चैम्पियन राजस्थान रॉयल्स की 13 मैचों में ये 10वीं हार रही। दूसरी ओर पंजाब किंग्स की 12 मैचों में ये 8 वीं जीत रही और वो 17 अंकों के साथ अब प्लेऑफ में पहुंचने के करीब है।



### वैभव-यशस्वी ने दिलाई तेज शुरुआत

टारगेट का पीछा करते हुए राजस्थान रॉयल्स की शुरुआत बेहद तूफानी रही। 14 साल के वैभव सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल ने मिलकर 4.5 ओवरों में 76 रनों की पार्टनरशिप की। वैभव ने महज 15 गेंदों पर 40 रन बनाए, जिसमें 4 चौके और इतने ही छक्के शामिल रहे। यानी वैभव ने एक भी रन दौड़कर नहीं बनाया। वैभव को स्पिनर हरप्रीत बराड़ ने आउट किया। वैभव सूर्यवंशी के आउट होने के बाद भी यशस्वी जायसवाल की तूफानी बैटिंग जारी रही और उन्होंने मौजूदा सीजन में अपनी छठी फिफ्टी जड़ी। यशस्वी को हरप्रीत बराड़ ने आउट किया। यशस्वी ने 25 गेंदों पर 50 रन बनाए, जिसमें 9 चौके के अलावा एक सिक्स शामिल रहा। कप्तान संजू सैमसन (20 रन) लय में दिख रहे थे, लेकिन अजमतुल्लाह उमरजई की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में वो मार्को जानसेन के हाथों लपके गए। फिर हरप्रीत बराड़ ने रियान पराग (13 रन) को भी बोल्ड कर दिया।

### नेहाल वढेरा और शशांक सिंह के तूफानी अर्धशतक

पंजाब किंग्स ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए पांच विकेट पर 219 रन बनाए थे। पंजाब की शुरुआत खराब रही और उसने पावरप्ले में ही तीन विकेट गंवा दिए। सबसे पहले प्रियांश आर्य (9 रन) को तुषार देशपांडे ने चलता किया। फिर डेब्यूटेंट मिचेल ओवेन को क्वेना मफाका ने पवेलियन भेज दिया। ओवेन अपना खाता नहीं खोल सके। प्रभासिमरन सिंह भी 21 रन बनाकर तुषार देशपांडे का शिकार बने। प्रभसिमरन सिंह के आउट होने के समय पंजाब का स्कोर तीन विकेट के नुकसान पर 34 रन था। यहां से नेहाल वढेरा और श्रेयस अय्यर के बीच चौथे विकेट के लिए 67 रनों की पार्टनरशिप करके पंजाब को संभाला। श्रेयस को रियान पराग ने चलता किया। श्रेयस ने 5 चौके की मदद से 25 बॉल पर 30 रन बनाए। श्रेयस के आउट होने के बाद नेहाल वढेरा ने शशांक सिंह के साथ मिलकर पांचवें विकेट के लिए 58 रनों की पार्टनरशिप की। इस दौरान नेहाल ने 25 गेंदों पर ही अपनी फिफ्टी पूरी कर ली। नेहाल वढेरा 70 रन बनाकर आकाश मधवाल का शिकार बने। नेहाल ने 37 गेंदों की इनिंग्स में 5 चौके और इतने ही छक्के जड़े।

### IPL आज के मैच

लखनऊ सुपर जाइंट्स VS सनराइजर्स हैदराबाद

स्थान : लखनऊ  समय : शाम 07:30 बजे से

## इंग्लैंड दौरे के लिए भारत-ए टीम के कोच बने कानितकर

मुंबई, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने ऋषिकेश कानितकर को इंग्लैंड दौरे के लिए भारत ए टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है। कानितकर अभिमन्यु ईश्वरन की अगुआई वाली टीम की देखरेख करेंगे। भारत-ए टीम इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो मैच खेलेगी। इसके बाद एक मैच भारत की सीनियर टीम के खिलाफ भी खेलेगी, जो बाद में इंग्लैंड का दौरा करेगी।



कानितकर के अलावा असम के सुभोदीप घोष (फील्डिंग कोच) और ट्रॉय कूली (गेंदबाजी कोच) भी भारत-ए टीम के साथ इंग्लैंड का दौरा करेंगे।

## बांग्लादेश ने यूएई को दी मात, परवेज ने 103 रनों की खेली धुआंधार पारी

शारजाह, एजेंसी

बांग्लादेश ने शारजाह में खेले गए पहले टी-20 मैच में यूएई को 27 रन से हराया। इसके साथ ही सीरीज में बांग्लादेश की टीम ने 1-0 की बढ़त भी बना ली है। बांग्लादेश की जीत में परवेज हुसैन इमोन ने अहम रोल निभाया। उन्होंने 53 गेंदों में शतक जड़कर बांग्लादेश का स्कोर 191 रन तक पहुंचाया। 192 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी यूएई टीम 164 रन ही बना सकी। टॉस हारकर पहले बांग्लेदश की शुरुआत अच्छी नहीं रही। तजीद हसन तमीम और परवेज हुसैन इमोन को पारी शुरुआत करने के लिए भेजा गया। तमीम दूसरे ओवर में 10 रन पर आउट हो गए। कप्तान लिटन दास ने भी 11 रनों की तेज पारी खेली। मगर वे भी पुल शॉट पर कैच देकर पवेलियन चले गए। इमोन और लिटन दास के बीच दूसरे विकेट के लिए 21 गेंदों पर 36 रन की साझेदारी हुई। पावरप्ले के बाद बांग्लादेश का



स्कोर 55/2 पर था। तीसरे विकेट के लिए इमोन और तौहीद हृदॉय के बीच 58 रन की साझेदारी हुई इमोन और तौहीद हृदॉय के बीच 58 रनों की साझेदारी हुई, लेकिन इसके बाद यूएई ने लगातार विकेट चटकाए।

## ईसीबी ने फ्रेडी वाइल्ड और नाथन लेमन को किया बर्खास्त

**लंदन, एजेंसी।** इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज से कुछ सप्ताह पहले बड़ा और जोखिम भरा कदम उठाया है। बोर्ड ने अपने डेटा विश्लेषकों फ्रेडी वाइल्ड और नाथन लेमन को बर्खास्त कर दिया है। ईसीबी ने इस कदम के पीछे का कारण यह बताया है कि वे मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम अंतर्मन पर अधिक भरोसा करना चाहते हैं। इंग्लैंड का नया विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र 20 जून को हेडिंग्ले में भारतीय टीम के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज से शुरू होगा। 'द डेली टेलीग्राफ' की रिपोर्ट के मुताबिक, इंग्लैंड के दो वरिष्ठ क्रिकेट विश्लेषक नाथन लेमन और फ्रेडी वाइल्ड टीम का साथ छोड़ने जा रहे हैं। इससे पता चलता है कि राष्ट्रीय टीम आगे चलकर डेटा पर अधिक ध्यान नहीं देगी।

## महिला फुटबॉल टीम की खिलाड़ियों से मिले सुनील छेत्री, किया प्रेरित

बेंगलुरु, (हि.स.)

भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री ने भारतीय महिला फुटबॉल टीम के बेंगलुरु स्थित शिविर का दौरा किया। इस दौरानह्य उन्होंने अगले महीने होने वाले एएफसी महिला एशियाई कप 2026 क्वालीफायर के लिए तैयारी कर रहीं महिला टीम की खिलाड़ियों से बात की और उन्हें प्रेरित किया। इस दौरान खिलाड़ियों की ओर से सुनील छेत्री को टीम के सभी सदस्यों द्वारा हस्ताक्षरित एक जर्सी भी भेंट की गई।

सीनियर महिला राष्ट्रीय टीम वर्तमान में बेंगलुरु में पादुकोण-द्रविड़ सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस में प्रशिक्षण ले रही है। टीम 29 मई और 3 जून को



उज्बेकिस्तान के खिलाफ दो फीफा महिला अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच भी खेलेगी। ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन ने रविवार को बताया कि यह पहली बार नहीं था कि छेत्री महिला टीम के खिलाड़ियों से मिलने आए, लेकिन उन्होंने शिविर में कई नए चेहरों को देखकर आश्चर्य व्यक्त किया। छेत्री ने कहा कि यह एक अद्भुत अनुभव था। पिछली बार जब मैं इस टीम से मिला था, तब से अब बहुत ज़्यादा पुराने चेहरे नहीं बचे हैं, जो बताता है कि मैं कितना बूढ़ा हो गया हूं। बहुत सारे युवा खिलाड़ी हैं और मुझे उनके बारे में मुख्य कोच से बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। उन्होंने कहा कि हर कोई खुश नजर आ रहा था। उन्हें उज्बेकिस्तान के खिलाफ कुछ अच्छे दोस्ताना मैच खेलने हैं और फिर एशियाई कप क्वालीफायर्स खेलने हैं। मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। मैं बस यही चाहता हूं कि वे खुश रहें, एक-दूसरे के साथ सहज महसूस करें और अपनी ट्रेनिंग का आनंद लें।

## व्यापार

### रिलायंस को सबसे ज्यादा फायदा

# टॉप 10 में शामिल देश की 9 कंपनियों के मार्केट कैप में 3.35 लाख करोड़ बढ़ा

नई दिल्ली,(हि.स.)

**घरेलू शेयर बाजार में पिछले कारोबारी सप्ताह के दौरान हुई खरीद-बिक्री के कारण देश की टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों में से 9 कंपनियों के मार्केट कैप में 3.35 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। इनमें सबसे अधिक फायदा रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ। दूसरी ओर, टॉप 10 में शामिल 1 कंपनियों के मार्केट कैप में 19 हजार करोड़ रुपये से अधिक की गिरावट आ गई।**

इस सप्ताह के कारोबार के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस), आईसीआईसीआई बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई), आईटीसी, बजाज फाइनेंस, हिन्दुस्तान यूनिलीवर और इंफोसिस के मार्केट कैप में 3,35,048.62



करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। दूसरी ओर, भारती एयरटेल के मार्केट कैप में 19,330.14 करोड़ रुपये की गिरावट आ गई। 12 मई से 16 मई के बीच हुए कारोबार के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 1,06,703.54 करोड़ रुपये बढ़ कर 19,71,139.96 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इसी तरह आईसीआईसीआई बैंक का मार्केट कैप 46,306.99 करोड़ रुपये उछल कर 10,36,322.32 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इसके अलावा, टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मार्केट कैप 43,688.40 करोड़ रुपये की उछाल के साथ 12,89,106.49 करोड़ रुपये के स्तर पर इंफोसिस का मार्केट कैप 34,281.79 करोड़ रुपये बढ़ कर 6,60,365.49 करोड़ रुपये के स्तर पर, एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 34,029.11 करोड़ रुपये की तेजी के साथ 14,80,323.54 करोड़ रुपये के स्तर पर, बजाज फाइनेंस का मार्केट कैप 32,730.72 करोड़ रुपये बढ़ कर 5,69,658.67 करोड़ रुपये के स्तर पर, आईटीसी का मार्केट कैप 15,142.09 करोड़ रुपये की मजबूती के साथ 5,45,115.06 करोड़ रुपये के स्तर पर, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) का मार्केट कैप 11,111.15 करोड़ रुपये बढ़ कर 7,06,696.04 करोड़ रुपये के स्तर पर और हिंदुस्तान यूनिलीवर का मार्केट कैप 11,054.83 करोड़ रुपये उछल कर 5,59,437.68 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।

### एयरटेल को पांच दिन में 19,330.14 रुपए का नुकसान

दूसरी ओर, टॉप 10 कंपनियों में शामिल इकलौती कंपनी भारती एयरटेल का मार्केट कैप सोमवार से शुक्रवार के कारोबार के बाद 19,330.14 करोड़ रुपये कम होकर 10,34,561.48 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। मार्केट कैप के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज 19,71,139.96 करोड़ रुपये के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) के साथ देश की सबसे अधिक मार्केट कैप वाली कंपनी रही। इसके बाद एचडीएफसी बैंक (कुल मार्केट कैप 14,80,323.54 करोड़ रुपये), टीसीएस (कुल मार्केट कैप 12,89,106.49 करोड़ रुपये), आईसीआईसीआई बैंक (कुल मार्केट कैप 10,36,322.32 करोड़ रुपये), भारती एयरटेल (कुल मार्केट कैप 10,34,561.48 करोड़ रुपये), स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (कुल मार्केट कैप 7,06,696.04 करोड़ रुपये), इंफोसिस (कुल मार्केट कैप 6,60,365.49 करोड़ रुपये), बजाज फाइनेंस (कुल मार्केट कैप 5,69,658.67 करोड़ रुपये), हिंदुस्तान यूनिलीवर (कुल मार्केट कैप 5,59,437.68 करोड़ रुपये) और

## अगले सप्ताह खुलेंगे 5 नए आईपीओ, तीन कंपनियों की होगी लिस्टिंग

नई दिल्ली, (हि.स.)

सोमवार 19 मई से शुरू होने वाले कारोबारी सप्ताह के दौरान प्राइमरी मार्केट में पांच नए आईपीओ लॉन्च होने वाले हैं। इनमें दो आईपीओ मेनबोर्ड सेगमेंट के हैं, जबकि तीन आईपीओ एसएमई सेगमेंट के हैं। इन आईपीओ की लॉन्चिंग के अलावा इस सप्ताह तीन कंपनियां लिस्टिंग के जरिए शेयर बाजार में अपने कारोबार की शुरुआत करने वाली हैं। लिस्ट होने वाली ये तीनों कंपनियां एसएमई सेगमेंट की हैं।

इस सप्ताह 20 मई को बोराना वीव्स का 144.89 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस आईपीओ में 22 मई तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ के तहत बोली लगाने के



लिए 200 रुपये से 216 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 69 शेयर का है। कंपनी के शेयरों का एलॉटमेंट 23 मई को किया जाएगा। वहीं, इनकी लिस्टिंग 27 मई को बीएसई और एनएसई पर होगी। इसी दिन विक्ट्री इलेक्ट्रिक व्हीकल्स का 40.66 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस आईपीओ में 23 मई तक बोली लगाई जा सकेगी। इसी तरह बेलराइज इंडस्ट्रीज का 2,150 करोड़ रुपये का आईपीओ 21 मई को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस आईपीओ में 22 मई तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 85 रुपये से 90 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 166 शेयर का है। कंपनी के शेयरों का एलॉटमेंट 26 मई को किया जाएगा।

## 2029 तक देश की हर पंचायत में दो लाख पैक्स की स्थापना करेगी केंद्र सरकार

### अहमदाबाद में अमित शाह ने कही ये बात

अहमदाबाद, एजेंसी

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने प्राथमिक कृषि ऋण समितियों को वित्तीय रूप से मजबूत बनाने पर जोर दिया है। उन्होंने रविवार को अहमदाबाद में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अवसर पर आयोजित सहकारी महासम्मेलन कहा कि केंद्र सरकार ने प्राथमिक कृषि ऋण समितियां (पैक्स) को वित्तीय रूप से मजबूत बनाने के लिए कई अहम कदम उठाये हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि जल्द ही नए पैक्स के पंजीकरण के लिए नीति लाएगी।

केंद्रीय सहकारिता मंत्री ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार का लक्ष्य 2029 तक देश की हर पंचायत में पैक्स की स्थापना का है, इसके तहत दो लाख नई पैक्स और डेयरी शुरू की जाएंगी। साथ ही इन समितियों को 22 विभिन्न



प्रकार के व्यवसायों से जोड़ा जा रहा है। इसके अलावा, यह बात भी सुनिश्चित की जाएगी कि पंजीकृत पैक्स वित्तीय रूप से कमजोर न हों। उन्होंने कहा कि सरकार जल्द ही आर्थिक संकट का सामना कर रही पैक्स के निपटारे और नई प्राथमिक कृषि ऋण समितियों के पंजीकरण के लिए जल्द ही एक नीति बनाएगी। सहकारिता मंत्री ने कहा, जब तक बदलाव का लाभ पैक्स और किसानों तक नहीं पहुंचेंगे, तब तक सहकारिता क्षेत्र मजबूत नहीं हो सकता।

शाह ने अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अवसर पर यहां विकसित भारत के निर्माण में सहकारिता की भूमिका पर आयोजित सहकारी महासम्मेलन में कहा कि संयुक्त राष्ट्र ने 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के तौर पर मनाने का निर्णय लिया है।

## यूएस से भेजे गए पैसे पर कर लगाने की योजना बना रहा ट्रंप प्रशासन



**नई दिल्ली।** अमेरिका की डोनाल्ड ट्रंप सरकार उस पैसे पर पांच फीसदी कर लगाने की योजना बना रही है, जो विदेशी नागरिक अपने देशों में भेजते हैं। इस पर भारत में चिंता जताई जा रही है, क्योंकि इससे भारतीय परिवारों की आय पर असर पड सकता है। जीटीआरआई ने रविवार को यह बात कही। प्रतिनिधि सभा में 12 मई को एक विधेयक पेश किया गया था। जिसे द वन बिग ब्यूटीफुल बिल कहा जा रहा है। इसमें गैर-निवासियों की ओर से अपने देशों में भेजे जा रहे पैसे पर पांच फीसदी कर लगाने का प्रावधान किया गया है। यह प्रावधान उन लोगों पर लागू होगा, जो अमेरिका के नागरिक नहीं हैं, जैसे ग्रीन कार्ड धारक या अस्थायी वीजा पर काम करने वाले लोग शामिल है। यह कर अमेरिका के नागरिकों पर नहीं लगेगा।

## एफपीआई का घरेलू शेयर बाजार में भरोसा कायम

### मई में अभी तक किया 18,620 करोड़ का निवेश

नई दिल्ली, (हि.स.)

घरेलू शेयर बाजार में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) का भरोसा मई के महीने में लगातार बना हुआ नजर आ रहा है। अनुकूल वैश्विक परिस्थितियों और घरेलू बाजार की रिकवरी के कारण इस महीने एफपीआई अभी तक स्टॉक मार्केट में 18,620 करोड़ रुपये का निवेश कर चुके हैं। बाजार की रिकवरी के लिहाज से ये आंकड़ा इसलिए उत्साहवर्धक है, क्योंकि इसके पहले अप्रैल के महीने में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने कुल 4,223 करोड़ रुपये का ही निवेश किया था।

अप्रैल के महीने से ही विदेशी निवेशकों ने लगातार 3 महीने तक निकासी करने के बाद घरेलू शेयर बाजार में शुद्ध निवेश करना शुरू किया था। उसके पहले मार्च के महीने में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने शेयर बाजार से 3,973 करोड़ रुपये की



निकासी की थी, जबकि फरवरी में 34,574 करोड़ रुपये की और जनवरी में 78,027 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की थी। इस तरह साल 2025 के पहले 3 महीने के दौरान विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने घरेलू शेयर बाजार से कुल 1,16,574 करोड़ रुपये की निकासी की थी। लेकिन अप्रैल से ही इस ट्रेंड में बदलाव आया और अब विदेशी निवेशक घरेलू शेयर बाजार से पैसे की निकासी करने की जगह शुद्ध निवेश करते हुए नजर आ रहे हैं। मार्केट एक्सपर्ट्स का कहना है कि वैश्विक परिस्थितियां शेयर बाजार के लिए लगातार अनुकूल होती जा रही हैं। इसके साथ ही घरेलू शेयर बाजार में कंसोलिडेशन का दौर भी लगभग खत्म हो चुका है। इस वजह से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों द्वारा आगे भी खरीदारी जारी रखने की संभावना बनी हुई है। खासकर, स्टॉक मार्केट में लिस्टेड देश की बड़ी कंपनियों के शेयरों में आने वाले दिनों में भी मजबूती बने रहने के आसार हैं। इसके कारण शेयर बाजार में तेजी बनी रह सकती है। इस तेजी का असर घरेलू निवेशकों के साथ ही विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की खरीदारी के रूप में भी नजर आ सकता है।

धामी सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट प्रशांत धामी का कहना है कि भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर होने के बाद विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों का उत्साह बढ़ा है। इसी तरह अमेरिका और चीन के बीच टैरिफ को लेकर बनी सहमति के कारण ग्लोबल सेंटीमेंट में भी सुधार हुआ है।

## संक्षिप्त समाचार

### सेना के अपमान पर संत समाज और भाजपा के 'जामवंत' ने की एक स्वर में निंदा

**भोपाल, निप्र।** देश में सेना के सम्मान को लेकर छिड़ी बहस अब केवल सियासी गलियारों तक सीमित नहीं रही। संत समाज भी अब खुलकर राष्ट्र रक्षा और सैनिक गरिमा के पक्ष में खड़ा हो गया है। मध्यप्रदेश के एक मंत्री द्वारा सेना की अधिकारी कर्नल शोफिया कुरैशी के विरुद्ध दिए गए आपत्तिजनक बयान के बाद देशभर में रोष है। इस घटनाक्रम ने भाजपा के वरिष्ठतम नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. मुरली मनोहर जोशी को भी मर्माहत कर दिया है। पंचायती श्रीनिरंजनी अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी वैराग्यानंद गिरी महाराज ने नई दिल्ली स्थित डॉ. जोशी के आवास पर मुलाकात कर इस विषय पर गहन चर्चा की। दोनों राष्ट्रनिष्ठ व्यक्तित्वों के बीच हुई इस विशेष बैठक में भारतीय सेना की गरिमा, भाजपा की मूल विचारधारा और देश की वर्तमान राजनीतिक संस्कृति पर गंभीर विमर्श हुआ। डॉ. जोशी ने अपने स्पष्ट शब्दों में पार्टी नेतृत्व को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि, भाजपा की स्थापना कार्यकर्ताओं के बल पर, सेवा और सिद्धांतों की नींव पर हुई थी, न कि सत्ता के उन्माद में राष्ट्र की सेना का अपमान सहने के लिए। उन्होंने स्मरण कराया कि भाजपा की नींव डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय जैसे विचारधारात्मक योद्धाओं ने रखी थी, जिनके लिए राष्ट्र सर्वोपरि था। उन्होंने यह भी कहा कि वाजपेयी, आडवाणी और सुषमा स्वराज जैसे नेताओं की पार्टी में, सत्ता की भूख और मर्यादा का हनन अस्वीकार्य है। भाजपा का मूल चरित्र राष्ट्रभक्ति, सेवा और संयम रहा है, उसे खोना आत्मघाती होगा। इस अवसर पर स्वामी वैराग्यानंद गिरी महाराज ने सेना के अपमान को केवल राजनीतिक टिप्पणी न मानकर राष्ट्र की आत्मा पर चोट करार दिया।उन्होंने कहा कि संत समाज जब मौन तोड़ता है, तो वह केवल धर्म के लिए नहीं, राष्ट्रधर्म के लिए भी होता है। उन्होंने चेताया कि अगर सत्ता में बैठे लोग अपनी भाषा और सोच में संयम नहीं लाएंगे, तो जनता और समाज उन्हें आईना दिखाने से नहीं चूकेगा। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म की गरिमा रखते हुए प्रत्येक राजनेता को संयमित भाषा बोलना चाहिए क्योंकि हमारे यहां सनातन धर्म का महत्व कायम रखने के लिए राजा जनक और राजा दशरथ जैसे लोग भी संयमित और मर्यादित भाषा बोलते थे।



# मुख्यमंत्री डॉ. यादव का कर्मचारी हितैषी निर्णयों के लिये मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने किया अभिनंदन

## कर्मयोगी हैं प्रदेश के कर्मचारी, उनकी कर्तव्य निष्ठा से ही देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है हमारा प्रदेश

विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आम आदमी के जीवन को सुगम बनाने के लिए सुव्यवस्था स्थापित करना राज्य सरकार का उद्देश्य है। इस मंशा का सफल क्रियान्वयन सरकार के कर्मचारियों पर निर्भर करता है, इस दृष्टि से प्रदेश के कर्मचारी सच्चे कर्म योगी हैं।**



कर्मचारियों के परिश्रम और समर्पण से ही जनकल्याण और विकास के पथ पर हमारा प्रदेश अग्रसर है। कर्मचारियों की कर्तव्य निष्ठा से जनहित की योजनाओं के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश, देश के अग्रणी राज्य में शामिल हुआ है। प्रदेश के कर्मचारी सरकार और जनता के बीच नल और नील की तरह सेतु बनाने का कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रवींद्र भवन में मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के अभिनन्दन समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा गत माह लिए गए कर्मचारी हितैषी निर्णयों के लिए मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने रविंद्र भवन में उनका अभिनंदन किया। कर्मचारी संघ के सदस्यों ने अंगवस्त्रम भेंट कर मुख्यमंत्री डॉ. यादव का तिलक किया। इसके साथ ही उन्हें शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भी भेंट किया। कर्मचारी संघ की ओर से मुख्यमंत्री डॉ.यादव को वृहद आकार की मालाएं पहनाकर उनका अभिनंदन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलित करने के बाद मां सरस्वती और पूर्व वरिष्ठ श्रमिक नेता स्व. दत्तोपंत ठेंगड़ी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक श्री भगवानदास सबनानी, मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमंत श्रीवास्तव तथा महामंत्री श्री जितेंद्र सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कर्मचारी संघ की ओर से कर्मचारियों को स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ प्रदान करने की मांग स्वीकृत करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार कर्मचारी कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश की डबल इंजन सरकार ने केंद्र सरकार का अनुसरण करते हुए प्रदेश के कर्मचारियों का महंगाई भत्ता केंद्र के समान करने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही 9 वर्षों से लंबित हाउस रेंट अलाउंस की मांग को भी पूरा किया गया है। इसके साथ ही अधिकारियों- कर्मचारियों और उनके परिवारों की सुविधा को देखते हुए प्रदेश में स्थानांतरण नीति का क्रियान्वयन किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने कर्मचारियों की लंबित समस्याओं के समाधान का वादा किया था। क्रमबद्ध रूप से सभी समस्याओं का निराकरण किया गया है। रिक्त पदों पर भर्ती के लिए विशेष अभियान संचालित हैं। पुलिस में सभी पद भरे गए हैं। इसके साथ ही सभी जिलों में बैंड की पुलिस बैंड की स्वीकृति प्रदान की गई है। रिक्त हुए पदों को प्रतिवर्ष लोक सेवा आयोग की परीक्षा आयोजित कर भरने की प्रक्रिया सुनिश्चित की जा रही है।

### प्रदेश में रोजगार के अवसरों में वृद्धि हो रही

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार से रोजगार के अवसरों में वृद्धि हो रही है। राज्य सरकार रोजगार परक उद्योगों को विशेष प्रोत्साहन उपलब्ध करा रही है। प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को भी 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने का लक्ष्य है। प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा निर्धारित चारों श्रेणियों, युवा- महिला- किसान- गरीब की बेहतरी के लिए प्रदेश में अनेकों गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। प्रदेश में बिजली, पानी, सड़क और अधोसंरचना की स्थिति कई राज्यों से बेहतर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अभिनंदन के लिए कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि सरकार और कर्मचारी प्रदेशवासियों के जीवन की बेहतरी के लिए एक टीम की तरह लगातार काम करते रहेंगे।

# इस वर्ष 60 प्रतिशत अधिक गेहूं उपार्जन सरकार की प्रतिबद्धता का परिणाम : गोविंद सिंह राजपूत

## खाद्य मंत्री की चेतावनी, जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं




विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। मध्यप्रदेश ने इस वर्ष गेहूं उपार्जन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। प्रदेश अब पूरे देश में गेहूं उपार्जन में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है।**

यह जानकारी खाद्य, एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने प्रभार के जिले गुना में जिला अधिकारियों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक के दौरान दी। मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि इस वर्ष गेहूं उपार्जन में 60 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में एक बड़ी छलांग है। उन्होंने इसे किसानों के प्रति राज्य सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता और सुनियोजित नीति का परिणाम बताया। मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि हमारे प्रयासों का मुख्य उद्देश्य किसानों को उनकी उपज का वाजिब मूल्य दिलाना और उपार्जन प्रक्रिया को पारदर्शी एवं सुविधाजनक बनाना है। उन्होंने 60 प्रतिशत से अधिक गेहूं उपार्जन पर उपार्जन से जुड़े विभाग के सभी कर्मचारियों और अधिकारियों को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आभार जताया। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गौरतलब है कि राज्य सरकार की सक्रिय भूमिका, समय पर समर्थन मूल्य की घोषणा तथा सुचारू परिवहन और भंडारण व्यवस्था ने इस उपलब्धि में अहम भूमिका निभाई है।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों को किया सम्मानित

बैठक के अंत में मंत्री श्री राजपूत ने जल-गंगा संवर्धन अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों को सम्मानित किया। डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी सीएमओ सुश्री मंजूषा खत्री, एसडीओ पीएचई टीएल मेहरा एवं उपयंत्री जनपद पंचायत आरोन चंदन शुक्ला को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। साथ ही राज्य स्तरीय मेरिट सूची में स्थान पाने वाले छात्र शैलेन्द्र धाकड़, कु. पूर्णिमा अड़ावकर एवं राष्ट्रीय ओलंपियाड प्रतियोगिता में चयनित नमन लोधी को भी सम्मानित किया गया।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पूर्व केंद्रीय मंत्री अनिल माधव दवे की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने माँ नर्मदा के अनन्य सेवक एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. अनिल माधव दवे की पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नदी का घर पहुंच कर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्व. अनिल माधव दवे के कार्यों और व्यक्तित्व का स्मरण करते हुए कहा कि स्व. दवे ने अपनी कर्तव्य-परायणता के साथ पूरा जीवन जनसेवा को समर्पित कर दिया। उन्होंने सदैव नदियों, वनों और पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए नए प्रतिमान स्थापित किए। उनका सम्पूर्ण जीवन सामाजिक कार्यकर्ताओं के लिए अथाह ऊर्जा का स्रोत है। स्व. अनिल माधव दवे पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में अपनी नि:स्वार्थ सेवाओं और विशेष रूप से नर्मदा नदी के संरक्षण के लिए प्रसिद्ध थे।

# नरोत्तम मिश्रा के नेतृत्व में निकाली तिरंगा यात्रा



विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** आपरेशन सिंदूर के सफलता पर भारतीय सेना के शौर्य के सम्मान में भारतीय जनता पार्टी द्वारा निकाली जा रही तिरंगा यात्रा रविवार को दतिया में भी पूर्व गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा के नेतृत्व में निकाली गई। पीताम्बरा पीठ से किला चौक तक निकली इस भव्य तिरंगा यात्रा में हज़ारो लोग तिरंगा लेकर शामिल हुए।

# मंत्री शुक्ला मुंगावली में तिरंगा यात्रा में हुए शामिल

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री तथा अशोकनगर जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला भारतीय सेना के पराक्रम एवं ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर मुंगावली में तिरंगा यात्रा में शामिल हुए।**

तिरंगा यात्रा में मुंगावली देशभक्ति की भावना से सराबोर हो गया। भारत माता की जय और वंदे-मातरम् के गगनभेदी नारों से वातावरण गूंज उठा। यात्रा में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी आयु वर्ग के नागरिक उत्साहपूर्वक शामिल हुए। हर धर्म, जाति और वर्ग के लोगों ने देश के प्रति अपनी निष्ठा और वीर जवानों के प्रति सम्मान प्रकट किया। प्रभारी मंत्री श्री शुक्ला ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से थल, वायु और नौसेना ने अद्वितीय साहस और पराक्रम का परिचय देते हुए दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब दिया है। भारतीय सेना ने अल्प समय में ऐतिहासिक सफलता प्राप्त की है। इस अभियान ने दुनिया को भारत की सैन्य क्षमता, एकजुटता और आधुनिक तकनीकी सामर्थ्य का परिचय दिया है। आतंकवाद के मंसूबों को ध्वस्त किया गया है। आज कोई भी शक्ति भारत की प्रगति को रोक नहीं सकती। उन्होंने कहाकि हम सभी इस तिरंगा यात्रा से भारतीय सेना को सम्मान देने के लिए एकत्र हुए हैं। तिरंगा यात्रा में जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह यादव, मुंगावली विधायक श्री बृजेंद्र सिंह यादव, पूर्व सांसद डॉ. केपी यादव सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित रहे।

# एक वर्ष की उपलब्धियाँ... नवाचार से गतिमान हुआ सहकारी आंदोलन

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व और सहकारिता मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग के कुशल मार्गदर्शन में सहकारिता विभाग में नित नये नवाचार किये जा रहे हैं और नवाचार से गति पकड़ता जा रहा है मध्यप्रदेश सहकारी आंदोलन गतिमान हुआ है।**

केन्द्रीय सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने भोपाल के राज्य स्तरीय सहकारी सम्मेलन में बताया कि राज्यों में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों (पैक्स) के कम्प्यूटराइजेशन के कार्य में मध्यप्रदेश देश में प्रथम रहा। उन्होंने शत-प्रतिशत उपलब्धि के लिये प्रदेश की सराहना की।

अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के लिये लगभग हर माह सहकारिता संबंधी आयोजन करने का संकल्प लेकर काम किया जा रहा है। इसमें अधिकारियों-कर्मचारियों के आचरण और व्यवहार की ऑनलाइन ट्रेनिंग करवायी जा रही है। नवाचार और अच्छा कार्य करने वालों को साल के अंत में उत्कृष्ट कर्मी के रूप में सम्मानित भी किया जायेगा। सहकारी आंदोलन को मजबूत करने के लिये मध्यप्रदेश की हर पंचायत पर पैक्स स्थापित किये जायेंगे। सहकारिता के महत्व के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के लिये विभाग के तहत सभी स्तर के विभागीय कार्यालय, सहकारी संस्थाओं में स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता'' अभियान के तहत स्वच्छता दिवस कार्यक्रम मनाया गया। नई दिल्ली के इण्डिया हेबिटेड सेंटर में आयोजित 100वें राष्ट्रीय स्कॉच समिट में मध्यप्रदेश के सहकारिता विभाग के राज्य सहकारी विपणन संघ (मार्कफेड) को उनके फर्टिलाइजर सप्लाई चैन ऑटोमेशन प्रोजेक्ट आईएफएसएस को प्रतिष्ठित स्कॉच अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में को-ऑपरेटिव पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (सीपीपीपी) के तहत सहकारिता क्षेत्र में कुल 2305 करोड़ राशि में 19 एमओयू हुए। यह एक क्रांतिकारी पहल है, जब नये सीपीपीपी मॉडल के तहत इतने एमओयू सहकारिता क्षेत्र में हुए। विभाग की गतिविधियों पर निरन्तर ध्यान दिया जा रहा है। सहकारिता विभाग में 25 कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्ति दी गयी। अब विभाग में अनुकम्पा नियुक्ति का एक भी प्रकरण लंबित नहीं है। इसी प्रकार अपेक्स बैंक एवं जिला सहकारी बैंकों में आईबीपीएस से भर्ती प्रक्रिया की जा रही है।

# जल गंगा संवर्धन जैसे अभियान ही कर सकते हैं जल संकट की वैश्विक चिंता का समाधान

विनय उजाला

**भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में जल गंगा संवर्धन अभियान पर्यावरण और जल संरक्षण, जल संरचनाओं के पुनरुत्थान और सांस्कृतिक चेतना का समवेत संगम बन गया है। मध्यप्रदेश सरकार ने इस अभियान' से जल संकट के समाधान के लिये गंभीर पहल की है। जल संकट देश-प्रदेश ही नहीं पूरी दुनिया की चिंता का विषय है।**





भारत जैसे कृषि प्रधान देश के लिए तो यह जीवन-मृत्यु का विषय है। भविष्य की चिंताओं का समाधान आज के अभियान में जल संवर्धन के प्रयासों में निहित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रारंभ किया गया जल गंगा संवर्धन अभियान एक बहुस्तरीय आयोजन है। इसका उद्देश्य राज्य के जल स्रोतों जैसे नदियों, तालाबों, झीलों, बावड़ियों, पुराने कुओं और जलधाराओं को पुनर्जीवित करना और उन्हें सतत रूप से संरक्षित करना है। यह अभियान सरकारी योजना से आगे बढ़कर अब जन आंदोलन का स्वरूप ले चुका है। अभियान में जल संरक्षण के प्रति नागरिकों और ग्रामवासियों को जागरुक बनाने के लिए अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। अभियान में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता जगाने के लिए दीवार लेखन, जागरूकता रैली, पोस्टर-बैनर, रंगोली, ग्राम सभाएं, कलश यात्राएं, शपथ-ग्हण सहित अनेक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। जिले के गांवों में कुओं की मरम्मत, तालाबों का जीर्णोद्धार, डैम्स की साफ-सफाई सहित अनेक कार्य किए जा रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने ग्राम पंचायत जताखेड़ा के खोखरी गांव में जल संरक्षण के प्रति जन जागरूकता जगाने के लिए शिविर आयोजित किया गया।

जल संसाधन विभाग के कर्मचारियों ने जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत खिरावली तालाब के बंड पर उगे जंगल की सफाई जन सहयोग से की। कर्मचारियों और जन भागीदारी के परिश्रम से इस तालाब को पुनर्जीवन मिला है। अब यह ग्रीष्म ऋतु में भी भरा रहेगा। साथ ही आने वाले मानसून में इस पर्याप्त मात्रा में जल संग्रह होगा और स्थानीय जल स्रोतों में भी भू-जल रिचार्ज रहेगा। 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के अंतर्गत जल स्रोतों के गहरीकरण एवं जीर्णोद्धार जैसे कार्य किए जा रहे हैं। अभियान में हरदा के कालू बाबा परिसर में स्थित प्राचीन बावड़ी में जीर्णोद्धार संचालित किया जा रहा है। इस कार्य का निरीक्षण करते हुए जिले के कलेक्टर मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्माण वर्षा शुरू होने से पहले पूर्ण कराने के निर्देश दिये।

### पुराने जल-स्त्रोतों का पुनरूद्धार पुनीत कार्य- उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा

उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने जल गंगा संवर्धन अभियान में जबलपुर जिले में जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिये संचालित की जा रही गतिविधियों का निरीक्षण किया। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने जनपद पंचायत कुंडेश्वर धाम के गुरैया गांव में बने खेत तालाब, कूप रिचार्ज निर्माण और बघराजी गांव में में लैगून पद्धति से जोगी तालाब के विस्तार एवं सुदृढीकरण के कार्य का निरीक्षण किया। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने बघराजी में जन समुदाय को संबोधित करते हुए जल संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में तत्परता से कार्य करने के लिए प्रशासन की सराहना की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में जल गंगा संवर्धन अभियान प्रदेश भर में ताल, तलैया, कुएं एवं बावड़ी सहित विभिन्न जल स्त्रोतों को संरक्षित करने के साथ ही प्राचीन जलस्त्रोतों को सूचीबद्ध कर उन्हें पुनर्जीवित किये जाने का पुनीत कार्य हो रहा है।

### ताप्ती नदी से निकाली गाद, हटाया कचरा, प्लास्टिक काई

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत बुरहानपुर में नया खेड़ा गांव के ताप्ती घाट छोटे पुल पर स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से आयोजित श्रमदान में नेपानगर विधायक सुश्री मंजू दादू, जनपद अध्यक्ष श्री राकेश सोलंकी, जनप्रतिनिधिगण, जिला पंचायत सीईओ सुश्री लता शरणागत, अपर कलेक्टर श्री वीरसिंह चौहान, एसडीएम श्री वाखला, जनपद सीईओ श्रीमती वंदना कैथल, जिला परियोजना प्रबंधक श्रीमति संतमति खलखो, पंचायत विभाग के समस्त अधिकारी-कर्मचारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका सहित अन्य विभागों के अधिकारीगणों ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। श्रमदान करने वालों ने ताप्ती नदी में उतरकर गाद, नदी पुराने कपड़े और प्लास्टिक कचरे को बाहर निकाला। नदी में जमी हरी काई को भी साफ किया गया।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, विनय मिश्रा द्वारा मृणाल पब्लिकेशंस, 13, प्रेस कॉम्पलेक्स, ए.बी. रोड, इन्दौर से मुद्रित एवं 37/1, महादजी मार्ग, कार्तिक चौक, उज्जैन से प्रकाशित। संपादक श्रीमती शोभना मिश्रा, स्थानीय संपादक - पराग पांचाल*,
फोन- फैक्स नं. 0731-2700552, 0734-4011949, मो. 9425910888, 9424515199, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा) *पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। डॉक पंजीयन क्रमांक एमपी/आईडीसी/1359/2014-16, RNI. Reg. MPHIN/2016/68363.